You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-13 | अंक-05 | गुरुवार, 01 फरवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। गौरतलब हो कि जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने जिलाधिकारी को सात दिन के अंदर व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ के प्रबंध करने का आदेश दिया है।
उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

राजस्थान के अजमेर दरगाह क्षेत्र से दो बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार 11
मुख्यमंत्री से एसएस सन्धू ने की भेंट 12

ज्ञानवापी मामले में जिला अदालत का बड़ा फैसला

# हिन्दू पक्ष को दिया व्यास तहखाने में पूजा का अधिकार

## 31 साल बाद मिली अनुमति

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

वाराणसी। ज्ञानवापी मामले में बुधवार को बड़ा फैसला आया है। वाराणसी जिला अदालत ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यास तहखाने में पूजा करने की इजाजत दे दी है। अब व्यास परिवार तहखाने में पूजा पाठ करेगा। सोमनाथ व्यास का परिवार 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ करता था।

ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यासजी तहखाना में पूजा की मांग को लेकर वर्षों से अदालती लड़ाई चल रही है। ताजा फैसले में बताया गया कि वादी हिंदू पक्ष ने बताया कि मंदिर भवन के दक्षिण दिशा में स्थित तहखाने में मूर्ति की पूजा होती थी। दिसम्बर 1993 के बाद पुजारी व्यासजी को इस प्रांगण के बेरिकेट वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया। इस कारण तहखाने में होने वाले राग-भोग आदि संस्कार भी रुक गये। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि इस बात के पर्याप्त आधार है कि वंशानुगत आधार पर पुजारी व्यासजी ब्रिटिश शासन काल में भी वहां कब्जे में थे। व्यासजी ने दिसम्बर 1993 तक वहां भवन में पूजा अर्चना की है। बाद में तहखाने का दरवाजा हटा दिया गया। हिन्दू धर्म की पूजा से सम्बन्धित सामग्री बहुत सी प्राचीन मूर्तियां और धार्मिक महत्व की अन्य सामग्री उस तहखाने में मौजूद हैं। हिंदू पक्ष ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने बगैर किसी विधिक अधिकार के तहखाने के भीतर पूजा दिसम्बर 1993 से रोक दी। हिंदू पक्ष ने अदालत से अनुरोध किया कि वह रिसीवर को नियुक्त करे जो तहखाने में पुजारी द्वारा पूजा किया जाना नियंत्रित करे और उसका प्रबंध करे। न्यायालय में 17 जनवरी 2024 को पारित एक आदेश में रिसीवर की नियुक्ति तो कर दी लेकिन तहखाने में पूजा-अर्चना के संबंध में कोई आदेश पारित ● शेष पेज 11 पर



- प्रशासन को व्यवस्था के लिए मिला सात दिन का समय
- साल 1993 से पहले होती थी पूजा

### ज्ञानवापी मस्जिद लिखे बोर्ड को हटाकर ज्ञानवापी मंदिर लिखने की मांग

वाराणसी। गोदौलिया-चौक मार्ग पर उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से लगाए गए ज्ञानवापी मस्जिद लिखे बोर्ड को हटाने के लिए बुधवार को राष्ट्रीय हिंदू दल ने पर्यटन निदेशालय एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। पत्र में हिन्दू दल ने कहा है कि काशी में भारी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आ रहे हैं। चौक मार्ग पर मस्जिद लिखे बोर्ड से भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। ज्ञानवापी के एएसआई सर्वे रिपोर्ट में ज्ञानवापी के मंदिर होने के पक्ष में साक्ष्य मिलने का दावा किया जा रहा है। हिन्दू दल के रोशन पांडेय ने सरकार से मांग किया है कि इस बोर्ड को ● शेष पेज 11 पर

### ज्ञानवापी के वुजूखाना का भी साइंटिफिक सर्वे की याचिका मंजूर, मुस्लिम पक्ष को हाईकोर्ट की नोटिस

इलाहाबाद। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वाराणसी के ज्ञानवापी में विवादित परिसर स्थित वुजूखाना का भी सर्वे कराने की मांग में दाखिल पुनरीक्षण याचिका को विचारणीय मानते हुए अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी सहित अन्य विपक्षियों को नोटिस जारी करते हुए सभी से जवाब दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने वुजूखाना का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वे कराने की मांग को विचारणीय माना है। यह आदेश न्यायमूर्ति ● शेष पेज 11 पर

# बजट सत्र का लाभ उठाकर सकारात्मक फुटप्रिंट छोड़ें सांसद : प्रधानमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को परंपरागत तौर पर संसद के सत्र के प्रारंभ के पूर्व दिए जाने वाले अपने वक्तव्य में सभी सांसदों से बजट सत्र के इस अवसर का लाभ उठाकर सकारात्मक फुटप्रिंट छोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह समय पश्चाताप का है। संसद भवन प्रांगण में पत्रकारों से बातचीत में बजट सत्र शुरू होने से पूर्व प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, जिन लोगों को हंगामा करने और संवैधानिक मूल्यों को गिराने की आदत है, उन सभी सांसदों को इस आखिरी सत्र में आत्मचिंतन करना चाहिए।ङ्क



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का मार्गदर्शन और कल निर्मला सीतारमण द्वारा अंतरिम बजट पेश करना महिला सशक्तिकरण के उत्सव की तरह है। उन्होंने कहा कि इससे पहले संसद भवन ने ''नारीशक्ति ● शेष पेज 11 पर

### वित्त मंत्री सीतारमण गुरुवार को संसद में 11 बजे पेश करेंगी अंतरिम बजट

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम केंद्रीय बजट संसद में पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी और सीतारमण का छठा बजट होगा। आम चुनाव से पहले पेश होने वाले इस बजट को लेकर लोगों को काफी उम्मीदें हैं। इस बार के अंतरिम बजट में कई बड़े ऐलान होने के कयास हैं। वित्त मंत्री ने हाल ही में लोकसभा चुनाव से पेश होने वाले इस ● शेष पेज 11 पर

# सभापति ने राज्यसभा के 11 सदस्यों का निलंबन किया रद्द

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । संसद के बजट सत्र शुरू होने के साथ ही सदन में 11 सदस्यों के निलंबन को लेकर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट बुधवार को पेश की गयी जिनमें इनको दोषी बताया गया है। लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए इसके निलंबन को रद्द कर दिया। सदन की कार्यवाही शुरू होने पर विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट पेश की गयी जिसमें इन सदस्यों को विशेषाधिकार के हनन और सदन की अवमानना का दोषी बताया गया है। सभापति ने समिति की सिफारिश के बाद नियम 202 और 266 के तहत अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सभी 11 सदस्यों का निलंबन रद्द कर दिया और उन्हें सदन की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति दे दी। सभापति ने कहा यह निर्णय इस बात को ध्यान में रखकर लिया गया है कि ये सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण ● शेष पेज 11 पर



### उत्तर प्रदेश में बारिश की संभावना

कानपुर । पहाड़ों पर पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता से उत्तर प्रदेश के मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग का कहना है कि दो पश्चिमी विक्षोभ आ रहे हैं। पहले की वजह से एक फरवरी को बारिश के आसार हैं तो वहीं दूसरे के चलते चार और पांच फरवरी को बारिश होगी। इसके साथ ही पछुआ हवाएं चलेंगी। इससे दिन और रात के तापमान गिरेंगे और सर्दी बनी रहेगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस. एन. सुनील पाण्डेय ने बुधवार को बताया कि अगले 4-5 दिनों के दौरान दो पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय की ओर बढ़ेंगे। एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभ मंडलीय पश्चिमी हवाओं में समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर देशांतर 64 पूर्व और 30 ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा

रांची । झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बुधवार रात इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। अब चंपई सोरेन सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। इसको लेकर सत्ता पक्ष के विधायक राजभवन के बाहर डटे हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन ने चंपई सोरेन को अपना नेता चुना है और वही अगले मुख्यमंत्री होंगे।

### राहुल गांधी पर हमले का ड्रामा कर रही है कांग्रेस: ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को राहुल गांधी की गाड़ी पर हमले को ड्रामा करार दिया है। मुर्शिदाबाद में एक जनवितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की गाड़ी पर उनके राज्य में नहीं, बल्कि बिहार में हमला किया गया। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए कहा कि जब उनकी गाड़ी ने राज्य (बंगाल) में प्रवेश किया तब उसका पिछला शीशा पहले से टूटा हुआ था। बनर्जी ने कहा, ''मुझे संदेश मिला कि राहुल गांधी की कार पर पथराव किया गया। मैंने पता किया कि दरअसल क्या हुआ, तब मैंने पाया कि यह घटना बंगाल में नहीं बल्कि कटिहार में हुई। जब यह कार बंगाल आयी तब उसका शीशा पहले से टूटा हुआ था। मैं इस घटना की निंदा करती हूं।

### स्वाति मालीवाल को दो बार लेनी पड़ी शपथ

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी की नेता एवं राज्यसभा की नव निर्वाचित सदस्य स्वाति मालीवाल को आज सदन में दो बार शपथ लेनी पड़ी। उन्हें सभापति की ओर से पहली बार शपथ लेने पर वापस अपनी सीट पर जाने के लिए कहा गया और बाद में उन्हें दोबारा शपथ लेने के लिए कहा गया। सूत्रों के मुताबिक शपथ को दो बार लेने के पीछे दो कारण थे। पहली बार स्वाति ने राज्यसभा में नामित सदस्य से जुड़ी शपथ ली थी और दूसरा शपथ के अंत में उन्होंने नारा लगाया था। उल्लेखनीय है कि सदन में एक तय शब्दावली के तहत सदस्य चुने या नामित किए जाने पर शपथ लेते हैं। स्वाति ने अपनी शपथ के अंत में नारा लगाया था। उनके नारा लगाने पर सदन के नेता पीयूष गोयल ने आपत्ति भी दर्ज कराई थी। स्वाति से पहले राज्यसभा में नामित सदस्य सतनाम सिंह संधू और आप के अन्य निर्वाचित सदस्य नारायण दास गुप्ता ने शपथ ली थी।

# छत्तीसगढ़ में पूर्व मंत्री अमरजीत भगत समेत कई कारोबारियों के यहां आयकर विभाग का छापा

एजेंसी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व खाद्यमंत्री और कांग्रेस नेता अमरजीत भगत के अंबिकापुर स्थित आवास पर आयकर विभाग की टीम ने बुधवार सुबह दबिश दी। मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ की आयकर विभाग की टीम के अधिकारियों ने भगत के अंबिकापुर स्थित आवास सहित रायपुर और भिलाई के बड़े बिल्डर और कारोबारियों के अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारा। भगत का नाम कोयला घोटाले के आरोपितों में शामिल है। विभाग की कार्रवाई से प्रदेश में हड़कंप मच गया है। अंबिकापुर स्थित केना बांध इलाके में स्थित और रायपुर विधायक कालोनी स्थित पूर्वमंत्री भगत के घर पर अधिकारी लोगों से पूछताछ कर रहे हैं। भगत के 10 से ज्यादा कारोबारी ठिकानों पर दबिश दी गई है। यह कार्रवाई अंबिकापुर, रायपुर, दुर्ग और भिलाई समेत कई स्थानों पर चल रही है। राजधानी रायपुर के राजीव नगर में चंद्रभान शेरवानी के घर, लॉ विस्टा में कारोबारी अमर होरा के घर , कारोबारी राजू अरोरा, कैलाश बजाज तथा टीटू छाबड़ा के घर पर भी दबिश दी गई है। इसके अलावा दुर्ग के बिल्डर अजय चौहान के घर और ऑफिस में में भी छापा मारा गया है । दुर्ग की हनुमंत राइस इंड्रस्ट्रीज , एसके केजरीवाल के घर , भिलाई और तेलीबांधा स्थित संदीप जैन के घर , मारुति सुजुकी एरिना के मालिक संदीप जैन समेत दुर्ग में राइस मिलर विनीत गुप्ता के ठिकानों पर भी छापा मारा गया है। बताया गया है कि आयकर विभाग ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के करीबी व उनके बेटे चैतन्य बघेल के रियल एस्टेट के बिजनेस में पार्टनर पप्पू बंसल के ठिकानों पर भी छापा मारा गया है। टीम पप्पू बंसल के खुर्सीपार भिलाई स्थित निवास पर दस्तावेजों की जांच कर रही है। टीम ने भिलाई के ● शेष पेज 11 पर

### लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित तीन सदस्यों ने शपथ ग्रहण की

नई दिल्ली। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को थोड़े समय की कार्यवाही के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में अभिभाषण दिया। राज्यसभा में आज तीन नए सांसदों सतनाम सिंह संधू, नारायण दास गुप्ता और स्वाति मालीवाल ने सदस्यता की शपथ ली। सभापति ने 11 सदस्यों का निलंबन रद्द किए जाने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि विशेषाधिकार समिति ने उन्हें विशेषाधिकार के उल्लंघन और राज्यों की परिषद की अवमानना का दोषी पाया और सिफारिश की कि उनकी निलंबन अवधि को पर्याप्त सजा के रूप में माना जाए। उपराष्ट्रपति और सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद सदस्यों सदानंद शेट तनावड़े और साकेत गोखले को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा में पूर्व सांसद हरि शंकर भाभड़ा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपराष्ट्रपति ने अपने शोक संदेश में कहा कि भाभड़ा को सार्वजनिक जीवन में उच्च मानकों का उदाहरण देने और उनके द्वारा संभाले गए ● शेष पेज 11 पर

# आईपीएस प्रशांत कुमार उप्र के कार्यवाहक डीजीपी नियुक्त

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। राज्य सरकार ने स्पेशल डीजी (कानून एवं व्यवस्था) प्रशांत कुमार को कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक के पद पर नियुक्ति किया है। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार बुधवार को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनकी जगह पर प्रशांत कुमार को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी है। उनका कार्यकाल मई 2025 तक है। उन्हें खासतौर पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए जाना जाता है। इसी कारण योगी सरकार में उन्हें बेहद महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनको 26 जनवरी को चौथी बार गैलेंट्री मेडल से सम्मानित किया गया था।

बिहार के सिवान जिले के रहने वाले प्रशांत कुमार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। पुलिस सेवा के दौरान उन्होंने 300 से ज्यादा दुर्दांत अपराधियों को एनकाउंटर में ढेर किया है। इसके अलावा प्रशांत कुमार ने 4 साल तक तमिलनाडु कैडर में पुलिस सेवा की। इसके बाद 1994 में प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश आईपीएस कैडर में आ गए। वीरता के लिए प्रशांत ● शेष पेज 11 पर



### उप्र में चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने पर पूर्व आईपीएस ने गृह मंत्रालय को लिखा पत्र

लखनऊ । आईपीएस प्रशांत कुमार के रूप में उत्तर प्रदेश को एक बार फिर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक मिला है। इसको लेकर पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने गृह मंत्रालय दिल्ली को पत्र लिखकर 15 दिनों में नियमित डीजीपी बनाए जाने की मांग की है। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने अपने पत्र में लिखा है कि, 11 मई 2022 को तत्कालीन डीजीपी मुकेश गोयल को राज्य सरकार ने अचानक हटा दिया। इसके बाद सरकार ने कारण बताए जाने की ● शेष पेज 11 पर

मुख्यमंत्री योगी ने किसान मेले का किया उद्घाटन

# नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप खेती करने से किसानों की आय हुई दोगुनी: योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप खेती करने के कारण किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उनकी आय दो गुनी हुई है। आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों का किसान भी मोदी के विजन के अनुरूप परंपरागत खेती के अलावा कृषि विविधिकरण अपना रहा है। योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। यह अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन का एक बड़ा माध्यम बना है। मुख्यमंत्री ने पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केंद्रीय औषधि एवं सगंध पौधा संस्थान (सीमैप) के तत्वावधान में आयोजित ● शेष पेज 11 पर



### उपलब्धि

- उत्तर प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वरा है। साथ ही यहां प्रचुर मात्रा में जल की उपलब्धता है। देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है।

## पीसीएस अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बुधवार को यहां उनके सरकारी आवास पर प्रांतीय सिविल सेवा (कार्यकारी शाखा) के वर्ष 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पीसीएस अधिकारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। कानून-व्यवस्था और विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में इन अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि प्रशासनिक अधिकारी तमाम विषयों और मुद्दों से भली-भांति परिचित हों। उन्हें अपने दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन ● शेष पेज 11 पर

- प्रांतीय सिविल सेवा के 2021 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात
- सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ जनता तक पहुंचे, इसके लिए जरूरी है कि प्रशासनिक अधिकारी तमाम विषयों और मुद्दों से भली-भांति परिचित हों

# राममंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है: मुर्मू

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को नए संसद भवन में दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में राममंदिर निर्माण की सदियों पुरानी आकांक्षा अब सच हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कोई भी राष्ट्र तेज गति से तभी आगे बढ़ सकता है, जब वह पुरानी चुनौतियों को परास्त करते हुए अपनी ज्यादा से ज्यादा ऊर्जा भविष्य-निर्माण में लगाए। राष्ट्रपति ने बजट सत्र से पहले दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि नए संसद भवन का निर्माण 'अमृत काल' की शुरुआत के दौरान किया गया है और इसमें 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का सार है। नए संसद भवन में नीतियों पर सार्थक संवाद की उम्मीद जताते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ï मेरी सरकार, 140 करोड़ देशवासियों के सपनों को पूरा करने की गारंटी के साथ आगे बढ़ रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि यह नया संसद भवन भारत की ध्येय-यात्रा को निरंतर ऊर्जा देता रहेगा, नई और स्वस्थ परंपराएं बनाएगा। वर्ष 2047 को देखने के लिए अनेक साथी तब इस सदन में नहीं होंगे। लेकिन हमारी विरासत ऐसी होनी चाहिए कि तब की पीढ़ी हमें याद करे। राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने, तीन तलाक के विरुद्ध कड़ा कानून, पड़ोसी देशों से आए पीड़ित अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने वाला सीएए कानून बनाने और पूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन को लागू करने का उल्लेख ● शेष पेज 11 पर



- राष्ट्रपति ने बजट सत्र से पहले दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि नए संसद भवन का निर्माण 'अमृत काल' की शुरुआत के दौरान किया गया है

# ग्रामीण एवं शहरी परिवेश को एकसूत्र में पिरोएगा मायण महोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**चार फरवरी को अंतरराष्ट्रीय कैंसर दिवस पर मायण महोत्सव का होगा शानदार आगाज**

**'कैंसर योद्धाओं' को समर्पित मायण महोत्सव का साक्षी बनेगा कमला कुटीर इटौंजा**

लखनऊ। मायण महोत्सव... लखनऊ हम पर फिदा है, हम फिदा-ए-लखनऊ, आसमां में वो ताब कहां, जो हमसे छुड़ाए लखनऊ। लखनऊ के ग्रामीण अंचल में शहर और गांव के परिवेश को एक पटल पर लाने के उद्देश्य से चार फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर मायण महोत्सव का शानदार आगाज होगा और कमला कुटीर इटौंजा 'कैंसर योद्धाओं' को समर्पित मायण महोत्सव का साक्षी बनेगा, जो कश्मीर और लखनऊ के समन्विष्ट स्वरूप को परिकल्पित करेगा।

अनूठा समारोह मायण महोत्सव का मुख्य आयोजन कश्मीरी युवाओं को समर्पित है। आतंकवाद से जूझ रहे कश्मीर के युवकों में से ये कुछ ऐसे युवक हैं जिन्होंने संगीत की राह चुनकर देश से जन-जुड़ाव के नए मार्ग प्रशस्त किए। इसमें प्रमुख हैं अशरफ, तनवीर, रमीज और रफीक। कश्मीर व सूफी संगीत के माध्यम से ये लखनऊ से जुड़ेंगे। पद्म विभूषण पं. बिरजू महाराज की शिष्या नीलिमा बेरी की ईश-वंदना नृत्य से सुबह 11 बजे कार्यक्रम प्रारंभ होगा। नीलिमा अमेरिका की नागरिक हैं और दिल्ली में बिरजू महाराज के यादगार संस्थान कलाश्रम से जुड़ी हैं। इससे पहले सुबह नौ से 10 बजे तक संदीप के नेतृत्व में डिजी-स्वास्थ्य संगठन कमला कुटीर के निकट के गावों में कैंसर के प्रति चेतना-जागृति मार्च करेगा और इस बात पर जोर देगा कि जल्द से जल्द डिटेक्शन से कैंसर पर काबू पाया जा सकता है। यह संगठन टेली-मेडिसिन व्यवस्था के माध्यम से विभिन्न विशेषज्ञों से ग्रामीणों को परामर्श दिलाता है और फिर इलाज भी कराता है।

प्रसिद्ध गजल गायिका अंदाज-ए-लखनऊ को रखेंगी कायम कश्मीरी युवक 'जिस्म में सदा महके इस कदर हैं हम बगलगीर, किसी में इतना दम कहां जो हमसे छुड़ा दे कश्मीर' जैसे गीत-संगीत से देशभक्ति का अलख जगाएंगे और देश-दुनिया को एकता-एकात्मता का संदेश देंगे। इसी क्रम में ग्रामीण अंचल के स्थानीय गायक कव्वाली प्रस्तुत करेंगे। इसमें रामजी की टीम प्रमुख होगी। वहीं डिजी स्वास्थ्य के कैंसर विजेता बच्चे 'कैंसर हारेगा' आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेंगे। अंदाज-ए-लखनऊ को कायम रखते हुए कश्मीर प्रस्तुतियों की जवाबदारी में लखनऊ की प्रसिद्ध गजल गायिका डॉ. प्रभा श्रीवास्तव अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का समापन ग्रामीण बालकों के खेल कबड्डी व रस्साकसी स्पर्धाओं से होगा।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पड़रौना, कुशीनगर। किसान इंटरमीडिएट कॉलेज पिपरा बाजार कुशीनगर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर कार्यक्रम के अंतर्गत समापन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सरस्वती वंदना स्वागत गीत के साथ हुआ तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोक भारती न्यूज के ब्यूरो प्रमुख मो० नईम अंसारी को उत्तरी प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में स्वयंसेवियों द्वारा विभिन्न आकर्षक रंगोली बनाई गई तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया।उद्बोधन के क्रम में जीव विज्ञान शिक्षक कृष्ण कुमार मिश्र ने बताया कि विगत छः दिनों से चल रहे इस कार्यक्रम का निष्कर्ष का दिन आज है और सभी को अपने अंदर सेवा भाव को जागृत करना होगा।भूगोल प्रवक्ता सतीश कुमार कुशवाहा ने भी अपने संबोधन में बच्चों के गतिविधियों की प्रशंसा किया।हिंदी शिक्षक डा विष्णु प्रताप चौबे ने कहा कि ऐसा मंच है जिसके द्वारा राष्ट्र को मजबूत बनाने की प्रेरणा मिलती है।साथ ही हिंदी प्रवक्ता और कार्यक्रम समन्वयक सुनील कुमार पांडेय ने अपने कविताओं और गीतों के माध्यम से सभी स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक नितिन कंबोज, शिवेंद्र कुमार चौबे एवं लिपिक योगेंद्र यादव,तरुण भारत के पत्रकार हरि राय उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन अंग्रेजी शिक्षक धनंजय कुमार ने किया।

## एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहां पुलिस ने न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से फरार चल रहे अभियुक्त को गिफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया 2018 में दर्ज 60आबकारी अधिनियम के मुकदमें में न्यायालय से एनबीडब्ल्यू वारंट जारी होने के बाद से अभियुक्त सत्यप्रकाश निवासी रामपुर गढी जमुनी थाना निगोहां फरार चल रहा था.बुद्ववार को उपनिरीक्षक राजेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ अभियुक्त के घर दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## आज से शुरू होगी प्रैक्टिकल परीक्षा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2023-24 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एक परास्नातक के छात्र छात्राओं की प्रयोगात्मक और प्रोजेक्ट परीक्षा एक फरवरी से 15 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा कराने के लिए परीक्षकों की ड्यूटी की सूची संबंधित संस्थानों और परीक्षकों के ईआरपी लॉगइन पर अपलोड की जा चुकी है। साथ ही ऐसे छात्र छात्राओं के रेगुलर एवं कैरीओवर विषयों के आंतरिक अंकों को अपलोड करने के लिए एक फरवरी से 15 फरवरी तक ईआरपी लॉगइन को खोल दिया गया है।

## चेस प्रतियोगिता में एकेटीयू की टीम भी लेगी हिस्सा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी में 6 से 8 फरवरी के बीच आयोजित अखिल भारतीय नॉर्थ जोन चेस पुरूष प्रतियोगिता डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की चेस टीम भी हिस्सा लेने जाएगी। टीम का चयन डॉ अब्दुल कलाम स्पोर्ट्स फ़ेस्ट में भाग लेने वाली चेस टीम का चयन सेलेक्शन कमेटी ने किया गया था। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो ओपी सिंह ने टीम में शामिल छात्रों के संस्थानों को पत्र जारी कर सूचना दी है।

## पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज में हुआ फ़ेयरवेल पार्टी का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं के लिए फ़ेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय की हेड गर्ल शांभवी शुक्ला ने विद्यालय की प्रधानाचार्य शर्मिला सिंह तथा अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के प्रति उनके मार्गदर्शन तथा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। विद्यालय के प्रबंधक ब्रजेंद्र सिंह ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व और प्रतिभा को दिखाने के सुझाव दिए तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में छात्रों की प्रतिभा और कुशलता के आधार पर उन्हें विभिन्न श्रेणियां के अंतर्गत चुना गया तथा उन्हें पुरस्कार भी दिए गए एवं विभिन्न खिताब भी दिए गए। मिस ब्यूटीफुल हेयर स्वेजल यादव, ब्यूटी विद ब्रेन साक्षी सिंह, बेस्ट ओरेटर स्नेहा गुप्ता, मोस्ट कॉन्फिडेंट अनूप कुमार, वेल ड्रेस कृष्ण मोहन पांडे, मिस पायनियर तथा मिस्टर पायनियर के लिए क्रमशः शांभवी शुक्ला तथा आर्य त्रिपाठी का चयन किया गया।

## बुजुर्ग किसान को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर,मौत

मोहनलालगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के बाबूखेड़ा गांव के पास बुद्ववार को दवा लेकर पैदल घर जा रहे बुजुर्ग किसान की तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मौत हो गयी।दुर्घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रक व चालक को पुलिस ने पीछाकर पकड़ा।परिजनो के मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।मोहनलालगंज के भागूखेडा गांव निवासी बुजुर्ग किसान बुद्धीलाल (65वर्ष)बुद्ववार की शाम दवा लेकर पैदल ही वापस अपने घर लौट रहा था।तभी पीछे से तेज रफ्तार में आये ट्रक ने बुजुर्ग किसान को जोरदार टक्कर मार दी।दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल किसान को पुलिस एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लेकर गयी जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वही दुर्घटना कर मौके से भागे ट्रक का पीछा कर पुलिस ने मरूई बाजार में पकड़ा।मृतक किसान के परिवार में पत्नी विद्यावती व चार बेटे है।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतक बुजुर्ग किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। परिजनो के तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## अंबेडकर वाहिनी प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में पीडीए सम्मेलन आयोजित

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । मंगलवार को मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत मोहनलालगंज मऊ के कोहिनूर लान में पीडीए सम्मेलन समाजवादी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के जिला अध्यक्ष राजकिशोर रावत राजू द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से पहुंचे समाजवादी पार्टी बाबा साहब आंबेडकर वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष संतोष कुमार जाटव का जिला अध्यक्ष राजकिशोर द्वारा माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया गया मुख्य अतिथि ने सम्मेलन में मौजूद पीडीए के लोगों से संविधान बचाने के लिए एकजुट होने का आवाहन किया व पिछड़ों दलितों पर हो रहे अत्याचार को समाप्त करने के लिए आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को भारी मतों जिताने के लिए वोट देने की अपील की और कहा समाजवादी पार्टी ही भाजपा को सत्ता से हटाने का काम कर सकती है। जब समाजवादी पार्टी मजबूत होगी तो पी डी ए गठबंधन भी मजबूत होगा सम्मेलन के दौरान, सपा जिला उपाध्यक्ष नवनीत सिंह पूर्व प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह बूथ अध्यक्ष विपिन कुमार यादव सहित एवं सभी बूथ प्रभारीगण व भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## वृन्दावन में हवन यज्ञ व भंडारे के साथ हुआ श्रीमद भागवत कथा का समापन

मोहनलालगंज लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । लखनऊ के वृन्दावन योजना में अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित सप्त दिवशीय श्रीमद् भागवत कथा का हवन यज्ञ, एवं विशाल भण्डारे के साथ बुधवार को समापन हो गया । कथा वाचक ने कहा-भागवत कथा मनुष्य की सभी इच्छाओं को पूरा करती है। अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोसिएशन के द्वारा वृन्दावन योजना सेक्टर 5ई तुलसा देवी पार्क में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का बुधवार को समापन किया। वहीं कथा के समापन पर वृन्दावन धाम से पधारे कथा वाचक प.रामशरण शास्त्री ने श्रीकृष्ण लीला की महिमा सुनाया।लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने की अपील किया। कथा समापन के बाद बुधवार को विधि विधान से हवन और यज्ञ में श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। दोपहार बाद समस्त कालोनी वासियों ने शारीरीक मांसिक,आर्थिक सहयोग प्रदानकर विशाल भण्डारे का आयोजन किया जो देर रात प्रभु हरि ईच्छा तक चलता रहा। जिसमें हजारों की संख्या में शहर एवं कालोनी के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# पीडीए पखवाड़ा : सपा एससी प्रकोष्ठ ने आयोजित की जन संवाद पंचायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर चौधरी की अध्यक्षता में समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के नवनियुक्त समस्त जिला अध्यक्ष व महानगर अध्यक्षों एवं नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत जन संवाद पंचायत समाजवादी पार्टी महानगर कार्यालय पर आयोजित की गयी। इस मौके पर चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव देश के लिए महत्वपूर्ण साबित होंगे, क्योंकि ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को समाजवादी पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए पूरी ताकत के साथ जुट जाना है। समाजवादी पार्टी पीडीए को एकजुट करके भाजपा के एनडीए गठबंधन को हरायेगी। समाजवादी पार्टी का पीडीए में दलित समाज सबसे महत्वपूर्ण है, अनुसूचित मोर्चा के अंतर्गत दलित समाज का समाजवादी पार्टी के प्रति बड़ा रुझान है और आपकी जिम्मेदारी भी बड़ी है। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के अत्याचार के खिलाफ संविधान बचाने की लड़ाई में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ही एक नेता हैं जो दलित वर्ग का सम्मान बचा सकते हैं उसका संविधान बचा सकते हैं उसके हक और अधिकार बचा सकते हैं इसलिए आप एकजुट रहे और बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा दिए गए संविधान को बचाने की लड़ाई में समाजवादी पार्टी के साथ खड़े हो।

चंद्रशेखर ने कहा कि सामाजिक न्याय के लिए आरक्षण आवश्यक है। भाजपा आरक्षण को साजिशन खत्म करना चाहती है। वह संविधान को भी बदलना चाहती है। 2024 के बाद लोकतंत्र पर खतरा है। भाजपा जनता को धोखा दे रही है। हालात अच्छे नहीं है। किसान, नौजवान, महिलाएं सभी परेशान है। महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, अत्याचार चरम पर है। चंद्रशेखर चौधरी के नेतृत्व में समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र का वितरण भी किया गया और अपने, अपने जिलों में दलित वर्ग को जोड़ने के सुझाव दिए गए।

# एलडीए में 62 आवंटियों ने करायी रजिस्ट्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। बुधवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों की रजिस्ट्री के लिए लगाये गये विशेष निबंधन शिविर में 62 आवंटियों ने पहुंच कर अपनी रजिस्ट्री करवाई। वहीं 80 सम्पत्तियों के निबंधन के लिए पत्रावली अनुमोदित की गयी। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा विभिन्न आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। इनमें काफी संख्या में सम्पत्तियों की रजिस्ट्री अभी तक नहीं हो पायी है। इसे ध्यान में रखते हुए आवंटियों की सहूलियत के लिए 30 जनवरी से 31 जनवरी तक प्राधिकरण भवन के बारादरी लॉन में विशेष निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। कैम्प में प्राधिकरण के गणना, लेखा नियोजन व सम्पत्ति अनुभाग के समस्त सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ निबंधन विभाग की टीम भी उपस्थित रही। इससे सम्पत्तियों के निबंधन सम्बंधी दस्तावेज तैयार करने तथा उनके पंजीयन की कार्यवाही एक ही जगह सम्पादित की गयी। शिविर में कुल 62 आवंटियों की रजिस्ट्री की गयी। जिसमें विभिन्न अपार्टमेंट्स के फ्लैट, प्रधानमंत्री आवास, गोमती नगर, जानकीपुरम, प्रियद्र्शिनी तथा कानपुर रोड समेत अन्य योजनाओं की सम्पत्तियां शामिल हैं।

# व्यास जी के तहखाने में पूजा पाठ का अधिकार मिलने पर उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य गदगद

एजेंसी



वाराणसी। ज्ञानवापी में व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ की इजाजत मिल गई है। बुधवार को जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में सात दिन के अंदर पूजा-पाठ के प्रबंध करने का आदेश वाराणसी जिलाधिकारी को दिया है। न्यायालय के फैसले पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी खुशी जताई है। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने सोशल मीडिया अकांउट एक्स पर लिखा है शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। गौरतलब हो कि जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने जिलाधिकारी को सात दिन के अंदर व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ के प्रबंध करने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि वादी और काशी विश्वनाथ ट्रस्ट बोर्ड की ओर से रखे गये पुजारी यहां पूजा करेंगे। पूजा के लिए लोहे के बाड़ हटाकर रास्ता देने के लिए भी डीएम को आदेश किया गया है। पिछले ही हफ्ते अदालत के आदेश पर व्यास जी के तहखाने की चाबी डीएम ने अपने कब्जे में ली थी। हिन्दू पक्ष के वकील आज के फैसले को राममंदिर का ताला खुलवाने जैसा मान रहे हैं। खास बात यह है कि इस तहखाने पर 1993 से पहले पूजा पाठ होती थी। अयोध्या में विवादित ढांचा ढहने के बाद तत्कालीन प्रदेश की सपा सरकार ने ज्ञानवापी के चारों तरफ प्रशासन को निर्देश देकर लोहे की बैरिकेडिंग करवाई थी।

# प्रदेश में निर्माणाधीन सेतुओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कमी नहीं होनी चाहिए : जितिन प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रदेश में निर्माणाधीन सेतुओं की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कमी नहीं होनी चाहिए। पुलों का निर्माण शुरू होने से लेकर पूरा होने तक प्रत्येक चरणों में क्वालिटी टेस्ट सुनिश्चित किया जाये। ख्याति प्राप्त शैक्षणिक संस्थाओं से सेतुओं का थर्ड पार्टी आडिट भी कराया जाये और क्वालिटी चेक के लिए मानक भी तय किये जायें। प्रत्येक जिले एवं मण्डल स्तर पर टेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने गुणवत्ता की जांच हेतु एसओपी बनाने और सभी यूनिटों की रैडम चेकिंग कराने के भी निर्देश अधिकरियों को दिये। प्रसाद ने यह निर्देश उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लिमिटेड में निर्माणाधीन सेतु परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि आगरा अंचल में 30, अयोध्या अंचल में 35, आजमगढ़ अंचल में 10, बरेली अंचल में 26, गाजियाबाद अंचल में 53, गोरखपुर अंचल में 18, कानपुर अंचल में 32, लखनऊ अंचल में 28, प्रयागराज अंचल में 33 तथा वाराणसी अंचल में 52 कुल 292 सेतु परियोजनाएं निर्माणाधीन है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन सभी सेतुओं को तयसमय सीमा के अन्दर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा किया जाये। परियोजना में विलम्ब होने पर रिवाईज स्टीमेट भेजने वाले अभियंताओं की जवाबदेही तय की जायेगी और उचित कारण न होने उनके विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई होगी। साथ ही सेतुओं के निर्माण में विलम्ब कार्य कराने वाले कंाट्रेक्टर को डिबार भी किया जायेगा। लोक निर्माण मंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 90 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण के पश्चात ही नई परियोजना को शुरू किया जाये। क्योंकि परियोजना शुरू होने के बाद भूमि अधिग्रहण में विलम्ब होने से सेतुओं की कास्ट अनावश्यक रूप से बढ़ जाती है और सरकार को आर्थिक छति भी होती है।

आगे से ऐसी स्थित बिलकुल नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता एवं पारदर्शिता की दृष्टि से सेतुओं के निर्माण हेतु टेण्डर में प्रहरी की तरह प्रक्रिया अपनाई जाये। टेण्डर के लिए सेतु निगम के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में कमेटी बनाई जाये और इसमें चीफ इंजीनियर सेतु को भी सदस्य की रूप में नामित किया जाये। उन्होंने कहा कि विभाग में जितनी जांचे लम्बित हैं, उसका तत्काल निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। अंडर कॉस्ट्रक्शन ब्रिजों में रूट का डाइवर्जन सुव्यवस्थित ढंग से होना चाहिए, ताकि आमनागरिकों को आवागमन में कठिनाई न हो।

## बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 18.8 फीसदी बढ़ा

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बैंक आफ बड़ौदा ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। बताया कि परिणामों के मुताबिक 31 दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध मुनाफा 18.8 फीसदी बढ़कर 4579 करोड़ रुपये हो गया है जो कि बीते साल इसी अवधि में 3853 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 24 के पहले 9 महीनों में बैंक आफ बड़ौदा का शुद्ध लाभ 38.2 फीसदी बढ़कर 12902 करोड़ रुपये हो गया है। नतीजों का एलान करते हुए बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी देबदत्त चांद ने बताया कि तीसरी तिमाही में वैश्विक व्यवसाय 10.7 फीसदी बढ़कर 2294627 करोड़ रुपये हो गया है सालाना आधार पर ईक्विटी पर रिटर्न वित्त वर्ष 24 के 9 महीनों में 18.70 फीसदी अधिक रहा है। बैंक आफ बड़ौदा का सकल एनपीए अनुपात वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 3.08 फीसदी रहा जोकि पिछले साल इसी अवधि में 4.53 फीसदी था।

# ईओ अमित सिंह के खिलाफ बोर्ड ने पारित किया था निंदा प्रस्ताव

**पूर्व की घटनाओं को लेकर ईओ अमित सिंह पर हुई होती कार्रवाई तो नही होती शनिवार को मारपीट की घटना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कुशीनगर । चेयरमैन व कर्मचारियों के साथ मारपीट कर अपनी गुण्डई का खुला प्रर्दशन करने वाले ईओ अमित सिंह की मनबढई को लेकर पिछले माह बोर्ड की बैठक में निंदा प्रस्ताव भी पारित किया गया था। इसके बावजूद ईओ ने अपने कार्यशैली मे कोई सुधार नही लाया। बताया जाता है कि दिसंबर माह मे नगर पंचायत बोर्ड की आयोजित बैठक मे सभी सभासदों ने ध्वनिमत से ईओ के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव पारित कर प्रमुख सचिव नगर विकास को उसकी कापी भी भेजी थी। ऐसी चर्चा है कि बोर्ड की इस कार्रवाई से भी ईओ अमित सिंह न सिर्फ खासे बिदगे हुए थे बल्कि चेयरमैन, सभासद व अपने मातहतों से अन्दर ही अन्दर खफा चल रहे थे। गौरतलब कि ईओ की मनबढ रवैया व कार्यालय मे शराब पीकर कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने के मामले को लेकर 19 दिसंबर को नगर पंचायत अध्यक्ष जेपी गुप्ता की अध्यक्षता मे बोर्ड की बैठक आयोजित की गई थी जिसमे सदस्यों ने ईओ अमित सिंह के कुल सात माह के कार्यकाल पर आक्रोश व्यक्त करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया था।

**बोर्ड की बैठक मे कई गयी ईओ के कारनामे की चर्चा**

बोर्ड की बैठक मे सदस्यों ने ईओ द्वारा सात माह के अपने कार्यकाल मे कोई निविदा प्रक्रिया को अमल में नहीं लाने, अधिशासी अधिकारी अमित सिंह द्वारा शासकीय कार्यों में रूची नहीं लिए जाने के कारण नगर में विकास कार्य न होना, सफाई कार्यों का निरीक्षण नहीं किया जाना, नशे की हालत में निकाय के कर्मचारियों से मार-पीट करना, अध्यक्ष के निर्देशों का पालन नहीं किया जाना एंव अध्यक्ष से अमर्यादित भाषा में बात करना, बोर्ड की सहमति के बिना मनमाने तरिके से कार्य करना, कार्यालय में बैठकर आम जनमानस की समस्याओं की सूनवाई नहीं करना, अध्यक्ष के अनुमति के बिना वित्तीय क्रिया कलापों को सम्पादित करना, विपक्षी पार्टीयों से मिलकर राजनिति करने के साथ-साथ बोर्ड द्वारा पारित किये गये प्रस्तावो को विपक्षी पार्टीयों से विवादास्पद बनाना आदि विन्दुओं पर चर्चा करते हुए सदस्यों ने ईओ अमित सिंह के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया था।

**प्रमुख सचिव को भेजा गया है निंदा प्रस्ताव की कापी**

कहना ना होगा कि मनबढ ईओ अमित सिंह के खिलाफ पारित निंदा प्रस्ताव की कापी बोर्ड द्वारा प्रमुख सचिव नगर विकास को भी भेजी गयी है। लेकिन उच्च अधिकारियों द्वारा अब तक कोई कार्रवाई न होने के कारण ईओ अमित सिंह की गुण्डई सिर चढकर बोल रहा है। सवाल यह नही है कि निंदा प्रस्ताव के बावजूद अमित सिंह अपने कार्यशैली मे सुधार क्यो नही ला रहे है सवाल यह है कि कर्मचारियों के साथ मारपीट करने, नगर के विकास कार्यों मे रोडा बनने व शराब पीकर कार्यालय मे जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करने के मामले लगातार उजागर होने के बाद आखिरकार अमित सिंह के खिलाफ कार्रवाई क्यो नही की जा रही है जबकि चेयरमैन सत्तारूढ़ पार्टी से है। ऐसे में कहना लाजमी होगा कि ईओ के मनबढई के कारण ठप पडे नगर के विकास कार्य का मुद्दा लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए मुसीबत न बन जाए।

# बच्चों ने लिया लैंगिक असमानता के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प, ग्राम प्रधान करेंगे समर्थन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश की ग्राम पंचायतों में बच्चों द्वारा लैंगिक असमानता के खिलाफ अभियान चलाए जाएंगे एवं ग्राम प्रधान उसका समर्थन करेंगे। यह निर्णय प्रदेश के समस्त जिलों में 29 जनवरी से 31 जनवरी के बीच आयोजित बाल सभा में बच्चों द्वारा लिया गया। बाल सभा, अवसर और संसाधनों में लैंगिक समानता विषय पर आयोजित की गई। बाल सभा में बच्चों ने लैंगिक समानता के विषय पर चर्चा की और अपने जीवन और समुदाय में हो रहे भेदभाव को समझा। बच्चों ने अपने परिवार और गाँव में लंबे समय से चल रही लैंगिक असमानता के विषय में बातचीत की, साथ ही समय के साथ हो रहे परिवर्तन को भी पहचाना। बच्चियों ने ग्राम प्रधान से अपनी समस्याएँ बताईं और कहा की स्ट्रीट लाइट न होने के कारण उन्हें घर से निकलने में असुविधा होती है। स्कूल में लड़कियों के लिए साफ शौचालय न होने की बात भी बच्चियों ने कही जिनके कारण वे स्कूल जाने में झिझक महसूस करती हैं। 24 से 31 जनवरी के बीच आयोजित बाल सभा में बाल सभा सदस्यों के साथ ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्यों, शिक्षकों, अभिभावकों, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य हितधारकों ने भाग लिया। बाल सभा में ग्राम प्रधानों ने बच्चियों के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। बच्चियों के खेलकूद के लिए मैदान की व्यवस्था, गाँव में स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था एवं स्कूल में साफ सफाई और शौचालय की मांग को प्रधानों ने स्वीकार किया एवं जल्द ही सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया। प्रवीणा चौधरी, संयुक्त निदेशक, पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश ने कहा कि बच्चे हमारा वर्तमान और भविष्य हैं और पंचायती राज संस्थाएं उनके अस्तित्व, विकास और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। विभाग का प्रयास नियमित बाल सभाओं का आयोजन करना है ताकि बच्चों की जरूरतें वार्षिक कार्ययोजना का हिस्सा बन सकें। इस संबंध में प्रमुख सचिव पंचायती राज की ओर से निर्देश जारी कर दिये गये हैं। हालाँकि, इस मामले में महिला कल्याण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग का प्रत्यक्ष योगदान आवश्यक है। सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण की दिशा में प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत को बाल हितैषी बनाने के उद्देश्य से बाल सभा का गठन एवं वर्ष में बाल सभा की चार बैठकों का आयोजन करने का शासनादेश पंचायतीराज विभाग द्वारा नवंबर 2022 में जारी किया गया था। प्रदेश में ग्राम स्तर पर बाल सभा का गठन किया जाता है जिसमें 11 से 18 वर्ष के सदस्य होते हैं।

इनमें एक अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष होता है एवं शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, खेल, सुरक्षा, खाद्य एवं सुरक्षा मंत्री व उपमंत्री होते हैं। 27 नवंबर को बाल अधिकार माह, 24 जनवरी को बालिका दिवस, 7 अप्रैल को स्वास्थ्य दिवस और 29 अगस्त को खेल दिवस के अवसर पर बाल सभा की 4 बैठकें आयोजित की जाती हैं। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश के चीफ डॉ ज़कारी ऐडम ने कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में बाल सभा मंच बनाने के लिए यूपी सरकार के पंचायती राज विभाग की प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है। यह सामुदायिक स्तर पर निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने के बच्चों के अधिकार को सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर निर्वाचित प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, हितधारकों, अभिभावकों द्वारा बच्चों को सुना जाना चाहिए। बाल सभा के बच्चों द्वारा अवसरों और संसाधनों में लैंगिक समानता विषय पर जागरूकता पैदा करने के लिए कविता पाठ, नुक्कड़ नाटक और पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। यूनिसेफ की सामाजिक नीति विशेषज्ञ पीयूष एंटनी ने कहा कि बाल सभा एक ऐसा अवसर है जहां बच्चे अपने अधिकारों का उपयोग कर सामाजिक विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं, साथ ही प्रजातान्त्रिक, नैतिक एवं नागरिक मूल्यों को सीखते हैं। उन्होंने लैंगिक असमानता के अस्तित्व को पहचानने और खुली चर्चा में शामिल होने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, जितना अधिक हम सक्रिय रूप से इस मुद्दे पर संवाद करेंगे और स्वीकार करेंगे, उतनी ही अधिक कुशलता से हम इसे संबोधित करने और सुधारने के लिए प्रभावी रणनीति बना सकते हैं।

# योजनाओं में लापरवाही एवं शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी : मंत्री नरेन्द्र कश्यप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने निर्देश दिया कि पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाय। योजनाओं में आवेदन से लेकर लाभ प्राप्त करने तक की प्रक्रिया में पात्र लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पात्र लाभार्थियों को समय से योजनाओं का लाभ पहुँचे। उन्होंने निर्देशित किया कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण के अधिकारी एवं कर्मचारी पिछड़े वर्ग एवं दिव्यांगजनो के हितों को ध्यान में रखते हुए पूरी लगन एवं ईमानदारी से कार्य करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप बुधवार को अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने पिछड़े वर्ग कल्याण विभाग में संचालित शादी अनुदान योजना की समीक्षा की और निर्देश दिए कि योजना से अधिक से अधिक पात्र लोगों को लाभ दिया जाय। पिछड़े वर्ग विभाग में संचालित छात्रवासों के मरम्मत का कार्य को तीव्र गति से मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाय। उन्होंने निर्देश दिए कि डॉ शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में दिव्यांगजनो की समस्याओं का पूरा ध्यान रखा जाय। जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट में दिव्यांगजन छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण का प्रस्ताव भेजा जाय। दिव्यांगजनों के लिए संचालित पेंशन योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को दिलाया जाय। दिव्यांगजनों को हुनरमंद बनाकर उन्हें स्वरोजगार एवं रोजगार के अवसर प्रदान किये जायें। उन्होंने निर्देश दिए कि गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ शकुंतला मिश्रा पुर्नवास विश्विद्यालय लखनऊ एवं जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट के क्रियाकलापों एवं सुविधाओं को प्रदर्शित किया जाय। साथ ही दिव्यांगजनो को अपनी हुनर एवं कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में सफल हो चुके दिव्यांगजनों को भी इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाय। बैठक में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण अजीत कुमार, निदेशक दिव्यांगजन सशक्तीकरण भूपेंद्र एस चौधरी, निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण डॉ वंदना वर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीपीएस एल्डिको में आयोजित हुई दो दिवसीय अंतर्सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा में दो दिवसीय अंतर्सदन बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है को चरितार्थ करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल की एल्डिको शाखा के प्रांगण में दो दिवसीय अंतर्सदन बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 11 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो रूपेश कुमार तथा अभिनव पुंडीर, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी उप्र पुलिस मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या मनीषा अंटवाल ने उपस्थित लोगो को संबोधित किया तथा खेलों का महत्व समझाया। प्रतियोगिता अंडर 17 पुरुष वर्ग के अंतर्गत कुल चार मैच हुए, जिनमे प्रथम मैच में पुलिस मॉडर्न स्कूल विजेता रहा। दूसरे मैच में जीडी गोएंका व तीसरे मैच में डीपीएस गोमती नगर तथा चौथे मैच में डीपीएस इन्दिरा नगर विजेता रहा। वहीं अंडर 17 महिला वर्ग के अंतर्गत डीपीएस एल्डिको और सीएमएस राजाजीपुरम के बीच हुआ, जिसमें डीपीएस एल्डिको विजेता रहा। सेमी फाइनल मैचों में अंडर 17 पुरुष वर्ग के प्रथम उपविजेता जीडी गोएनका और ?द्वितीय उपविजेता का स्थान डीपीएस इन्दिरा नगर को प्राप्त मिला। प्रथम स्थान पुलिस मॉर्डन स्कूल को मिला। अंडर 17 सेमी फाइनल महिला वर्ग के अन्तर्गत द्वितीय उपविजेता डीपीएस इन्दिरा नगर रहा और प्रथम उपविजेता का स्थान डीपीएस गोमती नगर को मिला। वहीं प्रतियोगिता के विजेता के रूप में डीपीएस एल्डिको ने अपना स्थान सुरक्षित किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी महिला की ओर से डीपीएस एल्डिको की अनुष्का पांडा रहीं और पुरुष वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुलिस मॉर्डन स्कूल के सुमित कुमार चुने गए।

# सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ, पीजीआई के आवास विकास वृन्दावन योजना में अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा हवन यज्ञ, समापन के उपरांत बुधवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों की संख्या मे लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमद् भागवत कथा वाचक पंडित रामशरण शास्त्री ने

श्रीकृष्ण लीला की महिमा सुनाया।लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने की अपील किया। कथा समापन के बाद बुधवार को विधि विधान से हवन और यज्ञ में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने आहुति डाली। दोपहर बाद समस्त कालोनी वासियों ने शारीरीक मानसिक आर्थिक सहयोग प्रदान किया फिर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया।जो देर रात प्रभु हरि ईच्छा तक चलता रहा। जिसमें हजारों की संख्या में शहर एवं कालोनी के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्ति रसपान का आनंद लुफ्त उठाया। इस मौके पर अवध वृन्दावन डेवलपमेंट के अध्यक्ष एस के द्विवेदी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए गए मेडल एवं प्रमाण पत्र

नगराम ,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंगलवार को जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज बहरौली में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2023-24 के विजेताओं को ट्राफियां मेडल और प्रमाण पत्र वितरित किए गए।वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के बैडमिंटन और कबड्डी मैच के फाइनल मुकाबले मंगलवार को कराए गये। बैडमिंटन में अंशुल और सचिन कक्षा 12 की टीम प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी के बालिका वर्ग फाइनल मैच में कक्षा 9 की टीम ने कक्षा 12 की टीम को बड़े ही रोमांचक मुकाबले में हराया। विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य अनिल कुमार वर्मा ने खेलों का महत्व बताते हुए समझाया कि इसी प्रकार पठन-पाठन में भी वह ध्यान देंगे। प्रधानाचार्य ने खेलकूद में सहयोग करने वाले सभी शिक्षकों कर्मचारियों और बच्चों को धन्यवाद दिया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं के विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल क्रमशः प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को दिए गये। मेडल प्रकार विद्यार्थियों के चेहरे प्रसन्नता और गर्व से झलक रहे थे। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं , छात्र-छात्राएं और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के लिए अंसल ऑफिस का किसानों ने किया घेराव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के किसानों ने बुधवार को किसानों की जमीन कब्जा मुक्त कराने केलिए अंसल ऑफिस का घेराव कर एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। किसान नेता आशीष यादव ने बताया कि अंसल कंपनी ने बगियामऊ, हसन पुर खेवली, निजामपुर मझिगवां आदि गांवों के किसानों की जमीन पर अंसल कंपनी ने कब्जा कर रखा है जिसका मुआवजा भी नही दिया गया। कंपनी किसानो की जमीन वापस करें या उन्हें मुआवजा दे। इस साथ ही उन्होंने बताया कि अंसल कंपनी ने किसानों की जमीन लेने के साथ गांव के विकास का वादा किया था। उस वक्त 15 बिंदुओं पर समझौता हुआ था। लेकिन कोई कार्य नही कराया गया। किसान नेता ने बताया कि किसानों के कंपनी के गेट पर एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर कंपनी को एक हफ्ते में किसानों की समस्या निस्तारित करने को कहा यदि न किया तो अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा।

## गोसाईगंज पुलिस ने मोबाइल चोर को भेजा जेल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।गोसाईगंज पुलिस ने एक मोबाइल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी महेंद्र शुक्ला की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 31 जनवरी 2024 को ग्राम सेंगटा मजरा मीसा निवासी विनोद कुमार ने जानकारी मोबाइल चोरी हो जाने की शिकायत की थी।पीड़ित की शिकायत के अनुसार वह 28 जनवरी को काम करके अपने घर वापस हो रहा था।शाम 5:30 बजे जब वह रघुनाथ पुरवा मजरा सलौली में था। वहीं पर वह रुका उसी समय अज्ञात चोर ने सायकिल में टंगे हुए झोले से की पैड मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने प्राप्त हुए शिकायत पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज चोरी करने वाले की तलाश में लग गई।तभी मुखबिर से एक व्यक्ति के मोबाइल बेचने हेतु मलौली की ओर जाने की बात जानकारी मे आई। पुलिस ने मुखबिर के बताए हुए स्थान पर पहुंच कर 11:05 बजे एक व्यक्ति को गिरफतार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति के पास से चोरी गया सैमसंग का मोबाइल बरामद कर लिया गया। पूंछ ताछ में पता चला कि अभियुक्त रंजीत कुमार (30)पुत्र रविन्द्र यादव थाना बाबू बनारसी दास थाना के रानी खेड़ा का निवासी है। अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। मोबाइल चोर की गिरफ्तारी की सफलता उप निरीक्षक सुरेश कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में मिली।

## नगराम में संदिग्ध अवस्था में 38 वर्षीय युवक का शव घर में मिला

नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र के टिकरा जुगराज पुर गांव में एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव बुधवार को कमरे में मिला। हालांकि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। परिजनों के मुताबिक राहुल काफी समय से बिमारी की हालत से जूझ रहा था, वहीं ग्रामीणो का कहना है कि राहुल शराब पीने का लती था।पुलिस भी इसे वास्तविक मौत बता रही है। नगराम के टिकरा जुगराज पुर निवासी राहुल तिवारी(38) तीन भाईयों में मंझला था। पत्नी शिखा के अलावा कोई आदि औलाद नहीं है। मृतक के छोटे भाई आलोक तिवारी ने सिर्फ मौत होने की सूचना पुलिस को बताई। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि युवक का शव बुधवार को घर से मिला था। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## बैट्री चोरी करने वाले तीन अभियुक्त भेजे गए जेल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज कोतवाली पुलिस ने बैट्री चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों सिद्धू चौहान (29)पुत्र हरिश्चंद्र निवासी चालिसवा थाना थाना मोहम्मदाबाद जनपद मऊ, मनीष दिलीप कुमार (20) पुत्र राम चरन निवासी सेखनापुर और सरोज (28) पुत्र अशरफीलाल निवासी मीसा थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ को गिरफतार करके जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज कोतवाली महेंद्र कुमार शुक्ला के अनुसार ग्राम समराला थाना समराला जनपद लुधियाना (पंजाब) निवासी जगमीत पुत्र रघुवीर सिंह की ओर से 11 जनवरी 2024 को ट्रक नंबर 0 पी बी 10 एच आर 0591 से 2 और आई -10 कार से 4 चोरों द्वारा बैट्री चोरी किए जाने की शिकायत की गई थी । दूसरी ओर सलेमपुर निवासी थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ के हरिशंकर पुत्र उर्फ रज्जन डेंटर पुत्र लक्ष्मी नारायण की ओर से खुद की दुकान का ताला तोड कर वहां खडी तीन गाड़ियों से बैट्री चोरी हो जाने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने चोरी करने वालों की तलाश शुरू कर दी थी। मुखबिर के माध्यम से मिली जानकारी के आधार पर उप निरीक्षक सुरेश कुमार पाण्डेय ने बैट्री चोरी के तीन अभियुक्तों को 5:45 बजे किसान पथ सर्विस लेन दुलारमऊ से गिरफ्तार कर लिया।

## भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर ने लगाया नमो ऐप अभियान का तृतीय कैम्प

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ लखनऊ महानगर द्वारा तृतीय कैंप सरोजनी नगर विधानसभा के इंदिरा गाँधी ओपन यूनिवर्सिटी कैंपस लखनऊ में नमो ऐप अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत नमो ऐप अभियान से सभी को जोड़ा गया एवं प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराने हेतु इस ऐप को डाउनलोड कराया गया। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक इग्नू डॉ मनोरमा सिंह एवं सहायक निदेशक डॉ कीर्ति विक्रम सिंह द्वारा किया गया।

# संविधान बचाओ पीडीए सम्मेलन का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, मोहनलालगंज के मऊ में स्थित कोहिनूर लान में बुधवार को समाजवादी पार्टी ने संविधान बचाओ, पीडीए बैठक का आयोजन किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी संतोष कुमार जाटव ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं पिछड़ों, दलितों और अल्पसंख्यकों समेत किसानों की समस्याओं का मुद्दा उठाकर केंद्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार को घेरा और आगामी लोकसभा चुनाव में पीडीए गठबंधन को मजबूत करते हुए समाजवादी पार्टी को जिताने की बात कही। राष्ट्रीय सचिव बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी संतोष कुमार रावत, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी तरुण रावत और जिलाध्यक्ष बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी पूर्व जिपंस राज किशोर रावत 'राजू' समेत कई वक्ताओं ने बैठक में अपने विचार प्रकट किया। बैठक में विनोद कुमार लोधी जिला सह प्रभारी समेत सैकड़ों समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय गुमानी खेड़ा में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

## बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ । मोहन लाल गंज ब्लाक क्षेत्र के गांव गुमानी खेड़ा में विद्यालय का वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक अभिभावक गोष्ठी को धूमधाम से मनाया गया। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों व अविभावकों का मन मोह लिया। वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम प्रधान विनोद वर्मा उपस्थित रहे। शिक्षकों ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियां बताने के साथ ही स्वागत गीत ,मेरे घर राम आए हैं.... हिन्द के नौजवानों उठो शान से.... फिर भी दिल है हिंदुस्तानी..... तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए नाटिका का मंचन किया गया तथा बच्चों ने रंगोली प्रतियोगिता विभिन्न प्रकार की दौड़ में भाग लेकर पुरस्कार प्राप्त किया । तत्पश्चात अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल कुमार वर्मा द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया । कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापिका वंदना द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नोखे लाल विशेश्वर, राम कुमारी, सीमा,गुड्डा देवी, बबली, जगदेई सहित तमाम अभिभावक मौजूद रहे । इसके साथ ही बेसिक विद्यालय करोरा में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव की धूम रही ।

# स्थानांतरित मोहनलालगंज बीडीओ को प्रधानों व कर्मचारियों ने दी विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।स्थानांतरित मोहनलालगंज बीडीओ पूजा सिंह के सम्मान में बुद्धवार को ब्लाक प्रशासन व प्रधानो ने विदाई समारोह का आयोजन किया।ब्लाक कार्यालय में आयोजित विदाई समारोह में प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह समेत प्रधानो ने स्थानांतरित बीडीओ पूजा सिंह को फूल माला पहनाकर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेटकर स-सम्मान विदाई दी।

ज्वाइंट बीडीओ शैलेन्द्र कुमार व

एडीओ पंचायत अशोक यादव ने कर्मचारियो संग स्थानांतरित बीडीओ पूजा सिंह को पुष्पगुच्छ समेत स्मृति चिन्ह भेटकर विदाई दी।मौके पर मौजूद एडीओ अशोक यादव समेत अधिकारियों ने बीडीओ पूजा सिंह के साथ किए गए कार्य व अनुभवों पर चर्चा करते हुए उन्हें परिश्रमी एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सदैव प्रयत्नशील व कर्मठ बताया।स्थानांतरित बीडीओ पूजा सिंह ने विकासखंड में अपने 26महीने के कार्यकाल के दौरान के अनुभवो और यादों का साझा किया। कहा कि यहां के लोगों से जो प्यार मिला वह जीवन भर दिल में याद बन कर रहेगा।बीडीओ ने जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियो समेत क्षेत्रीय लोगों से मिले सहयोग व समर्थन के लिये आभार प्रकट किया।

प्रधान संघ अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने कहा कि बीडीओ पूजा सिंह अच्छी प्रशासक रही हैं। जनता के हितों को ध्यान में रखकर काम करती रही हैं। इन्हें हमेशा चिता रहती थी कि मोहनलालगंज विकासखंड कैसे आगे बढ़ता रहे।इस मौके पर प्रधान सहायक हरेन्द्र सिंह,निगोहां प्रधान अभय कान्त दीक्षित,मस्तीपुर प्रधान सूर्य कुमार द्विवेदी,सलेमपुर अचाका प्रधान विकास पटेल,प्रधान प्रतिनिधि अभिषेक दीक्षित,राज किशोर शुक्ला, ब्लाककर्मी हिमांशु त्रिपाठी,सचिव साधना रावत समेत सभी कर्मचारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहें।

# मेदान्ता ने मोहनलालगज में नि:शुल्क खून जांच का लगाया शिविर




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगज। लखनऊ,मोहनलालगज के कालेबीर मंदिर परिसर में मेदान्ता ने नि:शुल्क खून जांच का शिविर लगाया।जिसमे ग्रामीण इलाके से आये लोगो ने अपना ब्लड सैम्पल देकर जांच के लिए दिया।मेदान्ता के डाक्टर आरपी सिंह ने बताया कि ग्रामीण इलाके के लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिये बुधवार को हॉस्पिटल द्वारा मोहनलालगज कस्बे में खोले गए कलेक्शन सेंटर की देखरेख में नि:शुल्क खून की जांच का शिविर आयोजित किया गया।जिसमे इलाके के करीब 20 लोगो ने शिविर में आकर अपना ब्लड सैम्पल दिया।सैम्पल लेने के बाद जांच अवधि पूरी होने पर रिपोर्ट देने वालो के मोबाइल पर भी भेज दी जायेगी साथ मोहनलालगज के कलेक्शन सेंटर से जांच रिपोर्ट प्राप्त करने के लिये बता दिया गया है।शिविर में अर्पित सिंगल,अमित द्विवेदी, नीलम ,पवन मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# सपा नेता को पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

## 10 लोगों ने धारदार हथियारों से हमला किया, भतीजा भी जख्मी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहम्मदी-खीरी। समाजवादी पार्टी के विधानसभा उपाध्यक्ष रमेश यादव की हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी, हत्या से पहले नेत्रपाल नाम के हमलावर ने रमेश यादव को फ़ेसबुक मैसेंजर पर जान से मारने की धमकी दी थी, घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब रमेश यादव अजबापुर चीनी मिल से गन्ना तौलवाकर अपने भतीजे शुभम के साथ वापस ढढेल गांव आ रहे थे, ढढेल गांव पर घात लगाए धारदार हथियारों से लैस करीब 10 हमलावरों ने सपा के विधानसभा उपाध्यक्ष रमेश यादव पर ताबड़तोड़ वार किए जिसमें सपा कार्यकर्ता रमेश यादव की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका भतीजा शुभम गंभीर रूप से घायल हुआ है, घायल को शाहजहांपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, शव को पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा गया, पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के भतीजे पवन कुमार ने बताया की करीब 5 महीने पहले खेत में सिंचाई को लेकर चाचा रमेश और हरेंद्र उर्फ मजले से विवाद हुआ था, बहरहाल इस मामले में पुलिस ने 10 नामजद हमलावरों पर हत्या की धारा में मामला दर्ज कर लिया है, पुलिस ने जान से मारने वाले आरोपी हमलावर नेत्रपाल यादव को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए दबिश डाली जा रही है।

## पारदी गिरोह के 10 बदमाश गिरफ्तार, गोली से दो घायल

गाजियाबाद। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस वेस्ट टीम ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए मंगलवार की आधी रात को मध्य प्रदेश के पारदी गैंग के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हुए हैं। ये लोग लालबाग इलाके में चोरी की वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे।एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस लोनी बॉर्डर क्षेत्र के लालबाग क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तीन युवक टॉर्च लेकर आते हुए दिखाई दिए। पुलिस की टीम को देखकर यह लोग भागने लगे और फायरिंग भी की।पुलिस ने भी अपने बचाव में गोली चलायी, जिसमें दो बदमाश घायल होकर नीचे गिर पड़े। पुलिस ने उन्हें दबोच लिया और घायल अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।कुछ देर बाद पुलिस ने तीसरे बदमाश को भी गिरफ्तार कर लिया। घायल बदमाशों के नाम परशुराम व धर्मेंद्र है, जबकि तीसरे बदमाश का नाम कुत्ती है।पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर ज्वैलर्स की दुकान पर चोरी की घटना कारित की गई थी। नई घटना को अंजाम देने के लिए इलाके में घूम रहे थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर उनके सात साथियों को भी दबोच लिया।

# डीएम ने किया जिला कारागार का निरीक्षण रसोईघर से बैरकों तक परखी तमाम व्यवस्था

## डीएम ने कारागार का लिया जायजा, बंदियों के खाने की गुणवत्ता परखी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर-खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।

डीएम ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। इस दौरान उन्होंने बंदियों को परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता भी परखी।

इस दौरान डीएम ने जेल बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी (धौरहरा) पीपी सिंह, कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर सुनील कुमार, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत, डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

# अब फिरोजाबाद का पुराना नाम चंद्रनगर किए जाने की तैयारी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को भगवान महावीर को नमन करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिए गए अहिंसा, करुणा, अपरिग्रह, सदाचार और शाकाहार के कालजयी संदेश आने वाली पीढ़ियों का मार्ग आलोकित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्राचीनकाल में फिरोजाबाद के शासक जैन राजा चंद्रसेन थे और फिरोजाबाद का नाम चंद्रनगर था। विदेशी आक्रांताओं ने 15वीं सदी में फिरोजाबाद नाम परिवर्तित कर दिया था। अब योगी सरकार अतिशीघ्र इसका पुराना नाम चंद्रनगर बहाल करेगी। साथ ही पर्यटन विकास की विभिन्न योजनाएं संचालित की जाएगी।

पर्यटन मंत्री गोमतीनगर स्थित उप्र जैन विद्या शोध संस्थान के 33वां स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने जैन शोध संस्थान परिसर में स्थापित महावीर की प्रतिमा का अनावरण किया। कहा कि 22वें तीर्थंकर नेमिनाथ की जन्मस्थली शौरीपुर और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जन्मस्थली बटेश्वर का विकास 138 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।जयवीर सिंह ने कहा कि पूरे प्रदेश में 24वें तीर्थंकर महावीर का मोक्ष कल्याणक सालभर जैन संस्थान के उपाध्यक्ष डॉ अभय कुमार जैन के नेतृत्व में संस्थान और सहयोगी संस्थानों के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक क्षेत्र और शोध क्षेत्र में भारत 2047 तक विश्व गुरु की भूमिका में होगा। इस प्रकार विकसित भारत का सपना साकार होगा।

पीठाधीश रविंद्रकीर्ति स्वामी ने कहा कि अयोध्या में पांच जैन तीर्थंकरों का जन्म हुआ है।

# एसपी ने किया मोहम्मदी कोतवाली का निरीक्षण व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के दिए निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



मोहम्मदी-खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा थाना मोहम्मदी का औचक निरीक्षण किया गया।

इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, माल-खाना, हवालात, मेस, बैरक, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, महिला संबंधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही कर उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया तथा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की गई। लंबित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर समयबद्ध विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। इसी के साथ महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर अपेक्षित कार्यवाही अमल में लाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही के दृष्टिगत नियमित रूप से प्रभावी गश्त करने के निर्देश दिए गए।

# मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में है रोजगार के अनेक अवसर : डॉ कौशल त्रिपाठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

झांसी। पीएम श्री योजना के अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में छात्रों को कौशल आधारित विभिन्न रोजगारों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु कार्यशाला श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है।इसी श्रृंखला के अंतर्गत बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य डॉ कौशल त्रिपाठी ने मीडिया के क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार, पाठ्यक्रम, शैक्षणिक संस्थान एवं मीडिया प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में छात्रों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अनेक अवसर हैं।

उन्होंने बताया कि छात्र कैमरे के आगे एवं कैमरे के पीछे रहकर अपनी पहचान बना सकते हैं। आज के युवा सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, यूटुबर, मीडिया मैनेजमेंट, इवेंट मैनेजमेंट, जनसंपर्क, विज्ञापन, कंटेंट राइटिंग आदि के क्षेत्र में सफलता से कार्य कर रहे हैं। छात्र अपनी रुचि अनुसार सिनेमा, राजनीति, खेल के साथ ही वीडियो गेम्स, मोबाइल एप्स, नए गैजेट्स की बेहतर जानकारी पर यूट्यूब कंटेंट या लेख लिखकर भी सफलता प्राप्त कर सकते हैं। टेन प्लस टू के बाद मीडिया आधारित पाठ्यक्रम बीएएमसीजी एवं एमएएमसीजे से इस क्षेत्र में विशेष कौशल प्राप्त किया जा सकता है।पत्रकारिता विभाग के सहायक आचार्य डॉ राघवेंद्र दीक्षित ने छात्रों को मीडिया का उपयोग करते वक्त सावधानियां बरतने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि मीडिया में किसी भी मैसेज को फॉरवर्ड करने, अन अकेडमिक साइट्स को खोलने, अपनी किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत जानकारी देने से बचना चाहिए।इसके पूर्व केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 की प्रिंसिपल राधा गुप्ता ने एक्सपर्ट्स का स्वागत किया।

# आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**सीएमओ डॉ हरपाल सिंह ने आश्वासन दिया है कि अब सीएमओ कार्यालय में प्रतिदिन लगेगा शिविर**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



सीतापुर स्थित धनीपुर सीएमओ आफिस कार्यालय पर आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन राष्ट्रीय महासचिव बिंदू मौर्या ने कुछ मांगो के संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरपाल सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। दिव्यांग जनों के अभी तक दिव्यांग प्रमाण पत्र वर्तमान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में बन रहे थे। किंतु हाल ही में प्रमाण पत्र बनवाने के लिए स्थान का स्थानांतरण दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग में कर दिया गया है। वह पर प्रमाण पत्र सप्ताह में केवल एक ही दिन बना पा रहे हैं। अत्यधिक भीड़ होने की वजह से वहां से दिव्यांग जनों को वहां पर पहुंचना बहुत मुश्किल हो रहा है।

जिससे दिव्यांगों को कभी समास्याओं का सामना करना पड़ता है। वह पर बिचोलिए का बोलबाला रहता है। वहां पर दिव्यांग जनों के बैठने, शौचालय,पानी व्यवस्था उपलब्ध नहीं है। और अधिकारियों से छुपकर दिव्यांगों से धन वसूली की जाती है। जबकि सीएमओ दफ्तर कार्यालय में प्रत्येक दिन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनते थें। जिससे भीड़ भी नहीं होती है। और शहर के किनारे होने के नाते दिव्यांग जनों को आगे जाने में भी सुविधा होती है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार मौर्या, राजेंद्र सिंह, रामचन्द्र, कासिम,रामू, जैनुल, इसहाक अंसारी कालिंद्री आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। न्यायालय ने बुधवार को शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर अर्थदंड भी लगाया। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना बसई मोहम्मदपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती के साथ पड़ोस के युवक मोनू ने शादी का झांसा देकर कई बार उससे दुष्कर्म किया। बाद में युवक शादी से इंकार करने लगा, जिससे युवती परेशान हो गई। युवती के पिता ने आरोपित मोनू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने विवेचना कर न्यायालय में मोनू के विरुद्ध आरोप पत्र दाखिल कर दियामुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे सहायक शासकीय अधिवक्ता अरवेज शुक्ला ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने मोनू को दोषी माना।

# समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां के द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बिसवां सीतापुर- महात्मा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर. डाक्टर अमित कपूर ,अधीक्षक समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां के द्वारा स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारम्भ किया गया। कुष्ठ रोग के समूल विनाश के लिए तहसील क्षेत्र के ब्रजेन्द्र बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज मे छात्र, छात्राओं , शिक्षक,शिक्षिकाओं, ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सोहन लाल, नान मेडिकल असिस्टेंट ने शपथ दिलाई ।उन्होंने शपथ के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह के संदेश की हम सभी जनपद वासी और जिला प्रशासन विकसित भारत अभियान के दौरान घोषणा की गई कि कुष्ठ रोग से जिला को मुक्त करने के लिए प्रयास करेंगे। सोहन लाल ने बताया कि कुष्ठ रोग को पहचानना आसान है यह साध्य है, कुष्ठ रोग के इलाज के लिए सभी सरकारी अस्पतालों मे दवाई ( एम् डी टी) मुप्त मे उपलब्ध है।रोग की पहचान के लिए आशा एवं ए एन् एम् के द्वारा गांव गांव कुष्ठ रोग से पीड़ित का पता लगाने के लिए सर्वे किया जा रहा है ।उन्होने बताया कि अगर किसी व्यक्ति के शरीर पर हल्के रंग के दाग धब्बे है जो सुन्न है ऐसे व्यक्ति संदिग्ध कुष्ठ रोगी हो सकते है।ऐसे समस्या से ग्रासित व्यक्ति तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर दवा ले तो ठीक हो सकता है अन्यथा उपचार मे देर् होने पर विकलांगता का शिकार हो सकता है। उन्होंने लोगो से अपील की कि किसी अंध विस्वास, कल्पना या अपवाह पर कतई विस्वास न करे । उन्होंने लोगो से अपील की आपके आस पास यदि ऐसे लोग नजर आये तो उन्हे स्वास्थ्य केंद्र पर जाने के लिए प्रेरित करे।इस अभियान का मकसद है। कि लोग भेदभाव का अंत करे और सम्मान को गले लगाए, कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक हो ताकि देश कुष्ठ रोग मुक्त हो सके।

# हिंदूओं को मिला पूजा का अधिकार, ज्ञानवापी केस फैसला स्वागत योग्य : अभिषेक गुप्ता

**व्यासजी के तहखाने में पूजा की मिली अनुमति, हिंदू पक्ष की जीत पर जश्न का माहौल**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद सीतापुर । आज यानी कि बुधवार को ज्ञानवापी परिसर से जुड़े सोमनाथ व्यास जी के तहखाने में नियमित पूजा-पाठ को लेकर वाराणसी जिला कोर्ट ने बड़ा फैसला आया इसपर नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कोर्ट का फैसला स्वागत योग्य है रिपोर्ट साफ-साफ कहती है कि वहां भव्य हिंदू मंदिर था। तस्वीरें और शिलालेख भी इसकी तस्दीक करते हैं। इसके हिंदू मंदिर होने में अब कोई शक नहीं है, जब अयोध्या में रामलला विराजमान हो चुके है तो काशी में नंदी बाबा को भी भोलेनाथ मिलने ही चाहिए।

मोदी सरकार की वजह से आज हिन्दू जाग्रत हो चुका है तो राम राज्य की परिकल्पना अब साकार हो रही है। बताते चले ज्ञानवापी केस में बुधवार को हिदू पक्ष में फैसला आया है। कोर्ट ने हिदू पक्ष को व्यास जी के तहखाना में पूजा-पाठ करने का अधिकार दे दिया है। ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा, ''हिंदू पक्ष को 'व्यास का तहखाना' में पूजा करने की इजाजत दी गई है। जिला प्रशासन को 7 दिन के अंदर व्यवस्था करनी होगी।'' उन्होंने कहा क पूजा सात दिनों के भीतर शुरू होगी। सभी को पूजा करने का अधिकार होगा।

# चलते-चलते अचानक सड़क पर गिरा युवक, पीछे से आ रही कार ने कुचला, मौत, वारदात कैमरे में कैद

**युवक को चलते-चलते आया हार्टअटैक, कार ने रौंदा... वीडियो वाइरल**

**22 साल का सुमित मौर्य दुकान से घर जा रहा था, सिर पर गंभीर चोट की वजह से दर्दनाक मौत**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखीमपुर-खीरी। शहर में सड़क पर चलते-चलते एक युवक बेहोश होकर गिर गया पीछे से आ रही कार उसे रौंदते हुए निकल गई आस-पास के लोग युवक को नजदीकी अस्पताल ले गए। वहां कुछ देर इलाज के बाद उसकी मौत हो गई। मंगलवार शाम की यह हादसा पास की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

जानकारी मुताबिक सदर कोतवाली इलाके की हीरालाल धर्मशाला के पास बने ओवर ब्रिज के नीचे यह हादसा हुआ बताया जाता है कि मंगलवार रात करीब 8 बजकर 45 मिनट पर हीरालाल धर्मशाला के पास ओवर ब्रिज के नीचे एक युवक पैदल जा रहा था तभी अचानक बेहोश होकर वह नीचे गिर गया जहां पीछे से आ रही कार का पिछला पहिया उसके सिर के ऊपर चढ़ गया और यह देखते ही मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।कार के नीचे आने से घायल युवक के सिर से काफी खून बह गया वहां मौजूद लोगों ने युवक को उठाकर जिला अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया युवक की पहचान काशीराम कॉलोनी निवासी 22 वर्षीय सुमित मौर्या के रूप में हुई है बताया जा रहा है कि वह एक दुकान पर काम करने के बाद अपने घर वापस लौट रहा था, इसी दौरान हादसा हो गया।

इंस्पेक्टर अंबर सिंह द्वारा बताया गया की घटना के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था परिजनों को भी सूचना दे दी गई थी यह सारी घटना सामने एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई।

# असम के युवक ने बरेली एसएसपी से ठगी की शिकायत की

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बरेली। उमरा के लिए सऊदी अरब भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत असम से आये एक युवक ने बुधवार को एसएसपी कार्यालय में की है।एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में असम के बारालीमारी जुरिया नगाऊ निवासी मोहम्मद अबुल बशर का आरोप है कि पीलीभीत बाईपास रोड खुशबू इनक्लेव में इबादत उमरा के नाम से ट्रैवल एजेंसी है। इसका संचालक तसलीम शाद हज और उमरा के लिए लोगों को सऊदी अरब भेजता है। बीते ड़ेढ़ साल पहले युवक इबादत उमरा ट्रैवल्स के ऑफिस में पहुंचा तो उन्हें फराह निशाद, निशी कुरैशी, वसीम हुसैन के नाम के शक्स मिले।

इस दौरान वहां कई लोग हज और उमरा जाने के लिए उससे बात कर रहे थे। मैने भी इस बारे में बात की तो तसलीम शाद ने बताया कि एक आदमी के ज्यादा पैसे लगेंगे अगर आप चार सें छह लोग कर लेंगे तो आपको एक व्यक्ति पर 20 प्रतिशत कमीशन भी मिलेगा। इस बीच अबुल बशर ने असम के पांच सें छह लोगों से उमरा के लिये सम्पर्क किया। इसमें युवक ने उमरा जाने वाले लोगों का पैसा इबादत उमरा ट्रैवल एजेंसी को दिया। अबुल बशर ने लगभग 6 लाख 94 हज़ार रुपये दिये। इसके बाद असम से छह लोग उमरा के लिये दिल्ली पहुंचे। इस बीच इबादत टूर एंड ट्रैवल एजेंसी ने उनको बहाना बनाकर दिल्ली में घुमा-फिराकर वापस असम भेज दिया। इस पर उन लोगों को शक हुआ और अबुल बशर से अपने पैसे वापस मांगे। अबुल बशर ने ट्रैवल एजेंसी से लोगों के रुपये वापस मांगे तो ट्रैवल एजेंसी ने चेक दिया। वो चैक बैंक से बाउंस हो गए।

खलील ने बताया कि इसकी दूसरी ब्रांच मलूकपूर के खलील मार्केट में हैं। लोगों सें उमरा के नाम पर ट्रैवल एजेंसी बड़े स्तर पर ठगी कर रही। इसको लेकर इसकी शिकायत एसएसपी कार्यालय में की गई है। वहीं अबुल बशर ने बताया कि इसको लेकर असम के एनआईए एक्ट कोर्ट में मुकदमा भी चल रहा है।

# ग्राम पंचायतवार विकास कार्यों की फाइलें रैक में रखी जाय : सीडीओ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

अमेठी । मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद में ग्राम पंचायत स्तर मनरेगा एव अन्य योजनाओं से कराये जा रहे गांव के विकास कार्यों की फाइलों के सही ढंग से रखरखाव न किये जाने पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। सी डी ओ ने इन पत्रावलियों के रख रखाव के लिए रैक बनवाये जाने का निर्देश दिया है।मुख्य विकास अधिकारी के इस निर्देश से ब्लाक कर्मियों में खलबली मची हुई है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने जनपद के समस्त विकास खण्ड विकास अधिकारियों को भेजे गये पत्र में लिखा है कि प्रायः उच्चाधिकारियों के भ्रमण के दौरान यह संज्ञानित होता है कि ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के जो कार्य कराये जा रहे है उन कार्यों से सम्बन्धित पत्रावलियों का समुचित प्रबंधन नही किया जा रहा है।परिणाम स्वरूप कभी कभी विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों/ कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिया है कि विकास खण्ड कार्यालय में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं की पत्रावलियों का समुचित प्रबंधन करने हेतु रैक बनवाये जाये तथा उसमें ग्राम पंचायतवार छोटे छोटे बाक्स,खाने बनवाते हुये उन पर ग्राम पंचायत का नाम अंकित कराया जाये तथा मनरेगा एवं अन्य योजनाओं से सम्बन्धित कार्यवार अभिलेखों की एक एक प्रति सम्बन्धित ग्राम पंचायत के बाक्स में सुरक्षित रखी जाये।मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि खण्ड विकास अधिकारी इस आशय का फोटोग्राफ सहित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे कि उनके विकास खण्ड की समस्त ग्राम पंचातयों में मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यों की ग्रामवार पत्रावली बनवाकर रैक में सुरक्षित करायी जा रही है इसके साथ ही पत्रावली एवं पंजिका हेतु निर्धारित प्रारूप पत्र के साथ संलग्न है। उपरोक्त निर्देशों का अनुपालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कहा कि इसमें लापरवाही कतई न बरती जाय।

## गांव के विकास कार्यों की पत्रावलियों के रखरखाव पर जताई नाराजगी

### ब्लाक के बाहर खुली दुकानों पर बनाई जाती हैं फाइलें

अमेठी,सरकार द्वारा गांव के विकास के लिये भेजी जा रही धनराशि का कैसे बंदर बांट किया जाता है अगर इसकी जमीनी हकीकत जांचनी व परखनी है तो विकास खण्ड सिंहपुर मुख्यालय के बाहर खुली दुकानों का औचक निरीक्षण कीजिये।सिंहपुर ब्लाक के बाहर खुली दुकानों पर स्याह को कैसे सफ़ेद किया जाता है इस नजारे को देखकर आपके पैरों तले से जमीन खिसक जायेगी। इन दुकानों पर कागजी फर्मो के सादे कोटेशन से लेकर सादे बिल बाउचर भी रखे देखे जा सकते हैं। इन दुकानों पर फर्जी एम बी के साथ ही मनमाने तरीके से इस्टीमेट भी बनाया जाता है जिससे ब्लाक से लेकर जनपद तक के अधिकारी भली भांति वाकिफ हैं लेकिन यह साहब के लिये दुधारु गाय साबित हो रहे हैं इसलिये इन पर कोई भी अधिकारी हाथ डालने का साहस नही जुटा पाता है जिससे नई शीशी में पुरानी शराब की तर्ज पर कार्य करने वाले लोगों के हौसले बुलंद हैं।

### फरियादियों को नही मिलते बीडीओ

अमेठी, प्रदेश सरकार द्वारा आला अधिकारियों को प्रातः दस बजे से बारह बजे तक नियमित कार्यालय में बैठकर आम जनमानस की समस्याओं को सुनने का निर्देश भले ही जारी किया गया है लेकिन विकास खण्ड सिंहपुर में ऐसा कुछ भी नजर नही आता है क्योंकि यहां के खण्ड विकास अधिकारी का प्रभार लम्बे अरसे से परियोजना निदेशक के पास है जिसके कारण फरियादी उनसे मिल ही नही पाते हैं और अपने घर से लम्बी दूरी तय कर ब्लाक पहुंचने वाले फरियादियों के हाथ निराशा लगती है। अब देखना यह है कि सिंहपुर में खण्ड विकास अधिकारी की तैनाती कब होती है फिलहाल यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है।

# आगामी लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष सकुशल व पारदर्शी ढंग से कराना पहली प्राथमिकता : डीएम

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । नवागत जिलाधिकारी सुश्री निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के मीडिया बंधुओं के साथ वार्ता कर उनका परिचय प्राप्त किया। तदोपरांत जानकारी देते हुये बताया कि वह 2015 बैच की आईएएस अधिकारी है इससे पूर्व वह सचिव व मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, महानिदेशक अटल आवासीय विद्यालय, उपाध्यक्ष खुर्जा विकास प्राधिकरण बुलंदशहर, मुख्य विकास अधिकारी बदायूं, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मेरठ तथा असिस्टेंट कलेक्टर रायबरेली के पद पर कार्य कर चुकी है।उन्होंने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता है इसके अतिरिक्त शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना व जन समस्याओं का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव तथा जनपद के मीडियाकर्मी उपस्थित रहे।

## गांव-गांव रोजगार देने का कार्य कर रही कंपनियां, 163 बेरोजगारों का चयन

मीरजापुर। पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को विकास खंड स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन देवकली इंटर कालेज जमालपुर के प्रांगण में किया गया। रोजगार मेले में कुल 394 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिसमें 163 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मुख्य अतिथि चुनार विधायक प्रतिनिधि व जिला उपाध्यक्ष भाजपा रविन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि एक समय उत्तर प्रदेश में एक भी कंपनी नहीं आती थी और आज गांव-गांव, दरवाजे-दरवाजे कंपनियां बेरोजगारों युवकों को रोजगार देने का कार्य कर रही हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्य अतिथि ने अभ्यर्थियों को आफर लेटर वितरित किया। रोजगार मेले में 11 कंपनियों ने शिरकत किया जिसमे अशोक लीलैंड, वेलस्पम इंडिया प्रा लिमिटेड, वर्धमान, यदुवंशी एचआर सोल्यूशन, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, अमास स्किल पीवीटी लिमिटेड, एडेको इंडिया प्रा लिमिटेड, क्वेस, पीपल ट्री आनलाइन आदि अधिष्ठान ने प्रतिभाग किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत सेजल कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र जमालपुर के 10 बच्चों को मोबाइल फोन वितरित किया गया। संस्थान के कार्यदेशक उमाशंकर सिंह ने सभी अतिथियों, अधिष्ठान एवं अभ्यर्थियों का धन्यवाद किया।

# एसपी ने सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर दी बधाई

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी। पुलिस कार्यालय गौरीगंज में बुधवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को विदाई दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने उत्कृष्ट कार्य के लिये प्रशस्ति पत्र और उपहार भेंटकर बधाई दी गई।जनपद अमेठी के विभिन्न थानों, कार्यालयों,पुलिस लाइन में नियुक्त उप निरीक्षक प्रेम प्रकाश, थाना शिवरतनगंज के उप निरीक्षक राम बहादुर सिंह,मीरा सिंह व संतोष कुमार त्रिपाठी को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरांत पुलिस कार्यालय गौरीगंज में बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई तथा आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई। इसके साथ ही साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन काल अथवा आनलाइन साइबर ठगी जैसे फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारी,कर्मचारी को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने बात कहकर पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन काल पर कोई भी जानकारी न देने के बारे में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया जिससे किसी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके।

# डीएम ने निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट का किया स्थलीय निरीक्षण

## बीस फरवरी तक शेष कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज जामों रोड स्थित निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट भवन का स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित कार्यदायी संस्था को शेष कार्य बीस फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान फर्नीचर, वायरिंग, लैंड स्पेकिंग, रेन वाटर हार्वेस्टिंग इत्यादि छिटपुट कार्य शेष पाए गए जिन्हें जिलाधिकारी ने आगामी बीस फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा निर्वाचन नवनिर्मित कलेक्ट्रेट से कराया जाएगा जिसको लेकर फरवरी माह के अंत तक कलेक्ट्रेट को नवनिर्मित भवन में शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी कक्ष, मीटिंग हाल, न्यायालय कक्ष, संयुक्त कार्यालय, नज़ारत, अभिलेखागार इत्यादि सभी कक्षों का निरीक्षण किया एवं जो भी कार्य शेष पाए गए उन्हें शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदायी संस्था को दिए। ज्ञातव्य हो कि निर्माणाधीन कलेक्ट्रेट का निर्माण कार्यदायी संस्था यूपीआरएनएसएस द्वारा 1777.42 लाख की लागत से कराया जा रहा है जिसमें कलेक्ट्रेट के मुख्य भवन ए ब्लॉक, बी ब्लॉक, सी ब्लॉक, डी ब्लॉक के साथ ही कैंटीन एवं शॉप, टॉयलेट ब्लॉक, पंप हाउस, बोरिंग कार्य पंप सहित, ओवरहेड टैंक, गार्ड रूम, फ्रंट बाउंड्री वॉल, सीसी रोड, इंटरलॉकिंग कार्य, कैंटल ट्रैप आदि कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, संबंधित कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## सिंहपुर में चार दिवसीय प्रशिक्षण आज से शुरु होगा

**तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड सिंहपुर के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का बुनियादी भाषा एव गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण आगामी एक फरवरी से ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के सभागार में आगामी एक फरवरी से प्रारम्भ होगा। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के माध्यम से निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड सिंहपुर के समस्त प्राथमिक परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों का बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यकम ब्लाक स्तर पर दिनांक एक फरवरी से ब्लांक संसाधन केन्द्र सिंहपुर पर संचालित हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का समय प्रातः साढ़े नौ बजे से साढ़े पांच बजे तक रहेगा।

## गंगा स्नान करने गया युवक नदी में डूबा, तलाश जारी

मीरजापुर। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत घोड़े शहीद घाट पर बुधवार को गंगा स्नान करने गए युवक नदी में डूब गया। मौके पर पहुंची पुलिस गोताखोरों के माध्यम से शव की तलाश में लगी है। नगर के घुरहूपट्टी निवासी संतोष कुमार (28) पुत्र स्व. गंगाराम बुधवार की सुबह गंगा स्नान करने घोड शहीद घाट पर गया था। गहरे पानी में चले जाने से वह नदी में डूब गया। घाट पर मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोरों की सहायता से युवक की तलाश में जुटी है।

## दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में बी.वोक, एम. वोक में प्रवेश प्रारम्भ

वाराणसी। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बी.वोक, एम. वोक में प्रवेश प्रकिया शुरू हो गई है। बी-वोक पाठ्यक्रम के अंतर्गत पं.दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास केंद्र में क्रमशः दो पाठ्यक्रम ज्योतिष एवं कर्मकांड और वास्तुशास्त्र एवं आंतरिक सज्जा में सत्र 2024-25 के लिए छात्र प्रवेश ले सकते हैं। केंद्र की निदेशक प्रो. विधु द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से बी-वोक के अंतर्गत दो व्यावसायिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। दोनों में आयु की कोई सीमा नहीं है। संस्कृत से इतर भी छात्र प्रवेश ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम तीन वर्ष का है और इसमें छह सेमेस्टर की पढ़ाई होगी। नई शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप प्रथम सेमेस्टर उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को सर्टिफिकेट, द्वितीय पर डिप्लोमा, चौथे सेमेस्टर पर एडवांस डिप्लोमा और छठे सेमेस्टर पर बी.वोक की उपाधि दी जाएगी। पाठ्यक्रम पूरी तरह स्ववित्तपोषित होंगे और प्रति सेमेस्टर इनकी फीस पांच हजार रुपये होगी। प्रो. द्विवेदी ने बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र कौशल केंद्र कार्यालय (पाणिनि भवन में गृह विज्ञान विभाग) पर पूर्वाह 10:30 से अपरान्ह 03 बजे तक मिल रहे हैं।

## बैठक में सीडीओ के देरी से आने पर भड़के किसान धरने पर बैठे

मेरठ। समस्याओं को सुनने के लिए विकास भवन में बुधवार को किसान दिवस बैठक में सीडीओ के देरी से पहुंचने पर किसान भड़क उठे। इसके बाद किसान धरने पर बैठ गए। मौके पर पहुंची सीडीओ ने किसानों के बीच बैठकर उनकी समस्याएं सुनने की बात कही तो किसान वापस सभागार में पहुंचे। विकास भवन सभागार में बुधवार को किसान दिवस की बैठक का आयोजन हुआ। सीडीओ नूपुर गोयल के पहुंचने से पहले ही किसान सभागार में पहुंच गए। बैठक का समय दस बजे निर्धारित था। काफी देर इंतजार करने के बाद भी सीडीओ बैठक में नहीं पहुंची तो किसान भड़क उठे। किसान सभागार से बाहर निकल आए और धरने पर बैठ गए। किसानों के धरने पर बैठने की बात पता चलते ही सीडीओ सीधे विकास भवन पहुंच गई। उन्होंने धरना दे रहे किसानों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं माने। इसके बाद सीडीओ ने खुद भी किसानों के साथ जमीन पर बैठकर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने की बात कही। इस पर किसानों का गुस्सा शांत हो गया और वे विकास भवन के सभागार के अंदर पहुंच गए। यहां सीडीओ ने किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक ली और उनके समाधान का आश्वासन दिया।

## डकैती मामले में आजम खान समेत सात आरोपित बरी

रामपुर। उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने डूंगरपुर बस्ती में मारपीट, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के मामले में सपा नेता आजम खान समेत सात लोगों को बुधवार को बरी कर दिया।
इस मामले में कोर्ट ने जिन लोगों को बरी किया है उनमें आजम खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खान, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन, फिरोज खां, रानू खां और ओमेंद्र चौहान शामिल हैं। इससे पहले इन सभी आरोपितों को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

# अन्नू यादव की हत्या के आरोप में चचेरे भाई रॉकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**एजेंसी**

## आरोपित की तलाश में पुलिस की तीन टीमों का गठन

मुरादाबाद। मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मंगलवार रात्रि में किसान अन्नू यादव (30 वर्ष) की सीने में गोली मारकर हुई हत्या के आरोप में बुधवार को थाना पुलिस ने उसके चचेरे भाई आरोपित रॉकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपित रॉकी की तलाश में पुलिस की तीन टीमों का गठन कर दिया गया हैं और उसकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि अन्नू का मझले भाई अंकुश से विवाद होने पर रॉकी बीच बचाव करने पहुंचा था। सगे भाइयों ने आपसी विवाद बताकर दखल देने से रोका तो रॉकी ने मौका मिलते ही अन्नू की जान ले ली।

अन्नू यादव के सबसे छोटे भाई विनय ने बताया कि अन्नू और अंकुश के बीच एक दिन पूर्व सोमवार को रात्रि में विवाद हुआ था। चचेरे भाई राकी ने इसमें दखल दिया तो अन्नू ने उसे डांटकर भगा दिया।

मंगलवार सुबह अन्नू खेत पर पहुंचा तो रॉकी भी एक साथी को लेकर वहां आ गया। खेत पर उसने अन्नू के गाल पर थप्पड़ मारे और फिर वापस चला गया। अन्नू की पत्नी रचना ने बताया कि मंगलवार की रात्रि 8-9 बजे के दौरान शराब के नशे में पड़ोस में रहने वाला चचेरा देवर रॉकी उनके घर में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। जिस पर अन्नू ने उससे कहा कि अंकुश से विवाद उसका आपस का मामला है । तू बीच में क्यों आ रहा है। इसके बाद रॉकी घर से बाहर निकल गया और दरवाजे पर खड़ा होकर काफी देर तक गालियां देता रहा। उसके हाथ में तमंचा भी था, वह बार-बार अन्नू को घर से बाहर निकलने की धमकी दे रहा था। लेकिन अन्नू और उसके घरवालों ने रॉकी को कोई जवाब नहीं दिया। रचना ने बताया कि कुछ देर बाद अन्नू घर के बाहर बंधे बैलों को बांधने लगा तो अचानक रॉकी अन्नू के पास आ गया तो उसने तमंचे से अन्नू के सीने में तमंचा सटाकर गोली मार दी और भाग गया। मामले में पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया ने बताया कि मृतक के चचेरे भाई आरोपित रॉकी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपित रॉकी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है।

# जालौन में गुरुवार से दिखेगी बुंदेलखंड महोत्सव की झलक

**एजेंसी**

जालौन। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव 01 व 02 फरवरी को राजकीय इंटर कॉलेज उरई में होगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय इंटर कॉलेज उरई पहुंच कर बुंदेलखंड गौरव महोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। गुरुवार को हॉट एयर बैलून सुबह 6:30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में किया जाएगा, योग सुबह 7:30 बजे से 8:30 बजे तक इंदिरा स्टेडियम में किया जाएगा, हेरिटेज वॉक सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक कालपी में किया जाएगा, सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया जाएगा, टेथर्ड फ्लाइट्स शाम 6:30 बजे से 7:30 बजे तक राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में किया जाएगा। 2 फरवरी को फायरक्रैकर शो शाम 8:30 बजे राजकीय इंटर कॉलेज में किया जाएगा। बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में प्रत्येक कार्यक्रम में आमजनों की सहभागिता अनिवार्य है, समस्त जनपद वासी प्रतिभाग कर लुफ्त उठाएं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन स्थल पर पहुंच मार्गों पर साफ-सफाई, पार्किंग, अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था कराई जाए ताकि प्रतिभागियों को कोई समस्या न हो। आयोजन स्थल पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल फायर ब्रिगेड की गाड़ियां व स्वास्थ्य विभाग की टीम एंबुलेंस के साथ तैनात रहेंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन की तैयारी में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए, जिस अधिकारी को जो दायित्व दिए गए हैं, उसका निर्वहन करें।

# बलिया लोकसभा सीट से सपा का उम्मीदवार लड़ेगा चुनाव : संग्राम यादव

**एजेंसी**




बलिया। फ़ेफना से विधायक व समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव ने कहा कि बलिया लोकसभा सीट पर सपा ही लड़ेगी। यह दावा करते हुए उन्होंने कहा कि यह लोकसभा सीट समाजवादियों का गढ़ है।

उन्होंने बुधवार को अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि देश और प्रदेश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार लोकतंत्र एवं संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का अपहरण कर सत्ता पर बने रहना चाहती है। सपा जिलाध्यक्ष संग्राम सिंह यादव ने नई मतदाता सूची में व्यापक अनियमितता का आरोप लगाया। कहा कि विधान सभा चुनाव 2022 के दौरान जिन लोगों का नाम मतदाता सूची में था उनका भी नाम काट दिया गया है। विशेष रूप से समाजवादी पार्टी के समर्थन वाले बूथों और गांवों में सपा समर्थक मतदाताओं को चिन्हित करके उनका नाम काटा गया है। भाजपा पर आरोप लगाया कि थाने और पुलिस चौकियां भाजपा कार्यालय की तरह काम कर रही हैं। सपा कार्यकर्ताओं का प्रताड़ित किया जा रहा है और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। जिला चिकित्सालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सालयों की खस्ताहाल स्थिति है। कहीं भी आवश्यकता के अनुपात में चिकित्सक नहीं हैं। दवाइयों का अभाव है और जिला चिकित्सालय एक रेफरल हॉस्पिटल बन कर रह गया है। जिससे मरीजों को छोटी-छोटी बिमारियों के इलाज के लिए अन्य जनपदों में जाना पड़ रहा है। जिस कारण उनका आर्थिक और मानसिक शोषण हो रहा है। सपा जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि बिजली बिल बकाया वसूली के नाम पर गरीब किसानों एवं आम जनों को प्रताड़ित किया जा रहा है। कभी एफआईआर दर्ज कराया जा रहा है तो कभी आरसी काटी जा रही है। संग्राम सिंह यादव ने विकास के सवाल पर सरकार को नकारा बताते हुए कहा कि पिछले लगभग सात वर्षों से प्रदेश की वर्तमान सरकार समाजवादी पार्टी की सरकार में किये गए जनहित एवं विकास कार्यों का फीता काट रही है या नाम बदल रही है। वर्तमान सरकार द्वारा अब तक जनपद में विकास के नाम पर एक भी कार्य नहीं किया गया। सिर्फ अखबारों में बयान या विज्ञापन दिया जाता है। कहा कि दिल्ली की पीड़िता बेटी जो जनपद के मेडवरा कला की निवासी थी, तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव उसके गांव आये थे। उन्होंने उस बेटी के गांव तक की सड़क बनवाई और एक हॉस्पिटल बनवाया। वहां आज सड़क और हास्पिटल दोनों की दशा दयनीय है। उन्होंने फ़ेफना को ब्लॉक बनाने की मांग करते हुए कहा कि इसके लिए विधानसभा में भी आवाज उठाऊंगा। संग्राम यादव ने जनेश्वर मिश्र सेतु को बिहार के बक्सर-पटना मार्ग से जोड़ने की भी मांग की। इस अवसर पर जिला महासचिव बीरबल राम, प्रवक्ता सुशील पाण्डेय कान्हजी, शशिकांत चतुर्वेदी, अनिल राय व समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रजनीश यादव आदि उपस्थित रहे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक में निर्णय, पूर्व सैनिकों की समस्याओं को कराया जाएगा समाप्त

मेरठ। जिला सैनिक बंधु की बुधवार को हुई बैठक में पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से जुड़े जमीन के विवादों को समाप्त कराने का निर्णय लिया गया। इसके लिए पुलिस प्रशासन की मदद ली जाएगी। जिला सैनिक कल्याण एंव पुनर्वास अधिकारी कैप्टन राकेश शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को जिला सैनिक बन्धु की बैठक हुई। प्रशासन की ओर से बैठक नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार उपस्थित रहे। इस बैठक में जमीन और पुलिस से संबंधित शिकायतें आई। सबसे अहम मुद्दा पूर्व हवलदार सुशील कुमार निवासी ग्राम नीमका तहसील मवाना का रहा। उनका एक साल से जमीन विवाद चल रहा है। इस जमीन पर अवैध कब्जा बताया गया। इस मामले में एसडीएम से मिलने के लिए कहा। दूसरा मुद्दा सविता देवी पत्नी शहीद अनिल कुमार का रहा। अनिल कुमार 12 जून 2003 को शहीद हो गए थे। सविता देवी को कृषि हेतु आंवटन का प्रस्ताव पारित किया गया था। इस सम्बन्ध मे जिलाधिकारी द्वारा पत्र लिखा जा चुका है।

# जिलाधिकारी ने जलकल विभाग का किया औचक निरीक्षण



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। जिले में जलकल विभाग में बड़े पैमाने पर हो रहे भ्रष्टाचार और अव्यवस्थाओं को लेकर के लगातार जिला अधिकारी नेहा शर्मा को शिकायत मिल रही थी।जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने जलकल विभाग का औचक निरीक्षण किया गया।जहां पर औचक निरीक्षण के दौरान जिला अधिकारी को भारी अवस्थाएं देखने को मिली।जलकल विभाग में खड़ी कई गाड़ियां कबाड़ हो रही थी लेकिन उनका संचालन नहीं किया जा रहा था जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जलकल विभाग के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाते हुए सख्त से सख्त सभी गाड़ियों के संचालन किया जाने की निर्देश दिए जिला अधिकारी नेहा शर्मा के निरीक्षण के दौरान देखने को मिला कि

### जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त दिए निर्देश

ग्रीष्मकालीन ऋतु भी हम लोग जा रहे हैं और उसकी तैयारियां भी पहले से होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान हमने देखा है कि वॉटर टैंक है उनकी कितनी उपलब्धता है और कितने वॉटर टैंक हैं जो आवश्यकता पड़ने पर उपलब्ध रहते हैं। और सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि जलकल विभाग में खड़े जो भी वहां खराब है उनको जल्द से जल्द ठीक कर लिया जाए। और साफ सफाई को समय से कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

जलकल विभाग में खड़ी गाड़ियों के नाम पर भी डीजल पर्ची बनाई जाती है और उन गाड़ियों के नाम पर तेल दूसरी गाड़ियों में डलवा करके लोगों द्वारा घूमा जाता है।पूरे मामले में जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने नगर पालिका के अधिशासी अभियंता को जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।दरअसल गुरु नानक चौराहे के पास स्थित जलकल विभाग में तैनात अधिकारी मुस्तफिक द्वारा लगातार बडे पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा था और जलकल विभाग में खड़ी होकर कबाड़ हो रही गाड़ियों के नाम पर डीजल पर्ची बनवा करके दूसरे गाड़ियों में तेल डलवाया जा रहा था। जिसकी लगातार गोंडा जिलाधिकारी नेहा शर्मा को शिकायत मिल रही थी।

अचानक जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जलकल विभाग का आवश्यक निरीक्षण किया। जहां पर बड़े पैमाने पर अव्यवस्थाएं देखने को मिली जलकल विभाग में खड़ी चार-पांच लाखों रुपए की गाड़ियां कबाड़ हो रही है और इन गाड़ियों के संचालन के नाम पर जलकल विभाग के अधिकारी मुस्तफिक द्वारा सैकड़ों लीटर प्रतिदिन डीजल की पर्चियां बनाई जाती है और उन तेलों को जलकल विभाग में खड़ी गाड़ियों की बजाय दूसरे लग्जरी गाड़ियों में डलवाया जाता है। जिससे कि लोग गोंडा से लखनऊ लखनऊ से दिल्ली घूमते हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जलकर अधिकारी मुस्तफिक को जमकर फटकार लगाते हुए कार्य प्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए हैं।वही गोंडा जिला अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि जलकल विभाग का हमने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया है और जलकल विभाग में बनाई गई वर्कशाप का भी निरीक्षण किया गया है।

### डीजल पर्ची बांटने में और भेजने में भी दिक्कतें

जो टाइमलाइन बनी हुई है डोर टू डोर कूड़ा कनेक्शन की उसका भी शक्ति से पालन कराया जाए। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए वहां समय से नहीं पहुंच रहे हैं। इसकी भी लगातार शिकायत मिल रही थी।डीजल पर्ची बांटने में और भेजने में भी दिक्कतें आ रही थी और लगातार शिकायतें मिल रही थी आज मैंने औचक निरीक्षण के दौरान अधिकरियों को सख्त हिदायत भी दी है कि जल्द से जल्द अपने कार्य प्रणाली में सुधार लाएं।

# इस्कफ के तत्वाधान में शारिक रब्बानी के आवास पर साम्प्रदायिक सद्भावना दिवस मनाने के लिए गोष्ठी आयोजित



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नानपारा, बहराईच। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर व साहित्यकार शारिक रब्बानी के नानपारा स्थित आवास पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश (इस्कफ) के तत्वाधान में साम्प्रदायिक सद्भावना दिवस मनाने के लिए एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता इस्कफ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शारिक रब्बानी ने और संचालन शहनवाज़ बहराईची ने किया। बतौर विशिष्ट अतिथि एडवोकेट ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव और वरिष्ठ पत्रकार समाजसेवी डा शकील अंसारी मौजूद रहे। इस अवसर पर भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश (इस्कफ) द्वारा महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन धारण करने के अलावा नानपारा के गोयल चौराहे पर बने स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर गांधी जी के चित्र पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली भी अर्पित की गई। गोष्ठी में सर्वप्रथम आसिफ खां ने राष्ट्र को समर्पित गीत पढ़ा, शम्स नानपारवी, कैफ़ नानपारवी, शारिक रब्बानी और लाल नानपारवी ने देश और गंगा जमुनी तहज़ीब को समर्पित ग़ज़लें पढ़ी, शहनवाज़ खां बहराइची ने नज़्म और अय्यूब अंसारी ने कतात पढ़ें। और कई वक्ताओं ने अपने विचार भी रखे?। भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष शारिक रब्बानी ने कहा कि आज हम लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76 वीं पुण्यतिथि पर भारतीय सांस्कृतिक सहयोग एवं मैत्री संघ उत्तर प्रदेश (इस्कफ) तत्वाधान में साम्प्रदायिक सद्भावना दिवस मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। जिसका उद्देश्य विभिन्न धर्मों, भाषाओं एव संस्कृतियों को मानने वाले लोगो में साम्प्रदायिक सौहार्द का संवर्धन करना व राष्ट्रीय एकता को मजबूती प्रदान करना है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जिनका देश को आजाद कराने में विशेष योगदान रहा है वह साम्प्रदायिक में दृढ़ विश्वास रखते थे तथा आजादी एवं शांति की स्थापना उनके जीवन का लक्ष्य था। उन्होंने अहिंसावादी विचारों से पूरे विश्व की सोच बदल दी थी। देश में हर साल 30 जनवरी को महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है और बापू को याद किया जाता है। हमें राष्ट्र पिता महात्मा गांधी से प्रेरणा लेते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखना चाहिए और देश मे शांति व सद्भावना के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि महात्मा गांधी मानव इतिहास में सर्वश्रेष्ठ महापुरुष के तौर पर जाने जाते हैं। इनकी 76वी पुण्यतिथि पर सादर नमन है । उनके नैतिक मूल्यों से प्रभावित होकर तमाम लेखकों ने अपनी कलम चलाई है। महात्मा गांधी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। जिनके दम पर हमें बिना खड्ग बिना ढाल आजादी मिली उन्हें फिरका परस्त ने मौत के घाट उतार दिया। अंतिम समय उनके मुंह से हे राम निकला और उन्होंने दुनिया से बिदाई ली हमें उनके आदर्शो पर चलना चाहिए। डा शकील अंसारी ने कहा कि महात्मा गांधी गंगा जमुनी तहजीब के रखवाले थे। उन्होंने सबको साथ लेकर देश की आजादी के लिए लम्बी जद्दोजहद की और अहिंसा वादी होने के साथ हमेशा आपसी भाईचारा और सद्भावना के लिए कार्य किया। इसके अतिरिक्त गोष्ठी में दीपांश कुमार वर्मा, डा सै अब्दुल खबीर और शहाबुद्दीन खां आदि ने भी अपने विचार रखे ।

# 253 युवाओं को रोजगार मेले में मिली नौकरी विधायक अजय सिंह ने दिया नियुक्ति पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा : जिले के परसुपर खण्ड में विकास खंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया।रोजगार मेले का उद्घाटन विधायक अजय सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष वासुदेव सिंह ने किया।दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत आयोजित रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कम्पनियों के स्टॉलों का भ्रमण करते हुए कम्पनी के रिक्तियों के सापेक्ष निर्धारित योग्यता और पद के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई।खण्ड विकास अधिकारी द्वारा चयनित लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया गया।विधायक अजय सिंह द्वारा सेवायोजित युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।इस मेले में यथा ग्रेट रिसोर्स प्रालि, हीरो प्रालि,ब्राइट फ्यचर प्रालि, यजाकी इण्डिया प्रालि,टेकबीगो-360, एफआई इंटरप्राइजेज, ट्रीडेन्ट प्रालि अजीव प्रालि सहित कई कम्पनियों द्वारा विभिन्न प्रकार रिक्तियों के सापेक्ष युवाओं का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया गया।मेले में विकासखण्ड के 658 युवाओं ने प्रतिभाग करते हुए 502 युवाओं द्वारा पंजीकरण कराया गया।जिसमें लगभग 253 युवक व युवतियों को विभिन्न कंपनी में नौकरी मिली।इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी परसपुर जेएन राव,जिला समन्वयक प्रभुनाथ मिश्रा,पूर्व चिकित्सा अधिकारी एके सिंह,विधायक प्रतिनिधि सूरज सिंह और गुड्डू सिंह सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुलिस कार्यालय प्रांगण में बने नवनिर्मित जनपदीय मिशन शक्ति कक्ष का हुआ लोकार्पण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता के तहत बलरामपुर फाउण्डेशन के सौजन्य से पुलिस कार्यालय प्रांगण में बने नवनिर्मित मिशन शक्ति कक्ष का लोकार्पण किया। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की उपस्थिति में क्षेत्राधिकारी सदर सुश्री शिल्पा वर्मा ने नवनिर्मित मिशन शक्ति कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति कक्ष में प्रतिदिन महिला पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेंगी जो पीड़ित महिलाओं को साइबर एवं अन्य महिला उत्पीड़न एवं उनके अधिकार व महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिए बने कानूनों की जानकारी प्रदान करेंगी तथा महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान करेंगी।

# बालश्रम निषेध अभियान में चार सेवायोजक को नोटिस



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देश के अनुक्रम में बालश्रम निरोधक अभियान श्रमविभागचाइल्ड हेल्पलाइन, एएचटीयू यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया।जिसके अंतर्गत जनपद गोंडा के कटरा बाजार चन्दवतपुर आदि स्थानों पर अभियान चला कर चार सेवायोजक के विरूद्ध नोटिस जारी की गयी। खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने वाले सेवायोजकों के विरूद्ध दो वर्ष तक की सजा या पाँच हजार रूपए तक का जुर्माना तथा गैर खतरनाक प्रक्रिया के अंतर्गत दोषी पाए जाने पर सेवायोजक को एक माह तक की सजा या दस हजार रूपए तक जुर्माना या दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।सभी जनपद वासियों से अनुरोध है कि 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों वा किशोरों से काम न लें अभियान में श्रम विभाग से श्रम प्रवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सतेन्द्र प्रताप, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर आशीष मिश्रा, अपराजिता संस्था के जिला समन्वयक विकास जायसवाल चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर माखन लाल तिवारी, एएचटीयू से प्रभारी उप निरीक्षक अरुण कुमार, उपनिरीक्षक राम किशोर प्रसाद हेड कांस्टेबल गऊ चरन व महिला आरक्षी अमिता पटेल आदि मौजूद रहे।

# जनपद के 1.96 लाख बच्चों व किशोरों को खिलाई जाएगी पेट के कीड़े निकालने की दवाई

### दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को पांच फरवरी को मॉपअप राउंड चला कर दवा खिलाई जाएगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच। पेट में कीड़े होने से बच्चों और किशोर-किशोरियों में खून की कमी, कुपोषण, भूख न लगना, कमजोरी, स्वास्थ्य खराब होना और समुचित मानसिक विकास का न होना जैसी समस्याएं हो जाती हैं। इन्हीं समस्याओं से बचाने के लिए हर वर्ष राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में आज जनपद में एक से 19 वर्ष के बच्चों व किशोरों को पेट से कीड़े (कृमि) निकालने के लिए एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाई जाएगी। इस दिन दवा खाने से छूटे हुए बच्चों को पांच फरवरी को मॉपअप राउंड चला कर दवा खिलाई जाएगी। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार ने बताया कि पेट के कीड़े निकालने के लिए हर वर्ष दो बार अभियान चलाकर दवा खिलाई जाती है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत जिले के 2927 सरकारी 1158 निजी विद्यालयों के अलावा 3145 आंगनबाड़ी केंद्रों को शामिल किया गया है । इस अभियान के तहत 1965742 बच्चों को एलबेंडाजॉल की गोली खिलाने का लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि एक से दो वर्ष तक के बच्चों को 200 मिग्रा, यानि आधी गोली व दो से 19 वर्ष तक के बच्चों व किशोरों को 400 मिग्रा, यानि पूरी गोली खिलाई जानी है। छोटे बच्चों को गोली पीसकर दी जानी है जबकि बड़े बच्चों को इसे चबाकर खाना है।

राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर पंजीकृत एक से पांच वर्ष तक के बच्चों, छह से 19 वर्ष तक के स्कूल न जाने वाले बच्चों और घूमंतु व ईंट-भट्ठों आदि जगहों पर काम करने वाले श्रमिक बच्चों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से और छह से 19 वर्ष तक के स्कूल जाने वाले बच्चों को शिक्षक-शिक्षिकाओं के माध्यम से पेट के कीड़े निकालने वाली दवा खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में बाल विकास परियोजना अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, किशोर स्वास्थ्य काउंसलर, बीसीपीएम को जिला स्तरीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है ।

सीएमओ डॉ. सतीश कुमार सिंह ने बताया कि बच्चे अक्सर जमीन में गिरी चीज उठाकर खा लेते हैं। कई बार वह नंगे पैर ही संक्रमित स्थानों पर चले जाते हैं। इससे उनके पेट में कीड़े (कृमि) विकसित हो जाते हैं। इससे बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप कमजोर होने लगता है। एल्बेन्डाजॉल खा लेने से यह कीडे पेट से बाहर हो जाते हैं, जिससे शरीर में आयरन की शोषक क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर में एनीमिया अर्थात खून की कमी दूर होती है।

### राजनैतिक दलों के साथ बैठक आज

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु निर्वाचन व्यय दाखिल किये जाने सामग्री हेतु रेट-चार्ट का निर्धारण कर सूची तैयार कर ली गयी है। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु तैयार की दर सूची पर आवश्यक विचार-विमर्श हेतु 01 फरवरी 2024 को मध्यान्ह 12:00 बजे कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी के कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई है। एडीएम श्री रंजन ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

### पुलिस क्षेत्राधिकारी ने पैदल गस्त कर दिलाया सुरक्षा का एहसास



कैसरगंज बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र कुमार गौड़ ने थाना जरवल रोड के अंतर्गत जरवल चौकी जरवल कस्बा नगर का भ्रमण करके लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया और रूपेंद्र कुमार गौड़ ने सख्त लहजे में कहा है कि चोरी डकैती लूटपाट करने वालों की खैर नहीं है उनके लिए सलाखें तैयार है लड़कियों से छेड़छाड़ करने वालों को कतई बक्सा नहीं जाएगा पुलिस रात दिन उनके साथ खड़ी नजर आएगी,अगर गलत वारदात करने का इरादा भी बनाया तो पुलिस उन्हें पनपने नहीं देगी पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज इंस्पेक्टर थाना जरवल रोड पुलिस चौकी जरवल कस्बा मे पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में नगर का भ्रमण करके लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया और लोगों से अहवान किया कि किसी भी आपात स्थिति में सीयूजी नंबर तत्काल डायल करें एवं 112 का 1090 का हमेशा सदुपयोग करें दोषियों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग मेहरबान या लापरवाह परसपुर में बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से चल रहे नर्सिंग होम व अस्पताल




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोण्डा :जिले के तहसील करनैलगंज क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि कई अस्पतालो में आयुर्वेदिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं।वही परसपुर और कर्नलगंज में दर्जनों से अधिक सैकड़ों अवैध हॉस्पिटल और ट्रॉमा सेंटर चल रहे हैं।कोई अस्पताल दो कमरे में चल रहा है तो कोई किराए के मकान में इनमें ज्यादातर में झोलाछाप इलाज के नाम पर मरीजों से वसूली कर रहे हैं।शहर में संचालित अवैध अस्पतालों में प्रशिक्षित स्टाफ नर्स नहीं होती हैं और न ही ट्रेड टेक्नीशियन रखे जाते हैं।

इस तरह के अस्पतालों में लापरवाही की हद तो यह है कि आयुर्वेदिक स्नातक की डिग्री पर चिकित्सक गंभीर अवस्था के मरीजों का सीजर ऑपरेशन करते हैं ऑपरेशन टेबल पर मरीजों का केस बिगड़ने पर बाहर से प्रशिक्षित चिकित्सकों को बुलाया जाता है।वही परसपुर और कर्नलगंज में अवैध रूप से चलाए जा रहे नर्सिग होम व अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का शिकंजा नहीं कसने से मानकों को ताक पर रखकर चलाए जाने वाले अवैध अस्पतालों के संचालको के हौसले बुलंद है।बिना रजिस्ट्रेशन व सुविधाओं के चल रहे अस्पतालों ने स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल दी है. मनमाने तरीके से चलाए जा रहे अस्पतालों के सवालों के घेरे में आने के साथ ही विभागीय कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे है। परसपुर से लेकर करनैलगंज क्षेत्र तक दर्जनों से अधिक अस्पताल मानक विहीन अस्पताल है जो स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से बचें हुए हैं।

### मरीजों की जान से कर रहे खिलवाड़

स्वास्थ्य विभाग के सेटिंग गेटिंग के खेल चलते इन अस्पतालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होती है ये मानक विहीन अस्पताल बड़ी बीमारी बताकर अस्पताल आये हुए मरीजों का शोषण करते है बिना पंजीकरण के अस्पतालों का संचालन करने वाले संचालक अथवा ऐसे जगहों पर तैनात डॉक्टर गम्भीर रूप से सामान्य बीमारी से बीमार मरीजों को भी बड़ी बीमारी बताकर लम्बा इलाज करते है और शोषण करते है प्रसव के आने वाली महिलाओं को बिना जांच के ही ऑपरेशन की सलाह दे दी जाती है. जिससे कई बार महिलाओं व नवजात की जान भी चली जाती है।

परसपुर और कर्नलगंज में संचालित हो रहे नर्सिंग होम और अस्पताल जिले में सैकड़ो से अधिक अस्पताल व नर्सिग होम का संचालन किया जा रहा है जहां पर ओपीडी से लगाकर ऑपरेशन तक की सुविधा मुहैया कराई जा रही है संसाधनों के अभाव के बीच में प्रशासन की बगैर जानकारी के चल रहे है और इन अस्पतालों होने वाली मौतों का भी पता नहीं चल पाता है मनमाने तरीके से चलने वाले अस्पतालों पर होने वाली मौतों तक का पता प्रशासन या लोगों को पता तब चलता है जब परिवार के लोग मामले की शिकायत करतें है या फिर मौत के बाद हो हल्ला करते है।

वही सूत्र बता रहे है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी अस्पताल में डॉक्टरों की शिकायत के मामले में लीपापोती करके मामले को रफा दफा कर देती हैं और अवैध नर्सिग होम व अस्पतालो पर कार्यवाही करने के बजाय उनको को बढ़ावा दे रही हैं।

# श्रीराम व जानकी विवाह महोत्सव मंचन कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

### अवैध नशा कारोबार के समापन हेतु जन-जागरण अभियान चलाए जाने का भी लिया गया सामूहिक संकल्प

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



बहराइच। रामलीला कमेटी शेखदहीर (नगर क्षेत्र) के तत्वावधान में बुधवार से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व जानकी विवाह महोत्सव मंचन कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर आयोजक समिति की ओर से नशा को मानवता के प्रति अभिशाप मानते हुए अवैध नशा कारोबार के समापन हेतु जन-जागरण अभियान चलाए जाने का भी सामूहिक संकल्प लिया गया। श्रीराम लीला समिति शेखदहीर के आयोजक भानु प्रताप सिंह शानू व बालानंद ने बताया कि एक सप्ताह चलने वाले इस कार्यक्रम में अयोध्या से आए मंचन मंडली के कलाकारों द्वारा नारदमोह, राक्षसों का वध जनकपुर धाम की यात्रा व राम सीता विवाह आदि का सजीव मंचन आयोजित किया जाएगा। आयोजित कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि शेखदहीर रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं व पुरुषों को नशा के घातक प्रभावों की जानकारी देते हुए उन्हें नशा उन्मूलन का सामूहिक संकल्प दिलाया गया तथा अवैध नशा कारोबार पर पूर्ण विराम लगाने के लिए रामलीला मंच से ही जन जागरूकता अभियान चलाए जाने का कार्यक्रम भी तय किया गया। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राकेश चंद्र श्रीवास्तव (सुलह अधिकारी) ने आयोजन के लिए कमेटी को साधुवाद देते हुए रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों का उल्लेख कर राम राज्य की ओर बढ़ते भारत मे आम जन से प्रभावी जन सहयोग का आवाहन किया। मुख्य अतिथि डॉ0 अनीता जायसवाल (प्रदेश मंत्री भाजपा महिला मोर्चा) ने महिलाओं से समाज के विभिन्न गतिविधियों में प्रभावी सहयोग करने का आवाहन किया तथा परिवार, समाज व राष्ट्र के नवनिर्माण में महिलाओं के बढ़ते योगदान को भी रेखांकित किया। रामलीला मंडली प्रमुख छोटेलाल अवस्थी ने गणेश आरती एवं भजन प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। धन्यवाद ज्ञापन समाजसेवी एम0एम चक्रवर्ती ने दिया। इन अवसर पर प्रमुख रूप से हनुमान यादव, राजेश श्रीवास्तव, रोहित सिंह, विनोद कुमार, दुर्गेश सहित वरिष्ठ महिला नेत्री मीना द्विवेदी समेत सैंकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे और देर रात तक रामलीला मंचन का सजीव दृश्य निहारते रहे और रामसीता का जयकारा लगाते रहे। आयोजकों की ओर से अतिथियों को माल्यार्पण कर राम दरबार चित्र देकर स्वागत भी किया गया।

# गन प्वाइंट पर लेकर किराना व्यापारी के घर में हुई डकैती

## युवा व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे एसपी अतुल शर्मा से की जल्द खुलासे की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पुरनपुर। लगातार गश्त करने का दावा करने वाली पुलिस की पोल खुल गई।पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र गांव रमपुरा तालुके महाराजपुर बंडा हाइवे पर सुनील गुप्ता के मकान के नीचे किराने की दुकान है। रात कार सवार पांच बदमाशों ने गन प्वाइंट पर लेकर किराना व्यापारी को घर के अंदर ले गए। इसके बाद पत्नी साधना, पुत्री उन्नति, पुत्र अभिनव व आयु को गन प्वाइंट पर लेकर डाका डाला। इस दौरान बदमाशों ने लाखों की नगदी और जेवर अपने साथ ले गए। लगभग 20 लाख रुपए की डकैती की सूचना मिलने के बाद एसपी और एएसपी ने पहुंचकर पड़ताल की। जिस स्थान पर घटना हुई है। वह भीड़भाड़ वाला इलाका है। डाका डालने के बाद बदमाश शिकायत करने पर 8 दिन के अंदर परिवार को खत्म करने की धमकी देकर पूरनपुर की ओर फरार हो गए। बदमाश सीसीटीवी की डीवीडीआरबी अपने साथ ले गए। बदमाशों के जाने के बाद व्यापारी ने सूचना अपने रिश्तेदारों और पड़ोसियों को दी। वुधवार इस को लेकर नगर में खलबली मच गई। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस तहरीर बदलवाने का प्रयास कर रही है। व्यापारी नेता विजयपाल विक्की ने अपनी टीम के साथ पुलिस अधीक्षक से जल्द ही घटना के खुलासे की मांग की है।

# साइबर फ्राड के आरोपित को जमानत पर रिहा करने से इंकार, अर्जी खारिज

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 1 लाख 838 हजार रुपये के साइबर फ्राड के आरोपित बुधिसार शिकारी को जमानत पर रिहा करने से इंकार कर दिया है। कहा है कि अन्य सहअभियुक्तों को मिली जमानत की पैरिटी नहीं दी जा सकती, क्योंकि याची पर किंगपिन अपराधी होने का आरोप है।यह आदेश न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव ने जमानत अर्जी को खारिज करते हुए दिया है। मालूम हो कि घनश्याम ने साइबर थाना प्रयागराज में एफआईआर दर्ज कराई। जिसमें कहा गया कि उन्होंने एयरटेल मोबाइल फोन रिचार्ज कराया। उनके खाते से 598 रुपये कट गया, किंतु फोन रिचार्ज नहीं हुआ। बैंक प्रबंधक को जानकारी दी गई परन्तु कुछ नहीं हुआ।

याची का कहना था कि वह निर्दोष है और सह अभियुक्तों को जमानत मिल चुकी है। इसलिए उसे भी जमानत पर रिहा किया जाए। सरकार की तरफ से कहा गया गया कि चार्जशीट दाखिल की गई है। कोर्ट ने संज्ञान ले लिया है। अपराध गम्भीर है। जमानत अर्जी निरस्त की जाय।

कोर्ट ने कहा कि आजकल साइबर अपराध बढ़ रहे हैं।

# सपा नेता राजकुमार राजू ने उर्स में की शिरकत कर साम्प्रदायिक सौंहार्द एवं भाईचारे का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू ने अपने समर्थकों एव पार्टी पदाधिकारीयो के साथ पूरनपुर की जादोपुर गहलुइया स्तिथ सुप्रसिद्ध मस्तान शाह मियां की दरगाह पर पहुँचकर चादरपोशी की एव देश मे अमन शांति की दुआ की साथ ही सदभाव एव साम्प्रदायिक सौहार्द का संदेश दिया इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता राजकुमार राजू ने कहा की ''मस्तान शाह मियाँ एक महान संत थे। जिन्होंने हमेशा एकजुटता का संदेश दिया एव सभी धर्मों को एक माला मे मोतियों की तरह जोड़ के रखा जिसका जीता जागता संदेश इस दरगाह पर सभी धर्मों एव समुदाय के उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ है। जो इस बात को साबित करती हम सब को उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए भाईचारा एव एकजुटता को बनाए रखना चाहिये जिससे खुशहाली बनी रहे एव सभी लोग मिल जुलकर रहे।इसके बाद उन्होंने मेले मे आए सभी अकीदतमंदों से घूम घूम कर मुलाकात की एव हाल जाना उसके बाद सभी पार्टी कार्यकर्ताओ एव समर्थकों के साथ लंगर मे प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान



प्रमुख रूप से सछास जिलाध्यक्ष नोमान अली वारसी,सपा नेता तौफीक खान,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मोहम्मद मियाँ,नजमूल खान,बुद्धसेन,नरेश वर्मा,लारैव खा,गुर्जन्ट आदि बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## एसडीएम के आदेश पर 20 वर्ष पुराना मामला निस्तारित

जौनपुर। बदलापुर थाना क्षेत्र के कमलापुर गांव में दो व्यक्तियों के बीच लगभग 20 वर्ष से चल रहा जमीनी विवाद एसडीएम अर्चना ओझा के आदेश पर बुधवार को निस्तारित कर दिया गया। पुलिस एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ने मौके पर पहुंचकर मामला निपटा दिया। गांव निवासी श्रीराम और रामअधार के जमीन की कई बार राजस्व विभाग द्वारा पैमाइश कराई गई परंतु इसे एक पक्ष मानने के लिए तैयार नहीं था। आए दिन विवाद बना रहता था। यह मामला ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी के समक्ष पेश हुआ। इसे उन्होंने गंभीरतापूर्वक सुना और उसे त्वरित निस्तारण हेतु कोतवाली पुलिस एवं तहसीलदार को मौके पर पहुंचकर मामले को हल कराने के लिए निर्देश दिया राजस्व निरीक्षक, लेखपाल मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों को बैठाकर घंटो समझाए-बुझाए। अधिकारियों के काफी परिश्रम के बाद दोनों पक्ष संतुष्ट हुए और जमीन की पैमाइश के लिए राजी हुए। घंटों पैमाइश के बाद सीमांकन कराकर चिह्नित करा लिया गया।

## लगातार हो रही चोरियों को लेकर उद्योग युवा व्यापार प्रतिनिधि मंडल हुआ गंभीर खुलासे की करी मांग



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। दो दिन पूर्व पीलीभीत नगर में पुलिस पिकेट के नजदीक हुई चोरी की घटनाओं के बाद पूरनपुर में हुई डकैती की घटना के बाद पूरे जिले के व्यापारी स्तब्ध हैं।निरन्तर हो रही इस प्रकार की घटनाएं पुलिस के समक्ष अपराधियों की खुली चुनौती है। जो कि खोली जानी अत्यंत आवश्यक हैं।जनपद के पुलिस विभाग से आग्रह है।कि वे इन सभी घटनाओं को अत्यंत गम्भीरता से लेते हुए इनका अति शीघ्र वर्क आउट करे और भविष्य में अपनी रणनीति और कार्यशैली में आवश्यक परिवर्तन कर ऐसी घटनाओं को आगे घटित होने से रोकें।उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश इन घटनाओं से अत्यंत कष्ट और चिंता में है। और पीड़ित व्यापारियों के साथ हर कदम खड़ा है।यदि इन घटनाओं का त्वरित और गुणवत्ता पूर्ण खुलासा नहीं होता है। तो व्यापार मंडल व्यापारियों की बैठक बुलाकर इस सम्बंध में आगे की रणनीति बनाएगी कार्यवाही हेतु विवश होगा।उक्त जानकारी कपिल अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष उद्योग युवा व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश ने दी है।

## सेवानिवृत्ति हुए सीओ व्यापारी नेता ने दी विदाई



पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।पुलिस विभाग में रहे डीएसपी सुनील दत्त रिटायर हुए जिसमें पुलिस लाइन में बुधवार को सेवानिवृत होने पर विदाई सह सम्मान समारोह किया गया।जिसमें शिवसेना व उधोग युवा व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला अध्यक्ष शैली शर्मा व शिवसेना जिला उपाध्यक्ष प्यारे लाल प्रजापति एवम् अपने समस्त पदाधिकारियों के द्वारा सेवानिवृत हुए सुनील दत्त जी को सम्मानित कर माला पहनाकर विदाई का कार्यक्रम किया गया।जिले में कई जगह रहे।पुलिस क्षेत्राधिकारी जो बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे बहुत ही स्पष्ट साफ छवि के व्यक्ति होने के साथ-साथ जिले के तमाम दबे पिछले लोगों को न्याय दिलाने में बहुत सहयोग किया है।जिला अध्यक्ष शैली शर्मा ने शुभकामनाओं के साथ और उनकी अच्छी कार्यशैली के साथ बधाई देते हुए उनकी विदाई की है।

## बीएसपी केडर कैम्प का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधान सभा में सेक्टर फैजुल्लगंज में कैडर कैम्प का आयोजन किया गया है।कैंप में मुख्य अतिथि बरेली मंडल के मुख्य प्रभारी ब्रह्म स्वरूप सागर ने सभी को संबोधित करते हुए बसपा सरकार में कराये गये जनहित के कार्यो से सभी को अवगत कराया एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं को बसपा के प्रति उनकी जिम्मेदारी को भी बताया गया है।इस मौके पर सेक्टर अध्यक्ष विजयी प्रसाद की सहमति से एवं उपस्थित साथियों के समर्थन से सेक्टर के नये अध्यक्ष के रूप में गणेश राव को जिम्मेदारी दी गई।इस मौके पर जिला प्रभारी चंद्र शेखर आजाद, पूर्व जिलाध्यक्ष देव स्वरूप आर्य,शहादत अली एवं सम्मानित साथी उपस्थित रहे।

## रेशम पालन से किसान भरेंगे समृद्धि की उड़ान, बीएचयू बनेगा खेवनहार

मीरजापुर। बीएचयू के बरकछा स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय रेशम प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को 12वें बैच के लाभार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। पीलीभीत, शाहजहांपुर, बरेली व बिजनौर जनपद के किसानों को रेशम पालन के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

सहायक निदेशक सेवानिवृत्त आरएल मौर्या ने किसानों को शहतूती पौधारोपण, विशुद्धीकरण, चाकी कीट पालन तथा धागा कारण के बारे में जानकारी दी। कहा कि रेशम विकास कार्यक्रम कृषि पर आधारित एक श्रमजनित कार्यक्रम है। प्रदेश की जलवायु एवं सामाजिक आर्थिक स्थिति इस कार्यक्रम के लिए सर्वथा उपयुक्त है।

# जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ना केंद्र का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।एलएच चीनी मिल पीलीभीत के क्रय केंद्र नगरा द्वितीय एवं आमदार का निरिक्षण जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा किया गया।क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो को गन्ना तौल,एसएमएस पर्ची एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गयी।सभी क्रय केंद्र पर तैनात तौल लिपिकों का 15 दिन के अंतराल पर ऑनलाइन लॉटरी द्वारा स्थानांतरण किया जा रहा है।जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा निर्देश दिया गया कि सभी तौल लिपिक दैनिक खरीद रजिस्टर पर प्रतिदिन की गन्ना खरीद का लेखा रखेंगे।तौल लिपिक निरिक्षण कर्ता अधिकारी का पूर्ण सहयोग करेंगे। निरिक्षण कर्ता अधिकारी या निरिक्षण टीम को देखकर यदि कोई तौल लिपिक भाग जाता है। तो उसके बिरुद्ध कठोर कार्यवाही जी जाएगी। क्रय केंद्र पर उपस्थित किसानो द्वारा बताया गया कि गन्ना पर्ची से सम्बंधित मैसेज उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आ रहे है।किसान भाइयो से अनुरोध किया गया कि गन्ना विकास विभाग से जुडी किसी भी समस्या के लिये टोलफ्री नंबर 18001213203 पर शिकायत दर्ज कराएं। किसान पर्ची का मैसेज प्राप्त होने के बाद ही गन्ने की कटाई करे। साफ व ताज़ा गन्ना चीनी मिल मे आपूर्ति करे।चीनी मिलो को गन्ना आपूर्ति करने वाले किसान गन्ना समितियों के विधिक सदस्य होते है इसलियें कोई समस्या होने पर गन्ना समिति कार्यालय पर संपर्क करे। जिला गन्ना अधिकारी द्वारा यह भी बताया गया कि जिन गन्ना किसानो के पास कुल सट्टे से अधिक आपूर्ति योग्य गन्ना खेत मे खड़ा है। उसकी एडिशनल बॉन्डिंग की जायेगी।जिससे कि किसानो को गन्ना पर्ची प्राप्त हो सके और वह अपना गन्ना चीनी मिलो पर आपूर्ति कर सके। जिन चीनी मिलो के गेट व क्रय केन्द्रो पर मुख्य कैलेंडर का 9 वा पक्ष समाप्त हो गया है। वहां राजकीय गन्ना पर्वेक्षक एवं मिल कार्मिको द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र मे पेराई योग्य खड़े गन्ने का संयुक्त सर्वेक्षण किया जायेगा।जिससे कि आपूर्ति योग्य गन्ने की खरीद सम्बंधित चीनी मिलो द्वारा एडिशनल बॉन्डिंग के रूप मे की जा सके।यह काम सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों द्वारा प्राथमिकता से किया जायेगा।सर्वे कराने के बाद स्मार्ट गन्ना किसान पर किसानवार फीडिंग करायी जाये। निरिक्षण के दौरान मनोज साहू ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक,किसान महेंद्र सिंह,दीन दयाल,हरी नाथ,ताराचंद,वीरपाल भोजवाल,सत्य प्रकाश वर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे हैं।

# कंपोजिट विद्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।कंपोजिट स्कूल बिलगाव में वार्षिकोत्सव के रूप में पैरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों की माताओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कराया गया और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। माताओं और दादियों की गुब्बारा फोड़ प्रतियोगिता कराई गई और पूर्व छात्राओं द्वारा आलू दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। दोनों गेम बहुत ही मनोरंजक हुए क्योंकि पहली बार दादियां भी बच्चे बनकर आनंद ले रही थीं। प्राइमरी और जूनियर स्तर पर दौड़ का आयोजन किया गया। बाल अधिकार पर एक निबंध प्रतियोगिता भी कराई गई।अन्त में पुरस्कार वितरण इंचार्ज अध्यापिका सुनीता कटियार के द्वारा किया गया। अनीता तिवारी के द्वारा मंच संचालन किया गया और अंत में सभी उपस्थित जन समूह का आभार प्रकट किया गया। वार्षिक उत्सव में मुख्य रूप से शिप्रा गंगवार, आरती सक्सैना,विभा वर्मा,रेखा अग्रवाल,पूनम,नगमा खातून,नमिता सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा हैं।

# फागिंग के नाम पर प्रधान व सचिव ने एक माह में बिना फागिंग कर निकाली लाखों की धनराशि

## ग्राम प्रधान और सचिव द्वारा किया जा रहा जमकर सरकारी धन का बंदरबाट, योगी सरकार में नहीं रूक रहा भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर।दवा छिड़काव,के नाम पर प्रधान सचिव द्वारा करीब 105.160 रुपए का भुगतान कराया जा चुका है।

मच्छरों से मुक्ति की दवा के नाम पर पंचायत सचिव व प्रधान ने शासन से पैसे वसूले जबकि हकीकत तो यह है कि पिछले कई माह से दवा का छिड़काव नहीं किया गया।ग्रामीणों ने का कहना कि आज तक न तो दवा का छिड़काव किया गया है और न कभी फागिंग ही हुई है।संक्रमण से गांव को बचाने के नाम पर लाखों रुपये का गबन ग्रामीणों के साथ धोखा है।फंागिग के नाम पर इस तरह निकाली गई धनराशि का विवरण 10 दिसंबर को 25830,6 नबंवर को 42330 मशीन दवाई खरीदी, 6 नबंवर को 10000, 6 नबंवर को 20500,28 सितंबर को 6500 फंागिग मे खर्च 105.160 लाख फागिंग के नाम पर निकाल कर किया है। बंदरबांट इस पूरे मामले में सबसे ज्यादा हैरानी की बात तो यह है ।कि लाखों रुपये आहरित करने के बाद भी ग्राम पंचायत में सिर्फ कोरम ही पूरा किया गया है।पंचायत विभाग की इस करतूत का पता विभागीय अधिकारियों को भी है लेकिन अधिकारी मौन बैठें हैं।ग्राम निधि से अनियमित तरीके से निकाले गए धन की जांच की कराई जाये।जो दोषी मिले उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# सीएसजेएम विश्वविद्यालय और एमएसएमई के बीच हुआ एमओयू

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) छात्रों को बेहतर तकनीकी ज्ञान के लिए बराबर प्रतिष्ठित संस्थाओं से एमओयू कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को विश्वविद्यालय ने एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। इससे विश्वविद्यालय के छात्र एमएसएमई में उपलब्ध उच्च गुणवत्ता परक मशीनों के माध्यम से तकनीकी शिक्षा प्राप्त कर सकेगें।छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय एवं एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर कानपुर के मध्य बुधवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय की तरफ से समझौते पर कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक एवं एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर कानपुर की तरफ से प्रबंध निदेशक आनंद दयाल हस्ताक्षर किए गए।

# नार्दन रेलवे मल्टी स्टेट प्राइमरी कोऑपरेटिव बैंक के सभी संचालक अयोग्य घोषित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। नार्दन रेलवे मल्टी स्टेट प्राइमरी को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के उप सभापति-संचालक धीरेन्द्र सिंह यादव, अरविन्द कुमार पाण्डेय, रैदास, विक्रम सिंह व अभय कुमार (सभी संचालक) को बैंक प्रबन्ध समिति ने इंडियन रेलवे इम्पलाइज फ़ेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कुमार पाण्डेय की शिकायत पर 20 जनवरी को अयोग्य घोषित कर दिया है। अप्रैल 2022 मे सम्पन्न हुए चुनाव में जारी निर्देश के अनुसार यदि कोई भी रेल कर्मचारी रेलवे के मान्यता प्राप्त यूनियन का पदाधिकारी है तो वह चुनाव नहीं लड़ सकता है। रेलवे की मान्यता प्राप्त यूनियन नार्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन ओर नार्थ सेंट्रल रेलवे इम्पलाइज यूनियन ने अपने-अपने पदाधिकारियों को यूनियन के पदों से त्यागपत्र दिलवाकर बैंक का चुनाव लड़वाया और डेलिगेट का चुनाव जीतने के बाद पुनः यूनियन का पदाधिकारी बना दिया, जो को आपरेटिव बैंक के नियम (बाइलाज) का खुला उल्लंघन है।मनोज पाण्डेय ने बताया कि डेलिगेट का चुनाव जीतने वाले धीरेन्द्र सिंह यादव (मंडल मंत्री), अभय कुमार (मंडल उपाध्यक्ष), रैदस (कार्यकारी शाखा अध्यक्ष), विक्रम सिंह (शाखा मंत्री), अरविन्द कुमार पाण्डेय (सहायक शाखा मंत्री) को संचालक मण्डल का चुनाव जिता कर मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारी के साथ-साथ बैंक का संचालक बना दिया, जो नियम विरुद्ध था।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना सं० 05/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : मौजूदा स्टेबिल लाइन और वाशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान और शंटिंग कार्य के लिए इन सभी लाइनों को एक छोर पर जोड़ना और ट्रेन सेट डिपो सी.बी.जे. में वाशिंग पिट की नाली को लोहे के मेश से ढकने के साथ-साथ लोको मूवमेन्ट के लिए वाशिंग लाइन को उपयुक्त बनाना। अनुमानित लागत रूपयो में : रू. 4,44,92,285.85, बयाना राशि रूपयो में : रू. 3,72,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 6 माह। **1.** ई-निविदा दिनांक 21.02.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू - 522

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# प्रयाग की पांच दिवसीय पंचकोशी परिक्रमा गुरुवार से

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। तीर्थराज प्रयाग की पांच दिवसीय पंचकोशी परिक्रमा पहली फरवरी यानी गुरुवार से प्रारम्भ होगी। पांच फरवरी को महर्षि भरद्वाज के अभिषेक और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ परिक्रमा का समापन होगा।

श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक और अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरि ने बुधवार को यहां बताया कि काफी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु गुरुवार को लगभग 11 बजे पूर्वाह्न संगम तट से गंगा पूजन व आरती के साथ प्रयाग की पंचकोशी परिक्रमा का शुभारम्भ करेंगे।

उन्होंने बताया कि साधु-संतों और श्रद्धालुओं का समूह परिक्रमा के पहले दिन संगम से सीधे किला स्थित अक्षयवट का दर्शन-पूजन करने जायेगा। इसके बाद लेटे हुये हनुमान जी, संगम पुलिस चौकी के पास श्री दत्तात्रेय मंदिर एवं श्री शिवदत्त पुरी जी महाराज की समाधि का दर्शन व पूजन करेंगे फिर किला स्थित सरस्वती कूप का दर्शन व पूजन करके सभी लोग यमुना नदी किनारे स्थित श्री मौज गिरि महाराज के मंदिर पहुंचेंगे। पहले दिन की



परिक्रमा में नगर में कल्याणी देवी स्थित सिद्ध पीठ माता ललिता देवी मंदिर, नगर से बाहर यमुना किनारे स्थित श्री बरखंडी महादेव जी और नगर में कृष्णा नगर, कीडगंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर का दर्शन व पूजन होगा। देर शाम संगम वापस लौटकर आचमन व प्रार्थना के साथ प्रथम दिन की परिक्रमा का संगम स्थित श्री दत्तात्रेय शिविर में विश्राम होगा।

श्री महंत हरि गिरि के अनुसार शुक्रवार को द्वितीय दिवस की परिक्रमा फिर से संगम स्नान व पूजन के साथ प्रारम्भ होगी। दूसरे दिन साधु-संत व श्रद्धालु अरैल स्थित श्री शूलटंकेश्वर महादेव जी, अरैल स्थित आदि माधव जी तथा चक्र माधव जी इसके बाद सोमेश्वर महादेव जी फिर छिंवकी स्थित गदा माधव, ग्राम महेवा स्थित श्री भैरव जी का दर्शन व पूजन सम्पन्न करेंगे। शाम को संगम वापस लौटकर आचमन व प्रार्थना के साथ दूसरे दिन की परिक्रमा का संगम स्थित श्री दत्तात्रेय शिविर में विश्राम होगा।

इसी तरह तीसरे दिन की परिक्रमा भी शनिवार को संगम पूजन के साथ प्रारम्भ होगी। इस दिन साधु-संत यमुनापार में ग्राम लालापुर स्थित प्राचीन मनकामेश्वर महादेव जी, ग्राम बीकर में श्री पद्म माधव जी, ग्राम देवरिया स्थित सुजावन देव मंदिर और ग्राम पनासा में पर्णास मुनि के आश्रम में महर्षि वाल्मीकि, पर्णास ऋषि व ज्वाला देवी का दर्शन-पूजन करेंगे। बाद में संगम वापस लौटकर आचमन व प्रार्थना के साथ तीसरे दिन की परिक्रमा का संगम स्थित श्री दत्तात्रेय शिविर में विश्राम।

इसके बाद रविवार को चतुर्थ दिवस की परिक्रमा प्रारम्भ होगी। इस दिन गंगापार में झूंसी-प्रतिष्ठानपुरी स्थित समूद्रकूप एवं कल्पवृक्ष, झूंसी में ही श्री शंख माधव जी फिर ग्राम ककरा-दुबावल स्थित महर्षि दुर्वासा आश्रम, फाफामऊ स्थित पाण्डेश्वर महादेव, श्रृंगवेरपुर धाम में सीता कुण्ड एवं निषादराज स्थली, नगर में सलोरी स्थित श्री शेषनाथ भगवान, नागवासुकि भगवान एवं श्री असि माधव जी, दारागंज स्थित श्री वेणी माधव जी, श्री अलोपशंकरी माताजी एवं संगम स्थित श्री आदि माधव जी का दर्शन-पूजन करके चतुर्थ दिन की परिक्रमा का विश्राम होगा।

महंत हरि गिरि ने बताया कि पांचवें व अंतिम दिन सोमवार को संगम स्नान व पूजन के पश्चात कलश में गंगा जल लेकर महर्षि भरद्वाज आश्रम तक शोभा यात्रा निकलेगी। वहां महर्षि भरद्वाज का जलाभिषेक होगा। शाम को संगम स्थित श्री दत्तात्रेय शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम और महाप्रसाद के साथ पांच दिवसीय प्रयाग की पंचकोशी परिक्रमा का समापन होगा।

# अंतर्जनपदीय बाइक चोर गिरोह का एसपी अरूण कुमार सिंह ने किया खुलासा

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों की धरपकड़ को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी हर्ष पांडेय की देखरेख में कर्वी कोतवाल अजीत कुमार पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस टीम ने अंतर्जनपदीय बाइक चोर गैंग का खुलासा कर चार चोर के कब्जे से चोरी की चार बाइकों समेत दबोचा है।बुधवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को कोतवाली में तैनात दरोगा अनिल कुमार गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि चार चोर हनुमान धारा की ओर से देवांगना की ओर चोरी की बाइकें लेकर आ रहे हैं। दरोगा की टीम ने देवांगना घाटी से चारों को दबोच लिया। इनके कब्जे से चार मोटर बाइकें बरामद की। बरामद मोटर बाइकों के बाबत पूछताछ में बताया कि चारों कर्वी में किराये के घर में रहते हैं। गिरोह बनाकर जिला व सीमावर्ती जिलों में भीड़-भाड़ के स्थानों से मोटरबाइकों को चोरी कर बेंच देते हैं।बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, सिपाही कुलदीप द्विवेदी, पियूष शरण श्रीवास्तव, रोहित यादव व धीरेंद्र किशोर शामिल रहे।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **21.02.2024** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00602024 दिनांक 30.01.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 07/ Sr.DEN-C/LKO/2023-24, |
| 3 | कार्य का नाम | 1. सहायक मंडल इंजीनियर/उन्नाव के अधीन में सिथित बीघापुर बैलास्ट डिपो में 60000 घन मीटर 65 एम एम साइज मशीन द्वारा तोंडी गयी कठोर गिटटी जो आर0 डी0 एस0 ओ0/ लखनऊ के ट्रैक बैलास्ट हेतु जारी की गयी स्पेसीफिकेशन संख्या जून 2004 की आई आर एस-जी ई-आई तथा चीफ इंजीनियर के सर्कूलर संख्या 257 के अनुसार गिटटी की आपूर्ति, चटटा लगाना एवं मैकेनिकल लोडिंग का कार्य किया जाना। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 8,22,55,800.00 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 5,61,300.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं0 1 के लिये : स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 07.02.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 21.02.2024 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :— 1. निविदाकर्ता निविदा डालते समय गिट्टी की (इम्पैक्ट वेल्यू जो कि IS: 2386 Pt-IV-1963 पर आधारित हो, अब्रेशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt.-III- 1963 पर तथा वाटर एब्जोरपशन वैल्यू जो कि IS: 2386 Pt. III 1963 पर आधारित हो ) की जाँच रिपोर्ट जो कि रेलवे प्रयोगशाला/राजकीय प्रयोगशाला/राजकीय स्वामित्व वाले इंजीनियरिंग कालेज/राजकीय पालीटेक्निक/आई0आई0टी0 तथा एन0आई0टी0 की हो तथा निविदा नोटिस की तिथि से निविदा बंद होने की तिथि बीच की हो को संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेंगी। 2. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। **324/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चमक खोते सुप्रीम कोर्ट की हीरक जयंती

जनता की अपेक्षा के अनुरूप पर्याप्त एवं वक्त पर न्याय देने में असफल रहने के बावजूद लोगों की अंतिम आशा बने हुए भारत के शीर्ष न्यायालय ने रविवार को अपना हीरक जयंती समारोह मनाया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बताया कि आज के कानून कल के मजबूत भारत का आधार हैं। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कोर्ट की कार्रवाई के डिजिटलाइजेशन एवं न्यायदान सरल भाषा में करने जैसी उपलब्धियों पर संतोष जताया। जो बहुत सी बातें इस अवसर पर किसी भी जागरूक नागरिक के जेहन में उभरती हैं, वे वर्तमान परिस्थितियों में यह सवाल करने पर मजबूर करती हैं कि एक समर्थ, स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका के रूप में वह लोकतंत्र की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के संरक्षण के मामले में कितनी सफल हुई है। ईमानदारी से अगर इस बात की समीक्षा की जाये तो कह सकते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय को अभी लम्बा सफर तय करना है। ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि इन मोर्चों पर जैसे भारत का लोकतंत्र आहत होता दिख रहा है, क्या सबसे बड़ी अदालत उसे बचाने में कामयाब हो रही है? श्हांश कहने में किसी को भी संकोच हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के कुछ गिने-चुने न्यायाधीश ही ऐसे हुए हैं जिन्होंने अपनी जिम्मेदारी को वाकई गम्भीरता से लिया है, साहस के साथ। शीर्ष कोर्ट कई मसलों पर जन आकांक्षाओं पर खरा नहीं उतर पाया है, खासकर हाल के वर्षों में। और भी सटीक तौर पर वह कालखंड रेखांकित किया जाये तो वर्तमान दौर, जिसमें न्यायदान एवं न्याय प्रणाली दोनों की ही दुर्दशा सामने आई है। जो प्रधानमंत्री मोदी न्यायपालिका में अनेक सुधारों की बात करते थे, वे भी यथास्थिति कायम रखने में स्वहित मानने लगे हैं। 2014 में जब वे प्रधानमंत्री बने थे, उन्होंने राजनीति को अपराधमुक्त बनाने के लिये सर्वोच्च न्यायालय से उम्मीद की थी कि गम्भीर आरोपों के साथ विधायिका में पहुंचने वाले सदस्यों के बारे में फैसले एक वर्ष के भीतर सुना दिये जायें ताकि लोकतंत्र के मंदिरों को साफ किया जा सके। आशा अच्छी थी, लेकिन न्यायपालिका अपेक्षित व्यवस्था न कर सका और मोदी सरकार को भी इससे राहत ही मिली क्योंकि बाद में पाया गया कि अनेक आरोपी न केवल लोकप्रतिनिधि बनकर देश की विधान मंडलों एवं संसद के सदनों में पहुंचने लगे जिन्हें श्री मोदी बाहर ही रोकना चाहते थे। विरोधाभास व विडम्बना यह रही कि भाजपा ने ही ऐसे अनेक लोगों को टिकटें दीं और उन्हें भीतर बिठाया। और तो और, सदन की सदस्यता के दौरान लगे आरोपों में उनके खिलाफ कार्रवाई करना तो दूर, उनका पुरजोर बचाव किया। फिर ऐसे लोगों में महिलाओं का उत्पीड़न करने वाले हों या दुष्कर्म अथवा निर्दोषों को अपने वाहनों से जानबूझकर कुचलने वाले मंत्री पुत्र ही क्यों न हों। करोड़ों रुपयों की डील करने वाले केन्द्रीय मंत्री के पुत्र भी सरकार का संरक्षण पाकर बचे रहे। केन्द्रीय जांच एजेंसियों की एकतरफा कार्रवाइयों को कोर्ट महसूस तो करता है परन्तु सरकार से जवाब तलब नहीं कर पाया। इसी कालखंड में अनेक आपराधिक कृत्य सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी के लोगों की ओर से किये जाते रहे परन्तु न उन्हें सजा मिल सकी और न ही पीड़ित पक्षों को न्याय मिला। सामान्य सिविल व क्रिमिनल केसों का बात क्या की जाये, अधिक गम्भीर तथ्य तो यह है कि भारत में अब दो तरह के कानून जारी हैं- एक भाजपा के लिये, शेष सरकार विरोधी व्यक्तियों या संगठनों के लिये। इसी न्यायपालिका ने सत्ता दल के एक मंत्री व एक सांसद को यह कहकर छोड़ दिया था कि उन्होंने हेट स्पीच मुस्कुरा कर दी थी इसलिये वह अपराध नहीं है। अपने कई आदेशों को शब्दों व भावना के अनुरूप अनुपालन कराने में सुप्रीम कोर्ट नाकाम रहा है। यहां मामला पहुंचने का अर्थ ही मान लिया जाता है कि फैसला सरकार के और भाजपा के पक्ष में होगा। इक्के-दुक्के निर्णयों को छोड़ दें तो जनता की भी यही राय हैय और उसकी वजहें ठोस हैं- उदाहरणों सहित वे उद्धृत किये जा सकते हैं। किसान आंदोलन से लेकर शाहीन बाग आंदोलन, नोटबन्दी, जीएसटी और यहां तक कि धार्मिक मुद्दों पर आधारित मसले भी सरकार के पक्ष में छूटे हैं।

# है आपकी अदाओं से गिरगिट भी शर्मसार ...

**अगस्त 2022 में एनडीए से अलग होने के बाद नीतीश कुमार यह कहते फिर रहे थे -कि वे मर जाना पसंद करेंगे लेकिन भाजपा के साथ लौटना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने एनडीए से अलग होते समय भाजपा पर जेडीयू को कमज़ोर करने का आरोप भी लगाया था। उधर भाजपा की तरफ़ से भी गृह मंत्री अमित शाह का उसी समय बयान आया था कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाज़े हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। परन्तु इन सभी 'कथनों' को दरकिनार करते हुये दोनों ने ही एक दूसरे से हाथ मिला लिया ? हालांकि जे डी यू के कुछ नेताओं की तरफ़ से इस घटनाक्रम का दोष कांग्रेस पर मढ़ने की हास्यास्पद कोशिश की जा रही है। परन्तु दरअसल इस बार का पाला बदल नितीश कुमार पर बदनामी के साथ साथ अवसरवादिता की पराकाष्ठा की भी छाप छोड़ जायेगा। आर जे डी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी तो यहाँ तक कहते हैं कि नीतीश के बारे में राजनैतिक विशेषज्ञ कुछ नहीं बता सकता बल्कि उनके बारे में तो 'मनोचिकित्सक' ही बता सकता है। नीतीश ने तो स्वयं ही विपक्ष के लोकतंत्र बचाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। उन्हें तो शर्म आनी चाहिए, यह धोखा देना है। यदि उन्हें कोई शिकायत थी तो वे बात कर सकते थे। जबकि कांग्रेस ने नीतीश कुमार पर धोखा देने और रंग बदलने का आरोप लगाया है। परन्तु कुछ राजनैतिक विश्लेषक इस पूरे नाटकीय घटनाक्रम के पीछे कुछ और ही वजह बता रहे हैं। कहा जा रहा है कि जेडीयू के नेताओं व उनके निकट सहयोगियों पर जांच एजेंसियों का कसता शिकंजा इसकी प्रमुख वजह है। मिसाल के तौर पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गत वर्ष सितंबर में जेडीयू विधान पार्षद राधाचरण सेठ की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में हुई गिरफ़्तारी।**

नितीश कुमार बिहार की राजनीति के लिये कितना ही प्रासंगिक क्यों न रहे हों परन्तु उनके राजनैतिक जीवन का हासिल यही है कि उन्हें मीडिया ने 'पलटी मार' या 'पल्टूराम' का ख़िताब दे डाला है। नौ बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नितीश कुमार अलग अलग अवसरों पर कभी यू पी ए समर्थित मुख्यमंत्री बने तो कभी भाजपा व एन डी ए समर्थित तो कभी कांग्रेस आर जे डी के साथ महागठबंधन बनाकर। दुर्भाग्यवश डॉ राजेंद्र प्रसाद,जय प्रकाश नारायण व कर्पूरी ठाकुर की कर्मभूमि वाले इसी राज्य में सत्ता से चिपके रहने में महारत रखने वाले नेता राम विलास पासवान को भी राजनीति का 'मौसम वैज्ञानिक' कहा जाता था। कहने को तो यह नेता स्वयं को धर्मनिरपेक्ष राजनीति का पैरोकार बताते हैं परन्तु महज़ सत्ता की मलाई खाने के लिये इन नेताओं ने साम्प्रदायिक शक्तियों से हाथ मिलाने में कभी परहेज़ नहीं किया। आज देश में दक्षिणपंथियों का जो विस्तार देखने को मिल रहा है उसमें देश के ऐसे तमाम 'गिरगिटों ' की भी अहम भूमिका है जिन्होंने सिर्फ़ और सिर्फ़ सत्ता की ख़ातिर बार बार अपने ज़मीर का सौदा किया। परन्तु पिछले दिनों जिन परिस्थितियों में और जिस समय नितीश कुमार ने आर जे डी-कांग्रेस का साथ छोड़ एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद की शपथ नौवीं बार ली है, उनके इस अप्रत्याशित क़दम ने उन्हें पूरी तरह बेनक़ाब कर दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि कहाँ तो नितीश कुमार के ही प्रथम प्रयास से I.N.D.I.A गठबंधन वजूद में आया। नितीश की पहल पर ही 23 जून 2023 को 18 विपक्षी दलों की सबसे पहली बैठक पटना में ही हुई थी। यहाँ तक कि उन्हें I.N.D.I.A गठबंधन का संयोजक तक बनाने की चर्चा चली परन्तु अचानक ऐसा क्या हुआ कि उन्हें 'राजनैतिक व वैचारिक धर्म परिवर्तन ' के लिये मजबूर होना पड़ा ? कहां तो अगस्त 2022 में एनडीए से अलग होने के बाद नीतीश कुमार यह कहते फिर रहे थे -कि वे मर जाना पसंद करेंगे लेकिन भाजपा के साथ लौटना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने एनडीए से अलग होते समय भाजपा पर जेडीयू को कमज़ोर करने का आरोप भी लगाया था। उधर भाजपा की तरफ़ से भी गृह मंत्री अमित शाह का उसी समय बयान आया था कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाज़े हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। परन्तु इन सभी 'कथनों' को दरकिनार करते हुये दोनों ने ही एक दूसरे से हाथ मिला लिया ? हालांकि जे डी यू के कुछ नेताओं की तरफ़ से इस घटनाक्रम का दोष कांग्रेस पर मढ़ने की हास्यास्पद कोशिश की जा रही है। परन्तु दरअसल इस बार का पाला बदल नितीश कुमार पर बदनामी के साथ साथ अवसरवादिता की पराकाष्ठा की भी छाप छोड़ जायेगा। आर जे डी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी तो यहाँ तक कहते हैं कि नीतीश के बारे में राजनैतिक विशेषज्ञ कुछ नहीं बता सकता बल्कि उनके बारे में तो 'मनोचिकित्सक' ही बता सकता है। नीतीश ने तो स्वयं ही विपक्ष के लोकतंत्र बचाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। उन्हें तो शर्म आनी चाहिए, यह धोखा देना है। यदि उन्हें कोई शिकायत थी तो वे बात कर सकते थे। जबकि कांग्रेस ने नीतीश कुमार पर धोखा देने और रंग बदलने का आरोप लगाया है। परन्तु कुछ राजनैतिक विश्लेषक इस पूरे नाटकीय घटनाक्रम के पीछे कुछ और ही वजह बता रहे हैं। कहा जा रहा है कि जेडीयू के नेताओं व उनके निकट सहयोगियों पर जांच एजेंसियों का कसता शिकंजा इसकी प्रमुख वजह है। मिसाल के तौर पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गत वर्ष सितंबर में जेडीयू विधान पार्षद राधाचरण सेठ की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में हुई गिरफ़्तारी। बाद में पिछले ही साल नीतीश कुमार के एक और निकट सहयोगी जेडीयू विधायक और मंत्री विजय चौधरी के साले अजय सिंह उर्फ़ कारू सिंह के आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी,जेडीयू के क़रीबी माने जाने वाले एक और ठेकेदार गब्बू सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग द्वारा की गयी छापेमारी, बेगूसराय में बिल्डर कारू सिंह के आवास पर की गयी छापेमारी आदि केंद्र सरकार के ऐसे शिकंजे थे जिनके बाद यह संभावना बढ़ने लगी थी कि अब यह जांच नीतीश कुमार के कुछ क़रीबी अधिकारियों तक भी पहुँच सकती है। माना जा रहा है कि नीतीश के मन में भी यह डर ज़रूर रहा होगा कि कहीं इन्हीं मामलों में अब उनसे भी पूछताछ न शुरू हो जाए? वैसे भी दुनिया देख रही है कि भाजपा से मुख़ालिफ़त की क्या क़ीमत लालू यादव व उनके परिवार के लोगों को चुकानी पड़ रही है। जबकि ठीक इसके विपरीत हिमन्त बिश्व शर्मा और अजित पवार जैसे लोग जोकि भाजपा विरोधी होने के समय कभी विपक्ष के भ्रष्ट नेताओं की सूची में सबसे ऊपर हुआ करते थे वही सत्ता के समक्ष दंडवत करने के बाद अब किस तरह सत्ता सुख भोग रहे हैं ? इसलिये नितीश कुमार के पाला बदल का ताज़ातरीन खेल किसी राजनैतिक मजबूरी या किसी सहयोगी विपक्षी दल से लगी ठेस के कारण नहीं बल्कि स्वयं को सत्ता में 'सुरक्षित' बनाये रखने के मक़सद से खेला गया है। यहां एक बार फिर कांग्रेस नेताओं की दूरदर्शिता को स्वीकार करना पड़ेगा कि उन्होंने नितीश की इच्छानुसार उन्हें I.N.D.I.A गठबंधन का संयोजक नहीं बनने दिया। अन्यथा यही स्थित यदि नितीश के I.N.D.I.A गठबंधन के संयोजक के रूप में सामने आती फिर तो शर्तिया तौर पर I.N.D.I.A गठबंधन का जनाज़ा ही निकल गया होता? वैचारिक रूप से भी नितीश का इस समय भाजपा से गलबहियां करने का कोई औचित्य नहीं था। क्योंकि जाति जनगणना जैसे संवेदनशील विषय पर भाजपा जे डी यू आमने सामने थे। जबकि नितीश तो जाति जनगणना को लेकर इतने उतावले थे कि उन्होंने आनन फ़ानन में बिहार में जाति जनगणना भी करा डाली। बिहार को विशेष राज्य का दर्ज़ा दिये जाने जैसी नितीश कुमार की महत्वपूर्ण मांग आजतक भाजपा ने पूरी नहीं की। ऐसे में यदि नितीश को जांच का भय नहीं था तो आख़िर क्या वजह थी कि उन्होंने 'रंग बदलने' के अपने ही कीर्तिमान को फिर से तोड़ दिया ? क्या ऐसे अवसरवादी,सिद्धांतविहीन,सत्ता चिपकू व स्वार्थी राजनीतिज्ञों को भारतीय राजनीति के आदर्श नेताओं में गिना जा सकता है ? या यह कहा जाये कि नितीश जी- है आपकी अदाओं से गिरगिट भी शर्मसार। **-निर्मल रानी**




# कब थमेगा गाजा युद्ध

**आदित्य नारायण**

गाजा युद्ध शुरू होने के बाद पश्चिम एशिया में पहली बार अमेरिकी सैनिकों पर हुए हमले में तीन सैनिकों की मौत के बाद स्थिति और भयानक हो गई है। यह आशंका पहले ही व्यक्त की जा रही थी कि इजराइल-हमास युद्ध अगर फैलता है तो पूरी दुनिया के लिए बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। अमेरिका अपने आप को सुपर पावर मानता है लेकिन इस सुपर पावर से टकराने की हिम्मत ईरान समर्थित मिलशिया यानि इस्लामिक रजिस्टैंस समूह ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। इस समूह ने जार्डन में अमेरिकी सैन्य बेस पर हमला किया है। यह ग्रुप सीरिया, इराक, लेबनान और लीबिया में सक्रिय है। यद्यपि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसका बदला लेने की कसम खाई है लेकिन इससे युद्ध का विस्तार होने का खतरा पैदा हो गया है। इस्लामिक रजिस्टैंस ने कहा है कि उसके लड़ाकों ने ईराक में अमेरिकी कब्जे वाली ताकतों का विरोध करने और गाजा में इजराइल ने नरसंहार के जवाब में अमेरिकी ठिकानों पर ड्रोन हमले शुरू कर दिए हैं। इस्लामिक समूह इजराइल-हमास युद्ध में अमेरिका की भी भागीदार मानता है। इसलिए वह सीधे तौर पर अमेरिका से भिड़ गया है। इस तरह युद्ध का नया मोर्चा खुल गया है। ईरान समर्थित हूती विद्रोही पहले ही लाल सागर में माल वाहक जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उधर इजराइल पर जनसंहार के आरोप में दक्षिण अफ्रीका की ओर से घ्किए गए मुकदमे पर इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस का आदेश आ गया है। कोर्ट ने इजराइल से कहा है कि वह गाजा में घ्फलिस्तीनियों को हो रहे किसी तरह के नुक्सान को तुरंत रोके। गाजा में हमास को खत्म करने के लिए इजराइल ने ताबड़तोड़ हमले किए हैं और उसने अस्पतालों को भी अपना निशाना बनाया है। इन हमलों में हजारों निर्दोष लोग मारे गये हैं। हजारों महिलाएं घ्विधवा हो गई हैं और बच्चे अनाथ हो गये हैं। कोर्ट ने इजराइल को गाजा में मानवीय त्रासदी रोकने के लिए तुरंत और प्रभावी कदम उठाने को कहा है। इजराइल ने जनसंहार के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि आम फिलस्तीनियों को जो नुक्सान पहुंच रहा है उसके लिए आतंकवादी समूह हमास जिम्मेदार है। हमास ने गाजा के अस्पतालों, शरणार्थी शिविरों और रिहायशी आबादी के क्षेत्रों में भूमिगत सुरंगें बिछा रखी हैं जिस वजह से आम लोगों की मौत को रोकना असंभव है। युद्ध के कारण 23 लाख आबादी वाले गाजा की 85 फीसदी आबादी शरणार्थी बन चुकी है। अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इंटरनैशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस के आदेश के बाद क्या कुछ बदलेगा। जनसंहार के आरोपों को लेकर अदालत को फैसला लेने में बहुत समय लगेगा। हो सकता है कि इजराइल कोर्ट के फैसले को पूरी तरह से नजरंदाज कर दे। अब इजराइल को तय करना है कि वह क्या कदम उठता है। दो महीने से ज्यादा समय हो चुका है। युद्ध विराम की कोशिशें जारी हैं लेकिन युद्ध रुकने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे। इजराइल के प्रधानमंत्री घरेलू राजनीतिक परिस्थितियों को देखते हुए युद्ध जारी रखे हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि गाजा पट्टी पर मानवीय कॉरिडोर का निर्माण किया जाए और मानवीय आधार पर ही युद्ध बंद किया जाए। फिलस्तीनी लोगों को तुरंत और बिना किसी बाधा के मानवीय मदद पहुंचाई जाए। जंग एक करुर भट्ठी के सामन होती है जिसमें इंसानों को भयानक यातना से गुजरना पड़ता है लेकिन इस की तपिश दूर-दूर तक होती है। इस युद्ध ने गाजा पट्टी को नरक बना दिया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की त्रासदी भी कम नहीं है। अधिकतर देश चाहते हैं कि द्विराष्ट्र के सिद्धांत का पालन किया जाए और युद्ध को तुरंत रोका जाए। इस जंग में हत्या और विनाश का आलम ये है कि कोई ये नहीं मान सकता कि किसी तरह की शांति वापस आएगी। इस बार स्थिति भिन्न है। इस बात को तो फिलस्तीनी और इजराइल के साथ-साथ इस मुद्दे से जुड़ी शक्तियां भी मान चुकी हैं। युद्ध विराम के बाद क्या होगा, इस बात को लेकर इजराइली सरकार अपने सबसे अहम सहयोगी अमेरिका से कूटनीतिक टकराव मोल ले रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा पर अंधाधुंध बमबारी' के लिए इजराइल की आलोचना की है। फिर भी उनका इजराइल को समर्थन जारी है। वो उसे हथियारों और विस्फोटकों से भरे विमान भेज रहे हैं और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में युद्ध विराम प्रस्ताव पर वीटो कर रहे हैं। इसके बदले में जो बाइडेन चाहते हैं कि इजराइल स्वतंत्र फिलस्तीनी राज्य को लेकर वार्ता करने की बात मान जाए। देखना यह है कि गाजा युद्ध कैसे और कब खत्म होगा।

## सेहत मंत्र

# शरीर के लिए बेहद जरूरी है कैल्शियम

मानव शरीर को सुचारू रूप से कार्य करने के लिए कई तरह के पोषक तत्वों की जरूरत होती है और कैल्शियम इनमें से एक है। मनुष्य को मजबूत हड्डियों को बनाने और बनाए रखने के लिए कैल्शियम की आवश्यकता होती है, और शरीर का 99 प्रतिशत कैल्शियम हड्डियों और दांतों में होता है। मस्तिष्क और शरीर के अन्य हिस्सों के बीच स्वस्थ संचार बनाए रखने के लिए भी यह आवश्यक है। यह मसल्स मूवमेंट और कार्डियोवैस्कुलर फंक्शन में एक भूमिका निभाता है। कैल्शियम के साथ?साथ, लोगों को विटामिन डी की भी आवश्यकता होती है, क्योंकि यह विटामिन शरीर को कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। विटामिन डी मछली के तेल, फोर्टिफाइड डेयरी उत्पादों, और सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आता है। वहीं, कैल्शियम कई खाद्य पदार्थों में स्वाभाविक रूप से होता है, और खाद्य निर्माता इसे कुछ उत्पादों में जोड़ते हैं। वहीं इसके सप्लीमेंट्स भी मार्केट में उपलब्ध हैं। हेल्थ एक्सपर्ट बताते हैं कि कैल्शियम शरीर के लिए कई मायनों में बेहद जरूरी है। हमारे शरीर की लगभग हर कोशिका किसी न किसी तरह से कैल्शियम का उपयोग करती है। कुछ क्षेत्र जहां हमारे शरीर में कैल्शियम का उपयोग होता है वह हमारे तंत्रिका तंत्र, मांसपेशियों, हृदय और हड्डी है। अगर शरीर में कैल्शियम की पर्याप्त मात्रा हो तो आप ऑस्टियोपोरोसिस से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। वैसे मजबूत दांतों व हड्डियों का निर्माण करने के अलावा कैल्शियम ब्लड क्लॉटिंग, तंत्रिका तंत्र को संकेत भेजना व प्राप्त करना, हार्मोन व अन्य केमिकल्स को रिलीज करना व हार्टबीट को सामान्य रखने में भी मदद करता है। वहीं अगर कैल्शियम के स्त्रोत की बात हो तो आप कई तरह के खाद्य पदार्थों को डाइट में शामिल करके इसकी कमी को पूरा कर सकते हैं। वैसे तो डेयरी प्रॉडक्ट्स जैसे चीज़, दही, दूध आदि को कैल्शियम का मुख्य स्त्रोत माना जाता है, लेकिन इसके अलावा चिया सीड्स, सार्डिन व साल्मन, बीन्स, दालें, बादाम, केला, ओकरा और पालक जैसी हरी पत्तेदार सब्जियां, सोया मिल्क, सूखे अंजीर, सूरजमुखी के बीज, ब्रोकली आदि में कैल्शियम की अच्छी मात्रा पाई जाती है।

## धर्म मंत्र

# गीता में भगवान ने कहा है- जब जब अधर्म बढ़ता है तब तब मैं अवतार लेता हूँ

गीता प्रेमियों! दर्द एक संकेत है कि हम जिंदा हैं। समस्या एक संकेत है कि हम मजबूत हैं और प्रार्थना एक संकेत है कि हम अकेले नहीं हैं, हमारे साथ भगवान हैं। आइए ! गीता प्रसंग में चलते हैं- पिछले अंक में हमने पढ़ा- जो मनुष्य भगवान से विमुख रहता है उसके सामने भगवान अपनी योगमाया में छिपे रहते हैं और एक साधारण मनुष्य की तरह दिखते हैं, लेकिन जो भगवान के सम्मुख होता है, भगवान उसके सामने प्रकट हो जाते हैं। अब भगवान अपने अवतार का कारण बताते हैं-

**श्रीभगवानुवाच**
**यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत ।**
**अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।।**

हे भरत वंशी अर्जुन! जब भी और जहाँ भी धर्म का पतन और अधर्म का उत्थान होता है, तब-तब मैं अपने स्वरूप को प्रकट करता हूँ। कहने का तात्पर्य यह है कि जितनी बार आवश्यकता और अवसर प्राप्त हो जाए, उतनी बार भगवान अवतार लेते हैं। देखिए! समुद्र मंथन के समय भगवान ने अजितरूप से समुद्र मंथन किया, कच्छपरूप से मंदराचल पर्वत को धारण किया तथा सहस्त्रबाहु रूप से मंदराचल को ऊपर से दबाकर रखा, फिर देवताओं को अमृत बाँटने के लिए मोहिनी-रूप धारण किया। इस प्रकार भगवान ने एक साथ कई रूप धारण किए। सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग इन चारों युगों में क्रमशः धर्म का नाश होता रहता है।

## पर्यटन







# ऊर्ज़ा और शक्ति का स्त्रोत सूर्य देश में हैं अनेक सूर्य मंदिर

सूर्य को ऊर्ज़ा एवं शक्ति का स्त्रोत माना गया है। रविवार के दिन सूर्य देव की पूजा-अर्चना का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, सूर्य देव प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देने वाले देवता हैं। पौराणिक वेदों में सूर्य का उल्लेख विश्व की आत्मा और ईश्वर के नेत्र के तौर पर किया गया है। सूर्य की पूजा से जीवनशक्ति, मानसिक शांति, ऊर्ज़ा और जीवन में सफलता की प्राप्ति होती है। यही वजह है कि लोग उगते हुए सूर्य को देखना शुभ मानते हैं और सूर्य को अर्घ्य देते हैं। मान्यता यह भी है कि रविवार के दिन सूर्य देव का व्रत रखने से सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। वैदिक काल से ही भारत में सूर्योपासना का प्रचलन रहा है। पहले यह सूर्योपासना मंत्रों से होती थी। भविष्य पुराण में ब्रह्मा विष्णु के मध्य एक संवाद में सूर्य पूजा एवं मन्दिर निर्माण का महत्व समझाया गया है। अनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। रामायण में भी इस बात का जिक्र है कि भगवान राम ने लंका के लिए सेतु निर्माण से पहले सूर्य देव की आराधना की थी। भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र सांब भी सूर्य की उपासना करके ही कुष्ठ रोग से मुक्ति पाई थी। वैदिक साहित्य के साथ-साथ आयुर्वेद, ज्योतिष, हस्तरेखा शास्त्रों में सूर्य का महत्व प्रतिपादित किया गया है। आज तो सूर्य बिजली उत्पादन करने के विशाल श्रोत के रूप में देखा जा रहा है। जब मूर्ति पूजा का प्रचलन हुआ तो सूर्य की मूर्ति के रूप में पूजा प्रचलित हुई। इसी कारण भारत में सूर्य देव के कई प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर पाये जाते हैं। भारत के सूर्य मन्दिरों में उलार्क सूर्य मंदिर, कोणार्क सूर्य मंदिर, मोढ़ेरा सूर्य मंदिर, कटारमल सूर्य मन्दिर, रणकपुर सूर्य मंदिर, सूर्य पहर मंदिर, सूर्य मंदिर, प्रतापगढ़, दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, औंगारी सूर्य मंदिर, बेलार्क सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, हंडिया, सूर्य मंदिर, गया, सूर्य मंदिर, महोबा, रहली का सूर्य मंदिर, सूर्य मंदिर, झालरापाटन, सूर्य मंदिर, रांची, सूर्य मंदिर, जम्मू, मार्तंड मंदिर, कश्मीर एवं सूर्य मंदिर, कंदाहा आदि शामिल हैं।

# नाबालिग अपहृता का शव बरामद, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

दरियाबाद बाराबंकी अपहरण हुई छात्रा का शव दारिबाद थाना क्षेत्र में एक नहर में बरामद हुआ है। मामले में छात्रा की मां ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।

संदिग्ध हालात में लापता हुई 17 वर्षीय छात्रा का शव नहर में मिलने से हड़कंप मच गया। एक सप्ताह पहले मां ने एक युवक पर अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था।दरियाबाद थाना क्षेत्र के खैरन तकिया गांव निवासी बबुई देवी ने बीते 25 जनवरी को दरियाबाद कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनकी 17 वर्ष की पुत्री घर से शौच के लिए निकली थी मगर वापस नहीं आई।

खोजबीन के दौरान नहर की पटरी पर शौच के लिए ले जाया गया डिब्बा मिला था जबकि वह गायब थी। मां ने पुलिस को बताया था की रोशनी अपनी मां के यहां मसौली क्षेत्र में रहकर पढ़ती थी। उसने मसौली के ही बनियातारा गांव के एक युवक के खिलाफ बेटी को बहलाफुसला कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया था।



पुलिस ने आरोपी और उसके परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की मगर कोई नतीजा नहीं निकला। बुधवार को ग्रामीणों ने गांव के पास से निकली नहर में किशोरी का शव देखा तो परिजनों को सूचना दी। थानाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार आजाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला शव

बाराबंकी । सतरिख थाना क्षेत्र के रसूलपुर दुबे गांव में बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे घर से निकले 21 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता पाया गया । परिजनों की सूचना पर पहुंची सतरिख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिजनों के अनुसार सतरिख थाना क्षेत्र के रसूलपुर दुबे गांव निवासी प्रियांशु 21 वर्ष पुत्र देशराज बुधवार की दोपहर करीब 2 बजे घर से बाहर निकला था । उसके बाद शाम करीब 5:00 बजे उसका शव घर से करीब 1 किलोमीटर दूर पेड़ में प्लास्टिक की सहारे लटकता पाया गया । प्रियांशु का शव पेड़ से लटकता देखकर मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई । घटनास्थल पर रोते बिलखते पहुंचे परिजनों ने इसकी सूचना सतरिख पुलिस को दी । पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।मामले में एसओ अमर कुमार चौरसिया ने बताया है कि मृतक द्वारा की गई आत्महत्या का कोई कारण नहीं पता चल सका है। प्रथम दृष्टया परिवारिक कलह लग रही है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# श्रीमद भागवत कथा हमें जीना सीखाती है: अनुराग कृष्ण शास्त्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

टिकैतनगर,बाराबंकी। स्थानीय नगर पंचायत के दुर्गा पूजा पंडाल पर त्रिजुगी नारायण यज्ञसेनी व यज्ञसेनी परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के तृतीय दिवस में काशी से आए कथा वाचक पं अनुराग कृष्ण शास्त्री ने व्यासपीठ से

श्री वर बालक रिडखणतत्पर प्ध्दलायत लोचन देव ।

कुंतल संतति रजित सन्मुख देवकीनंदन गोबिंद वन्दे।।

राजा परीक्षित के प्रसंग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने जीवन के 51 वर्ष तक राज करने के बाद राजा परीक्षित वन की ओर निकले वन में काफी दूर जाने पर उनका सारथी व अंग रक्षक पीछे छूट गए वन के भीतर पहुंचने पर राजा परीक्षित ने देखा कि एक बैल का किसी ने तीन पैर काट दिया है। थोडी देर पर खड़ी गाय रो रही है बैल गाय को समझा रहा है कि मैं अपने कर्मों का फ़ल भुगत रहा हूं इसपे रोने की जरूरत नहीं है यह दृश्य देख देख राजा परीक्षित आश्चर्य में थे तभी एक काला कलुश व्यक्ति तलवार लेकर पहुचता और बैल का चौथा पैर काटने लगता है इसे देख राजा अपनी कमान से तीर निकालकर उस पर तान देते हैं और कहते हैं कि मेरे राज में इतना अनर्थ कैसे करोगे इस पर कलियुग पैरो में गिर गए और कहता है कि मै कलियुग हूं धर्म, पुण्य, भक्ति रूपी पैर को काट दिया हूं राजा ने कहा कि तुम हमारे राज को छोड़कर बाहर चले जाओ। इसपर



कलियुग ने कहा कि मेरे तीन भाईयो ने राज किया अब हमारी बारी हैं हमे भी अपने राज़ में जगह दीजीए महराज उसने खूबी बताते कहा कि द्वापर में हजारों वर्ष त्रेता में सैकड़ों वर्ष सतयुग में कई वर्षों तक जप तप करने से जो पुण्य प्राप्त होता है वह मेरे काल में पल भर मिलेगा। वहीं कथा सुनकर श्रद्धालु मगनमुग्ध और कई प्रसंगों पर भाव विभोर हो गए इस अवसर पर आचार्य शुभम् मिश्रा, आचार्य ओमकार नाथ तिवारी, पं इन्द्र प्रकाश पांडेय,शिवनारायण यज्ञसेनी,सूर्य नारायण यज्ञसेनी, प्रेमनारायण यज्ञसेनी,पंकज यज्ञसेनी, अम्बुज यज्ञसेनी,सतीश यज्ञसेनी,भैरव प्रसाद शुक्ला,गंगा प्रसाद शुक्ला, रामजस शुक्ला,अरूणेश तिवारी सहित तमाम श्रोता उपस्थित रहे।

## श्रीराम वनकुटी पहुंचकर डीएम ने जाना नेत्र रोगियों का हाल,वितरित की दवाएं



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीएम सत्येंद्र कुमार झा ने बंकी ब्लॉक के श्रीराम वनकुटी ट्रस्ट द्वारा आयोजित 43वें विशाल निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर पहुंचकर,दूरस्थ अंचलों एवं पड़ोसी जनपदों के मरीजों और उनकी सेवा में विभिन्न देशों से पधारे शल्य चिकित्सकों से संवाद स्थापित कर मरीजों एवं चिकित्सकों को शुभकामनाएं दीं तथा ऑपरेशन शिविर की सफलता की कामना की। इस अवसर पर उनके साथ सीएमओ डॉ.अवधेश कुमार यादव भी थे।

## लोक सभा सपा उम्मीदवार अवधेश प्रसाद का विनय पांडेय की अगुवाई कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखलेश यादव के द्वारा उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के 16 प्रत्यासियो को पार्टी का सिंबल देकर लोक सभा चुनाव में उम्मीदवार घोषित किया। जिसमे फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से सपा (पीडीए) के घोषित उम्मीदवार पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद का दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मंत्री व विधायक अवधेश प्रसाद का भव्य स्वागत किया। भिटरिया स्थित कार्यालय पर जिला सचिव व प्रधान काशीपुर विनय पाण्डेय व विधानसभा अध्यक्ष विजय यादव उर्फ गुड्डू की अगुवाई में सपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार अवधेश प्रसाद का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व विधायक राममगन रावत, बिन्नू जायसवाल, प्रणव यादव, सावन यादव रहे मौजूद।

## पूर्व सीएम अखिलेश यादव का आया प्रोटोकॉल 2 फरवरी को जनपद का दौरा

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पूर्व सीएम अखिलेश यादव आगामी शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहेंगे और अलग अलग कार्यक्रम मे शामिल होंगे।पूर्व सीएम श्री यादव जिले की तहसील फतेहपुर मे आयोजित पूर्व विधायक राजलक्ष्मी वर्मा के पौत्र के विवाह समारोह मे सम्मिलित होंगे। उसके बाद पूर्व सीएम अध्यक्ष नगर पंचायत बेलहरा के यहां आयोजित एक कार्यक्रम मे शामिल होंगे।सपा अध्यक्ष के आगमन को लेकर सपाई तैयारियों मे जुट गए। बताते चलें की पहले सपा मुखिया का आगमन बीती 26 जनवरी को होना था लेकिन बलरामपुर की गैसड़ी से सपा विधायक एसपी यादव के अचानक निधन के कारण कार्यक्रम निरस्त हो गया था।

## ऋषिराज जी बनाये गए मुख्य विकास अधिकारी

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वर्ष 2018 बैच के आईएएस वर्तमान मे सीडीओ कानपुर रहे ऋषिराज जी को बाराबंकी का नया सीडीओ शासन ने बनाया है। ऋषिराज जी पिछले दो वर्षों से कानपुर नगर मे जॉइन्ट मजिस्ट्रेट के पद पर तैनात थे।

पूर्व मे सीडीओ पद रही श्रीमती एकता सिंह का शासन ने बुधवार को जिले से हटाते हुए तबादला कर दिया जिसके बाद ऋषिराज जी को जिले मे भेजा गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 और अगवा करने के दो दोषियों को 7-7 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। न्यायालय ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष तथा किशोरी को भगाने के दो दोषियों को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उन पर अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न देने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना टूंडला क्षेत्र निवासी एक किशोरी 30 मार्च 2016 को सब्जी लेने गई थी। उसके बाद वह वापस घर नहीं आई। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। पिता ने एक अपचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना के बाद लड़की भगाने के मामले में रामकिशन व दीपक के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने सभी के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो विजय कुमार आजाद की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक संजीव शर्मा ने बताया मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने बाल अपचारी को नाबालिग से दुष्कर्म का दोषी माना। न्यायालय ने उसे 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने उस पर 10,000 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने रामकिशन व दीपक को सात-सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। दोनों पर नौ-नौ हजार रुपये का अर्थ दंड लगाया है। अर्थदंड न देने कर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। कोर्ट ने अर्थदंड की राशि पीड़ित को देने के आदेश दिए हैं।

## राममंदिर के बाद काशी और मथुरा में भी जल्द बने भव्य मंदिर : तोगड़िया

मथुरा। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया बुधवार को वृंदावन पहुंचे, यहां उन्होंने भूरीवाला आश्रम में साधु संतों से आशीर्वाद लिया। प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि राम मंदिर को लेकर कई साल से हजारों राम भक्त इंतजार कर रहे थे, अब वह इंतजार समाप्त हुआ है। मुझे 22 तारीख को ही दर्शन मिल गए, जबकि यह राम मंदिर 08 करोड़ लोगों की मेहनत के सवा रुपये से बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि राम मंदिर किसी एक व्यक्ति के रुपये से नहीं बना है। कोर्ट ने ज्ञानवापी में पूजा का आदेश दिया, इसका हम स्वागत करते हैं। इसी के साथ अब राम मंदिर के बाद काशी और मथुरा में भी जल्द भव्य मंदिर बने। प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि भव्य राम मंदिर हिंदुओं की विजय का स्मारक है। इस मंदिर को बनाने के लिए 08 करोड़ हिंदुओं ने 1989 में सवा रुपया दिया था, इसलिए मंदिर किसी एक व्यक्ति के पैसे से नहीं 08 करोड़ हिंदुओं के सवा रुपये से बना है।उन्होंने कहा, हमने 1990 से 240 फीट बाय 120 फुट के भव्य मंदिर की डिजाइन बनवाकर पत्थर गाड़ने का काम शुरू किया था। 32 वर्षों में हमने 60 हजार घन फिट पत्थर लोगों से लिए गए रुपयों से मंगवाये। इस समय जो मंदिर बना है, उसमें 54 हजार घन फिट पत्थर उस 60 हजार घन फिट पत्थर में से लगा है। इसलिए कह सकते हैं कि यह मंदिर 8 करोड़ हिंदुओं के सवा रुपये से लाए गये 54 हजार घन फिट पत्थर से बना हुआ है।

# राज्यमंत्री सतीश शर्मा द्वारा कम्बल वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। विकासखंड बनीकोडर क्षेत्र ग्राम पंचायत कोटवा सड़क में खाद एवं रसद आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश शर्मा बुधवार को कोटवा सड़क स्थित नाथ बाबा प्रांगण में करीब पांच सौ लोगों को कंबल वितरित किया गया कंबल पाने वाले लाभार्थियों में कोटवा सड़क मेडुवा लालपुर राजपुर भवानियापुर खेवली सनौली सोहिलपुर लगभग तीस ग्राम पंचायतों के जरूरतमंद शामिल थे। मंत्री ने कहा हमारी सरकार गरीबों के साथ खड़ी है हर स्तर पर उनका ख्याल रखा जा रहा है सरकार कल्याणकारी योजनाओं को लागू करके हर संभव मदद कर रही है इस मौके पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव मजिस्ट्रेट राम आसरे वर्मा क्षेत्राधिकार जटाशंकर मिश्रा ब्लॉक प्रमुख चंद्रशेखर वर्मा मंडल अध्यक्ष विवेक तिवारी भाजुमो मंडल अध्यक्ष मधुकर तिवारी घिराऊ रावत शशांक शुक्ला सुधाकर मिश्रा उदयराज रावत ललित तिवारी साहब बक्स सिंह सहित लाभार्थी गण क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कार्यवाहक डीजीपी बने प्रशांत कुमार जनपदवासियों मे खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। पुलिस महानिदेशक लॉ एण्ड ऑर्डर प्रशांत कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस के कार्यवाहक महानिदेशक डीजीपी बनाए गए हैं। उनको यह कार्यभार मिलते ही जिलावासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। वे उत्तर प्रदेश के 48वें डीजीपी बने हैं। बता दें कि, आईपीएस श्री कुमार के बाराबंकी जिले में बतौर पुलिस अधीक्षक वर्ष 2004-05 में तैनात रहे हैं। अपनी तैनाती के दौरान श्री कुमार ने अपराधियों पर खौफ पैदा कर रखा था। साथ ही में इन्होंने कई अपराधियों को इन्काउंटर में मार गिराया था। श्री कुमार की उत्कृष्ट कार्यशैली ही उनकी पहचान है। श्री कुमार 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। अभी तक उन्होंने चार बार गैलंट्री पदक, डीजी



सीआईएसएफ कमेंडेशन डिस्क, डीजी आईटीबीपी कमेंडेशन डिस्क सिल्वर, डीजी आईटीबीपी कमेंडेशन डिस्क गोल्ड, डीजी यूपी कमेंडेशन डिस्क सिल्वर, डीजी यूपी कमेंडेशन डिस्क गोल्ड, डीजी यूपी कमेंडेशन डिस्क प्लेटिनम से भी सम्मानित हुए हैं। इसके अलावा उन्होंने कई कुख्यात अपराधियों को भी मुठभेड़ में मार गिराया है। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा पांच लाख ईनामी कुख्यात अपराधी उदयभान यादव शामिल है। इस मुठभेड़ में उन्हें तीन लाख रुपया नकद और एक पिस्टल बतौर पुरस्कार सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त तीन नकद पुरस्कार के साथ अब तक कुल 109 कमेंडेशन व प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित हुए हैं।

# गरीबों, दलितों एवं पिछड़ों के मसीहा थे कर्पूरी ठाकुर: फरीद महफूज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शोषित पीड़ित समाज के मसीहा थे कपूरी ठाकुर सादा जीवन उच्च विचार के आदर्शों पर जीवन पर्यंत चले आरक्षण के वह प्रबल हिमायती थे आर्थिक असमानता को वह देश के लिए अभिशाप मानते थे।

उक्त विचार बुधवार को लोहिया भवन के बेनी बाबू सभागार में बाबा साहब वाहिनी प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण सेन द्वारा आयोजित कपूरी ठाकुर जयंती वर्ष पर पूर्व मंत्री फरीद महफूज किदवई ने व्यक्त किया

पूर्व मंत्री/विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा की कर्पूरी ठाकुर बिहार ही नहीं पूरे देश के नेता थे। व्यवस्था परिवर्तन कर वह एकरूपता के पचधार थे गांधी लोहिया व जयप्रकाश के समाजवादी विचारों से वह प्रभावित थे उनका सादा जीवन उनके उच्च आदर्शों को दर्शाता है। फरीद महफूज किदवई ने आगे कहा कि वह आरक्षण को जल्द से जल्द लागू कराना चाहते थे ताकि समाज में



विभिन्न जातियों के बीच आर्थिक असमानता को दूर किया जा सके और वह भी राजनीतिक आर्थिक व सामाजिक रूप से मजबूत हो सके सुशासन उनकी पहली प्राथमिकता थी अपने दो बार के कार्यकाल में उन्होंने बिहार की व्यवस्था को बदलने का कार्य किया जनता के मूलभूत मुद्दों पर वह मुकद्दर रहते थे मुकद्दर थे समाजवादी आंदोलन में उनकी भूमिका नहीं जा सकता पूर्व मंत्री ने उपस्थित भारी संख्या में आए लोगों के समक्ष कहा कि वह शासन स्तर पर कपूरी ठाकुर की एक बड़ी प्रतिमा वह एक पाल का नाम कपूरी ठाकुर के नाम से करने के लिए शासन को पत्र लिखकर मांग करेंगे

सपा जिला उपाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शबाह भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर को राजनीति का महानायक बताते हुए हां उन्हें प्रखर राजनेता बताया कार्यक्रम संयोजक बाबासाहेब वाणी उपाध्यक्ष अरुण सेन ने कपूरी ठाकुर के बताए रास्ते पर चलने का अनुसरण कर उनके किए कार्यों को याद किया सतीश शर्मा द्वारा सतीश शर्मा संचालन इस कार्यक्रम को संबोधित करने वालों में प्रदेश सचिव पूर्व प्रमुख मौलाना असलम जिला उपाध्यक्ष विजय यादव वास स्टडी ऑफ़ अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# नेहा के पास फरियाद लेकर पहुंचा प्रार्थी बोला, साहब तीन माह से नहीं बनी परिवार रजिस्टर की नकल

## तीन महीने बीतने को नहीं मिली परिवार रजिस्टर नकल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सिरौली गौसपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सक्त रवैये के बाद भी प्रार्थी भटक रहा दर- दर तीन महीने से अधिक बीतने को नहीं दी गई

परिवार रजिस्टर नकल प्रार्थी अश्वनी त्रिपाठी ग्राम पंचायत मरकामऊ प्रार्थी के पिता के द्वारा पूर्व में 3 महीने पहले अपनी ग्राम पंचायत में स्थित पंचायत भवन में पहुंचकर पंचायत सहायक को आवश्यक दस्तावेज दिए थे जिसके बाद पंचायत सहायक के द्वारा बताया गया आपका ऑनलाइन आवेदन हो गया है 5 से 6 दिन बाद आपकी परिवार रजिस्टर नकल मिल जाएगी लेकिन 3 महीने से अधिक बीतने को है लेकिन अभी तक प्रार्थी को परिवार रजिस्टर नकल नहीं दी गई प्रार्थी के पिता के द्वारा कई बार पंचायत भवन पहुंच कर जानकारी ली गई जहां पर पंचायत सहायक निधि मौर्य ने बताया की आपकी परिवार रजिस्टर नकल अभी सचिव साहब नहीं लाए हैं अब सवाल यह उठता है कि जब एक पत्रकार के परिवार के साथ जो हर एक की दबी आवाज को उठाने का कार्य करता है जब उसके परिवार के साथ वीरेंद्र तिवारी जैसे बेलगाम सचिव (कर्मचारी) ऐसा कार्य करते हैं एक छोटे से कार्य को लेकर 3 महीने से अधिक अपने दफ्तर के चक्कर लगवाते हैं तो यह आम जनमानस के साथ कैसे रवैया करते होंगे यह अपने आप में एक सोचने वाली बात है इन सभी बातों से थक हार कर प्रार्थी ने तेज तर्रार ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिला अधिकारी नेहा ब्याडवाल से शिकायत कर परिवार रजिस्टर नकल दिलाए जाने व सचिव पर कार्यवाही करने की मांग की है ।

## जिलाधिकारी ने सीडीपीओ चोलापुर का वेतन रोकने का दिया निर्देश

वाराणसी। जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने बुधवार को कार्य में लापरवाही पाये जाने पर सीडीपीओ चोलापुर का वेतन रोकने,चोलापुर की सुपरवाइजर रानी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला पोषण समिति की बैठक में एक्शन में दिखे।पुष्टाहार वितरण की सूचना फीडिंग कराने में पिछले माह से इस माह की प्रगति 21फीसदी कम होने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी चोलापुर अंजू चौरसिया, बैठक में उपस्थित सुपरवाइजर रानी के कार्य को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। जिलाधिकारी ने पोषण समिति की बैठक में पोषण ट्रैकर पर हर माह फीड किए जाने वाले विभिन्न इंडिकेटर्स की समीक्षा की।समीक्षा में पाया गया कि गत बैठक में कड़े निर्देश के बावजूद बाल विकास परियोजना अधिकारी चोलापुर ने टेक होम राशन की फीडिंग में कोई रुचि नहीं ली ।

# देश के लिए रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एक गौरवशाली क्षण : पंडित शशांक दीक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी।अयोध्या या भारत ही नहीं सारे संसार में राम की चर्चा है भारत तो राममय हो ही चुका है अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सनातन धर्म को मानने वाले व्यक्ति के लिए गौरव का छण रहा लगभग 500 वर्ष के दीर्घकालीन वनवास के पश्चात प्रभु श्री राम पुनः पूरे विधि विधान के साथ अपने जन्म स्थान में पुनः विराजमान हो गये भगवान राम फिर अयोध्या लौटे हैं लेकिन उनके उसे स्थान पर आखिर सभी पथ सभी संप्रदाय के लोग समय-समय पर क्यों आते जाते रहे हैं क्योंकि राम किसी संकीर्ण विचारधारा से नहीं बने हैं राम ही भारत की प्राण शक्ति हैं राम ही धर्म है मानव शरीर की श्रेष्ठ और



उदारता का सीमांत राम से ही बनता है हर व्यक्ति के जीवन में हर कदम पर जो भी अनुकरणीय है वह राम ही है इसलिए तो यहां सिख गुरु नानक देव भी आए और अयोध्या में जन्मे पांच जैन तीर्थंकरों ने भी अपने को राम की वंश परंपरा से जोड़ा बनारस से दलित संत रविदास अयोध्या में श्री राम दर्शन के लिए आए तो दक्षिण के आलावर संत भी दर्शन के लिए आए श्री राम की अयोध्या कैसी है अयोध्या लोकतंत्र की जननी है आराधिका है संरक्षिका है अयोध्या का लोकतंत्र संविधान या परंपरा से नहीं आचरण किसी श्रेष्ठता से चलता है अयोध्या का लोकतंत्र लोकमंगल से चलता है यह मंदिर से हमारी परंपरा संस्कृति धर्म सभ्यता मान सम्मान का गर्भनाल का रिश्ता है अयोध्या का मंदिर श्री राम का है इस बीच यह बात कहनी होगी अयोध्या में रामलला के मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा की जिस तरह से तैयारी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की निगरानी में हुई उसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है योगी आदित्यनाथ ने राज्य सरकार के कामकाज के साथ मंदिर निर्माण के काम को भी देखा वे रोज काम की प्रगति की जानकारी लेते रहे और जरूरी निर्देश अपने मंत्रिमंडल और साथियों और अफसर को देते रहे उनकी पैनी नजर के चलते ही राम मंदिर में चल रहा निर्माण कार्य वक्त रहते पूर्ण हुआ बहरहाल अयोध्या श्री राम की थी श्री राम की है और श्री राम की रहेगी श्री राम भारत के कण-कण में हमारे भाव की हर हिलोर में श्री राम है राम यंत्र तंत्र सर्वत्र है जिसमें रम गए वहीं राम है यहां सबके अपने-अपने राम हैं !

# टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट को एक स्थान का फायदा, पोप की लंबी छलांग

एजेंसी



दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बिना खेले एक पायदान का फायदा हुआ है वहीं हैदराबाद जीत के हीरो इंग्लैंड के ओपी पोप 20 स्थान की लंबी छलांग लगाते हुए 15वें पायदान पर पहुंच गये है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा जारी बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में पोप को हैदराबाद टेस्ट में 196 रनों की पारी खेलने का फायदा मिला और वह 20 पायदान की लंबी छलांग लगाते हुए 15वें स्थान पर पहुंच गये है। न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन अभी भी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। विराट कोहली पहले टेस्ट में नहीं खेले थे। इसके बावजूद उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है और वो छठे स्थान पर आ गए हैं। बाबर आजम उनसे एक पायदान ऊपर पांचवें स्थान पर है। ताजा रैंकिंग के अनुसार ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की शुरुआती पारी में अर्धशतक के बाद दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए। इंग्लैंड के बैटर बेन डकेट भी भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में 35 और 47 रन की पारी के बाद पांच स्थान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। हैदराबाद में इंग्लैंड की जीत और ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट सीरीज बराबरी पर खत्म होने के बाद टॉप-10 बल्लेबाजों की रैंकिंग में मामूली बदलाव हुआ है। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में छह विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर अपना स्थान बरकरार रखा है और जसप्रीत बुमराह को एक स्थान का फायदा हुआ है। वह हैदराबाद में छह विकेट लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की टेस्ट रैंकिंग में कगिसो रबाडा दूसरे और पैट कमिंस तीसरे स्थान पर हैं। ऑलराउंडर की ताजा जारी टेस्ट रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले स्थान पर बने हुए हैं। आर अश्विन दूसरे स्थान हैं। जो रूट ने भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट झटके थे और वो ऑलराउंडरों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे पायदान पर पहुंच गये हैं।

# तबीयत बिगड़ने पर मयंक अग्रवाल अस्पताल में हुए भर्ती

एजेंसी




अगरतला। कर्नाटका क्रिकेट टीम के कप्तान मयंक अग्रवाल को अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद अगरतला के एक निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। यह घटना मंगलवार को शाम को उस समय हुई जब अग्रवाल अगरतला से दिल्ली के रास्ते सूरत के लिए उड़ान भर चुके थे। विमान में बैठते ही अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। अग्रवाल ने इंडिगो के विमान में बैठने के बाद पानी समझकर एक बोतल से तरल पदार्थ ग्रहण किया था। जिसके बाद उन्हें पेट में दर्द महसूस होने लगा। इसके साथ ही उन्हें मुंह और गले में जलन की शिकायत की। उन्हें विमान में उल्टी भी हुई, जिसके बाद उन्हें अगरतला के आईएलएस अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। शुक्रवार को सूरत में कर्नाटका को रेलवेज के खिलाफ खेलना है। हालांकि कर्नाटका के शेष टीम को सूरत के लिए रवाना कर दिया गया। आईएलएस अस्पताल ने अग्रवाल के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि अभी उनकी हालत स्थिर है और वह चिकित्सीय निगरानी में हैं। अस्पताल ने बताया कि अग्रवाल को मुंह में जलन हो रही थी और उन्हें होठों पर सूजन का अनुभव हो रहा था। वह अगले 24 घंटे तक चिकित्सकों की निगरानी में रहेंगे। कर्नाटका क्रिकेट एसोसिएशन इस समय त्रिपुरा क्रिकेट एसोसिएशन और अग्रवाल का इलाज कर रहे चिकित्सकों के संपर्क है। अभी उनकी और जांच की जाएगी, जिसके बाद उनके बेंगलुरु लौटकर आगे के इलाज के संबंध में निर्णय लिया जाएगा। इंडिगो ने मेडिकल एमरजेंसी के चलते अगरतला से दिल्ली जा रहे उसके एक विमान को वापस अगरतला लौटने की पुष्टि की है। उन्होंने कि विज्ञप्ति में कहा ल्लमेडिकल एमरजेंसी के चलते अगरतला से दिल्ली के लिए संचालित होने वाले इंडिगो विमान 6ई 5177 को वापस अगरतला लौटना पड़ा। यात्री को विमान से उतारा गया और उन्हें चिकित्सीय लाभ के लिए अस्पताल ले जाया गया। विमान ने 4 बजकर 20 मिनट पर दोबारा अपने गंतव्य स्थान के लिए उड़ान भरी।

# विष्णु सरवनन ने सेलिंग में भारत के लिए हासिल किया पेरिस ओलंपिक का पहला कोटा

एजेंसी

एडिलेड। टोक्यो ओलंपियन विष्णु सरवनन ने बुधवार को आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैंपियनशिप 2024 में पेरिस ओलंपिक के लिए सेलिंग में भारत का पहला कोटा हासिल किया। ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड सेलिंग क्लब में आयोजित वन पर्सन डिंगी स्पर्धा में सरवनन ने छह दिनों में 125 नेट अंक हासिल किए और वह ओवऑल लीडरबोर्ड पर 26वें स्थान पर रहे। हालांकि, वह पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए कोटा सुरक्षित करने वाले नाविकों में पांचवें स्थान पर रहे। आईएलसीए 7 पुरुष विश्व चैंपियनशिप पेरिस 2024 के लिए एक क्वालीफाइंग स्पर्धा है जिसमें उन देशों के लिए सात कोटा शामिल थे, जिन्होंने पहले ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं किया था। एडिलेड मीट में प्रस्तावित अन्य छह कोटा ग्वाटेमाला, मोंटेनेग्रो, चिली, डेनमार्क, तुर्की और स्वीडन को मिले है। एडिलेड में यह रेस 26 से 31 जनवरी तक आयोजित की गई थी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के कुल 152 आईएलसीए 7 वर्ग (स्मॉल सिंगल-हैंडेड डिंगी) सेलर ने हिस्सा लिया था। भारत के मोहित सैनी 329 नेट अंकों के साथ कुल मिलाकर 136वें स्थान पर रहे। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू वेर्न ने 24.0 नेट अंकों के साथ खिताब जीता। टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता नॉर्वे के हरमन टॉमसगार्ड 34.0 अंकों के साथ रजत पदक, ब्रिटेन के माइकल बेकेट ने 41.0 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। उल्लेखनीय है कि सेलिंग में कम अंक बेहतर होते हैं। पिछले वर्ष सरवनन ने इसी सेलिंग कैटेगरी में हांगझोऊ में आयोजित एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने टोक्यो 2020 में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया था, जहां वह फील्ड ऑफ 35 में 20वें स्थान पर रहे थे।

# बीसीसीआई सचिव जय शाह लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एसीसी अध्यक्ष चुने गए

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख बने रहेंगे। बुधवार को बाली में एसीसी की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में एक और वर्ष के लिए उनके विस्तार को सर्वसम्मति से मंजूरी दे दी गई। उन्होंने अपना पहला दो साल का कार्यकाल 2021-22 में पूरा किया और 2023 में उन्हें एसीसी प्रमुख के रूप में फिर से नियुक्त किया गया। बुधवार, 31 जनवरी को बाली में एसीसी की वार्षिक आम बैठक के दौरान महाद्वीपीय निकाय के प्रमुख के रूप में उनकी पुनर्नियुक्ति पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई। एसीसी की प्रेस विज्ञप्ति के हवाले से कहा गया, ''जय शाह के विस्तार का प्रस्ताव श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा ने दूसरी बार किया था और नामांकन को एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से समर्थन दिया था। अपनी नियुक्ति पर शाह ने कहा, ल्लमैं एसीसी बोर्ड के निरंतर भरोसे के लिए उनका आभारी हूं। हमें उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के साथ खेल के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए जहां यह अभी भी अपनी प्रारंभिक अवस्था में है। एसीसी पूरे एशिया में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह को 2021 में पहली बार एशियाई क्रिकेट परिषद के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था जब उन्होंने उस वर्ष जनवरी में नजमुल हसन की जगह ली थी। एसीसी अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल 2024 जनवरी तक बढ़ा दिया गया था। 2021 में 32 साल की उम्र में, जय शाह एसीसी प्रमुख की भूमिका संभालने वाले सबसे कम उम्र के प्रशासक बन गए थे। शाह ने कठिन दौर में एशियाई क्रिकेट परिषद का नेतृत्व किया है क्योंकि कोविड-19 महामारी का विश्व क्रिकेट पर प्रभाव पड़ा था। द्वीप राष्ट्र के वित्तीय संकट के कारण श्रीलंका से बाहर स्थानांतरित होने के बाद पुरुषों का एशिया कप 2022 में संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित किया गया था। शाह ने पुरुषों के एशिया कप 2023 के लिए एक हाइब्रिड मॉडल को अपनाने का भी निरीक्षण किया, जो 50 ओवर के प्रारूप में खेला गया था, टूर्नामेंट की सह-मेजबानी पाकिस्तान और श्रीलंका ने की थी। जय शाह बीसीसीआई के मानद सचिव के रूप में कार्यरत हैं, उन्होंने सौरव गांगुली के साथ काम किया है और अब रोजर बिन्नी के साथ काम कर रहे हैं, जिन्होंने पिछले साल बोर्ड अध्यक्ष का पद संभाला था। एशियन क्रिकेट काउंसिल ने 2023 में पहली बार पुरुषों, महिलाओं और आयु-समूह टीमों के लिए टूर्नामेंट के साथ 2-वर्षीय स्थिरता सूची की घोषणा की थी।

# एएफसी एशियाई कप: दक्षिण कोरिया क्वार्टर फाइनल में, सऊदी अरब को पेनल्टी शूटआउट में हराया

दोहा। दक्षिण कोरिया ने मंगलवार रात एजुकेशन सिटी स्टेडियम में सऊदी अरब को पेनल्टी शूट-आउट में 4-2 से हराकर एएफसी एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। 120 मिनट की समाप्ति पर दोनों पक्षों के 1-1 की बराबरी पर पहुंचने के बाद, गोलकीपर जो ह्योन-वू दक्षिण कोरिया के लिए हीरो बन गए।

उन्होंने सऊदी की तीसरी और चौथी पेनल्टी बचाई। प्रीमियर लीग क्लब वॉल्वरहैम्प्टन वांडरर्स के फारवर्ड ह्वांग ही-चान ने विजयी पेनल्टी मारकर अपनी टीम को अंतिम-आठ में पहुंचाया, जहां उनका सामना शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया से होगा। इससे पहले मंगलवार को राउंड ऑफ 16 के एक अन्य मैच में उज्बेकिस्तान ने थाईलैंड को 2-1 से हराया।

# प्रीमियर लीग: आर्सेनल दूसरे स्थान पर पहुंचा, न्यूकैसल ने विला को हराया

एजेंसी



लंदन। नॉटिंघम फ़ॉरेस्ट पर 2-1 की जीत के बाद आर्सेनल मंगलवार रात प्रीमियर लीग स्टैंडिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। पहला हॉफ गोलरहित रहने के बाद आर्सेनल में दूसरे हॉफ में बढ़त बनाई, जब 65वें मिनट में गेब्रियल जीसस ने बेहतरीन गोल किया। मार्टिन ओडेगार्ड ने खराब क्लीयरेंस के बाद 72वें मिनट में जीसस ने बुकायो साका को पास दिया और उन्होंने इसे गोल में बदलकर आर्सेनल को 2-0 की बढ़त दिला दी। अंतिम मिनटों में ताइवो अवोनियी ने गोल कर फ़ॉरेस्ट का खाता खोला और स्कोर 2-1 हो गया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। न्यूकैसल यूनाइटेड ने एस्टन विला पर 3-1 की शानदार जीत दर्ज की। फैबियन शार्र ने न्यूकैसल को लिए दो और एलेक्स मोरेनो ने एक गोल किया, वहीं, ओली वॉटकिंस ने एस्टन विला के लिए एकमात्र गोल किया। एक अन्य मैच में ल्यूटन टाउन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्राइटन पर 4-0 की जीत दर्ज की। ल्यूटन टाउन के लिए एलिजा अदेबायो ने 3 और चिडोज़ी ओगबीन ने 1 गोल किया। इसके अलावा क्रिस्टल पैलेस ने दो बार पीछे से वापसी करते हुए घरेलू मैदान पर निचली टीम शेफ़ील्ड यूनाइटेड को 3-2 से हरा दिया। क्रिस्टल पैलेस के लिए एबेरेची एज़े ने दो और माइकल ओलिसे ने 1 विकेट लिया। वहीं, शेफ़ील्ड के लिए बेन ब्रेरेटन और जेम्स मैकएटी ने 1-1 गोल किया। बुधवार रात मैनचेस्टर सिटी का सामना बर्नले से और लिवरपूल का सामना चेल्सी से होगा।

# एशियन कप रेड कार्ड को लेकर दुर्व्यवहार के बीच एफए ने रेफरी फघानी का किया समर्थन

एजेंसी

कैनबरा। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया (एफए) ने ईरानी-ऑस्ट्रेलियाई रेफरी अलीरेज़ा फघानी का समर्थन किया है, जिन्हें एएफसी एशियाई कप में इराक के लिए लाल कार्ड को लेकर ऑनलाइन दुर्व्यवहार का शिकार होना पड़ा था। मंगलवार रात जारी एक बयान में, एफए ने कहा कि वह सोमवार को कतर में एशियाई कप से जॉर्डन द्वारा इराक को बाहर करने के बाद रेफरी को ऑनलाइन निशाना बनाए जाने के बाद फघानी और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ काम कर रहा है। एफए ने कहा, ''फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया के सभी कर्मचारियों और ऑस्ट्रेलियाई फुटबॉल समुदाय के सदस्यों की सुरक्षा और भलाई हमारी प्राथमिकता है। फुटबॉल ऑस्ट्रेलिया अलीरेज़ा के साथ लगातार संपर्क में है और उन्हें और उनके परिवार को सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। फघानी, जिन्होंने 2008 से फीफा रेफरी के रूप में काम किया है और 2023 से ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया है, ने 77वें मिनट में अत्यधिक जश्न के लिए अयमेन हुसैन को दूसरा पीला कार्ड दिया। हुसैन ने राउंड-16 के मैच में इराक को जॉर्डन के खिलाफ 2-1 की बढ़त दिलाने के बाद उत्साह में अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सके और जश्न मनाने लगे। 10 खिलाड़ियों के साथ, इराक अपनी बढ़त बरकरार रखने में असमर्थ रहा और जॉर्डन ने 95वें और 97वें मिनट में गोल करके 3-2 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में पहुंच गया। मैच के बाद, सोशल मीडिया पर कुछ प्रशंसकों ने फघानी पर निशाना साधा और उनके खिलाफ अभियान चलाया, जिसका बुधवार तक 750,000 से अधिक लोगों ने समर्थन किया। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने एक बयान में कहा है कि वह रेफरी, खिलाड़ियों, अधिकारियों या हितधारकों को निशाना बनाकर किसी भी प्रकार की धमकी, उत्पीड़न या व्यक्तिगत जानकारी के खुलासे की निंदा करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अफरीदी ने सभी प्रारूपों में समान कप्तान की वकालत की

**कराची।** पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से कप्तानी को लेकर टीम में अंदरूनी कलह को रोकने के लिए सभी प्रारूपों में एक ही कप्तान रखने की नीति का पालन करने का आग्रह किया है। पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहने के बाद स्टार बल्लेबाज बाबर आजम ने तीनों प्रारूपों की कप्तानी छोड़ दी थी। पीसीबी ने इसके बाद शाहीन शाह अफरीदी और शान मसूद को क्रमशः टी20 और टेस्ट कप्तान नियुक्त किया। अफरीदी ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''पीसीबी को सभी प्रारूपों के लिए एक कप्तान रखना चाहिए और उप कप्तान रखने की कोई जरूरत नहीं है। इससे सभी खिलाड़ियों को स्पष्ट संदेश जाएगा कि कौन प्रभारी है। टीम निदेशक मोहम्मद हफीज का समर्थन करते हुए 46 साल के अफरीदी ने कहा कि कप्तान और टीम प्रबंधन को कम से कम तीन साल का अनुबंध मिलना चाहिए। उन्होंने कहा, ''अगर आपको लगता है कि मोहम्मद हफीज अच्छे हैं तो उन्हें सिर्फ एक श्रृंखला के आधार पर नहीं आंकें, उन्हें उचित समय दें। यही बात कप्तान पर भी लागू होनी चाहिए। उन्हें तीन साल तक टीम में रहना चाहिए। अफरीदी ने कहा कि इस साल होने वाले विश्व कप से पहले टी20 टीम के खिलाड़ियों को अधिक मौके दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा, ''टी20 विश्व कप इस साल बहुत कठिन टूर्नामेंट होने वाला है और कुछ बहुत मजबूत टीमें खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। मुझे नहीं लगता कि यह इस प्रारूप की टीम में बदलाव करने का समय है। अफरीदी ने कहा, ''हमें बस खिलाड़ियों के उसी समूह को बरकरार रखने और उन्हें आत्मविश्वास देने की जरूरत है। लेकिन हां, मैं फखर जमां और सैम अयूब को टी20 में बल्लेबाजी की शुरुआत करते देखना चाहूंगा।

### अफगानिस्तान टेस्ट के लिए श्रीलंकाई टीम घोषित, गुनाशेखरा, रथनायके और उदारा नये चेहरे

**कोलंबो।** दाएं हाथ के अनकैप्ड तेज गेंदबाज चमिका गुनाशेखरा और मिलन रथनायके को शुक्रवार से अफगानिस्तान के खिलाफ शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा टीम में सलामी बल्लेबाज लाहिरू उदारा और बल्लेबाजी ऑलराउंडर कामिंडु मेंडिस भी शामिल हैं। इस बीच, पथुम निसांका को हटा दिया गया है, जो श्रीलंका की आखिरी टेस्ट टीम का हिस्सा थे, हालांकि उन्होंने 2022 के मध्य से कोई टेस्ट नहीं खेला है। दिलशान मदुशंका, जो वर्तमान में यूएई में आईएलटी20 में खेल रहे हैं, और कुसल परेरा दोनों इस टीम में नहीं हैं। उपुल थरंगा की अध्यक्षता वाली श्रीलंका की नई चयन समिति द्वारा नामित यह पहली टेस्ट टीम है। शुक्रवार से शुरू होने वाला मैच कप्तान के रूप में धनंजय डी सिल्वा का भी पहला मैच होगा। अफगानिस्तान इस टेस्ट के लिए राशिद खान के बिना है। यह पहली बार है जब ये टीमें एक-दूसरे के खिलाफ टेस्ट खेलेंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए श्रीलंकाई टीम इस प्रकार है- धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कुसल मेंडिस, दिमुथ करुणारत्ने, निशान मदुष्का, एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चंडीमल, सदीरा समरविक्रमा, रमेश मेंडिस, असिथा फर्नांडो, विश्वा फर्नांडो, कासुन राजिथा, कामिन्दु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, लाहिरू उदारा, चमिका गुनाशेखरा, मिलन रथनायके।

### अगर कोहली कप्तान होता तो भारत हैदराबाद टेस्ट नहीं हारता: वॉन

**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि अगर विराट कोहली भारत के कप्तान होते तो मेजबान टीम को इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में पहले टेस्ट में हार का सामना नहीं करना पड़ता। उनका मानना है कि रोहित शर्मा मैच के दौरान पूरी तरह से 'खोए' रहे। पहली पारी में 190 रन की मजबूत बढ़त बनाने के बावजूद कोहली के बिना खेल रहे भारत को स्पिन की अनुकूल परिस्थितियों में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा जिससे इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। यह हैदराबाद में भारत की पहली टेस्ट हार थी। कोहली निजी कारणों से शुरुआती मैच में नहीं खेल पाए जबकि विशाखापत्तनम में होने वाले दूसरे टेस्ट में भी नहीं खेलेंगे। वॉन ने यूट्यूब चैनल 'क्लब प्रेयरी फायर' पर कहा, ''उन्हें टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली की कप्तानी की काफी कमी खली। उस हफ्ते विराट की कप्तानी में भारत मैच नहीं हारता। वॉन ने मैच के दौरान रोहित के नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''रोहित एक दिग्गज और महान खिलाड़ी हैं लेकिन मुझे लगा कि वह पूरी तरह खोया हुआ था। वॉन ने पिछले सप्ताह श्रृंखला के शुरूआती मैच के दौरान सक्रिय नहीं रहने के लिए भी रोहित की आलोचना की थी।

# इलेक्ट्रॉनिक 2024 में भारत का 5वां सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बना, मोबाइल फोन कलपुर्जों पर आयात शुल्क घटा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारत ने मोबाइल फोन विनिर्माण में इस्तेमाल होने वाले कलपुर्जों पर आयात शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। इस कदम का मकसद स्थानीय उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देना है। वित्त मंत्रालय ने सेल्युलर मोबाइल फोन के लिए स्क्रू, सिम सॉकेट या धातु की अन्य यांत्रिक वस्तुओं सहित कलपुर्जों के आयात पर शुल्क में कटौती संबंधी अधिसूचना 30 जनवरी को जारी की। इंडियन सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के चेयरमैन पंकज महेंद्रू ने कहा कि यह भारत में मोबाइल विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में सरकार का एक महत्वपूर्ण नीतिगत हस्तक्षेप है। महेंद्रू ने कहा, ''इलेक्ट्रॉनिक 2024 में भारत का 5वां सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बन गया है, जो कुछ साल पहले 9वें स्थान पर था। उन्होंने कहा, '' उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की बदौलत इलेक्ट्रॉनिक निर्यात में 52 प्रतिशत से अधिक मोबाइल का योगदान है। यह पिछले आठ वर्षों के भीतर आयात से निर्यात आधारित विकास में योगदान देने वाला पहला उद्योग है।''

# ऊंची कीमतों के कारण 2023 में भारत की सोने की मांग तीन प्रतिशत घटकर 747.5 टन पर

एजेंसी



मुंबई। भारत में सोने की मांग 2023 में सालाना आधार पर तीन प्रतिशत की गिरावट के साथ 747.5 टन रही है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की 'सोने की मांग का रुझान' रिपोर्ट-2023 के अनुसार, 2022 में देश की कुल सोने की मांग 774.1 टन थी, जो 2023 में 747.5 टन पर आ गई। डब्ल्यूजीसी के क्षेत्रीय मुख्य कार्यपालक अधिकारी (भारत) सोमसुंदरम पी.आर. ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' भारत की 2023 में सोने की मांग तीन प्रतिशत घटकर 747.5 टन रह गई। सोने की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से इसकी मांग प्रभावित हुई है। अक्टूबर में नवरात्रि के दौरान सोने की कीमतों में 'करेक्शन' की वजह से उपभोक्ताओं ने अधिक खरीदारी की। इससे नवंबर में दिवाली के समय सोने की बिक्री तेज रही। उन्होंने कहा, '' हालांकि, दिसंबर में मांग में गिरावट आई क्योंकि सोने की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी का रुख शुरू हो गया है। इसके चलते 2022 की समान अवधि की तुलना में चौथी तिमाही में आभूषणों की मांग में नौ प्रतिशत की गिरावट आई। वर्ष 2023 में सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। चार मई को घरेलू बाजार में सोने की कीमत 61,845 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गईं थी। वैश्विक बाजारों में यह 2,083 डॉलर प्रति औंस पर पहुंची। यह प्रवृत्ति जारी रही और 16 नवंबर को सोने की कीमत 61,914 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। उन्होंने कहा कि 2024 की बात करें तो भारत की सोने की मांग को मौजूदा सकारात्मक आर्थिक स्थितियों से फायदा होना चाहिए। अगर कीमतें ज्यादा अस्थिर नहीं रहीं तो मांग में बड़ा उछाल आने की संभावना है, जो 800-900 टन के बीच कहीं भी हो सकता है।

# नौसेना ने विदेशी जहाजों को डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में दबदबा कायम किया

एजेंसी

नई दिल्ली। लाल सागर में छह साल तक शांति रहने के बाद पिछले दो माह से सोमालियाई समुद्री डाकुओं की हरकतें बढ़ने से दुनिया के सबसे व्यस्त शिपिंग लेन में उथल-पुथल बढ़ गई है। भारतीय नौसेना पिछले एक महीने से लाल सागर में समुद्री व्यापारिक मार्गों को बचाने और सुरक्षित करने में प्रभावी ढंग से काम कर रही है। भारत ने लाल सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोकने के लिए अपने दस से ज्यादा जहाज 'एंटी पायरेसी मिशन' पर तैनात किये हैं। नौसेना ने इस बीच आधा दर्जन से ज्यादा अपहृत विदेशी जहाजों को समुद्री डाकुओं से छुड़ाकर समुद्र में अपना दबदबा कायम किया है। समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर के चारों ओर तैनात हैं। भारतीय नौसेना ने 36 घंटे के भीतर दक्षिणी अरब सागर में दो समुद्री डकैतियों को नाकाम किया है। हूती विद्रोहियों ने इसी हफ्ते ईरानी और पाकिस्तानी नौकाओं को बंधक बनाकर दो बार हमला किया है। इन हमलों के बाद भारतीय नौसेना ने दो माह के भीतर सात अपहृत विदेशी जहाजों को समुद्री डाकुओं से छुड़ाकर चालक दल के सदस्यों को सुरक्षित बचाया है। अरब सागर में कोच्चि से 700 समुद्री मील दूर पश्चिम में सोमालियाई समुद्री डाकुओं ने 28 जनवरी को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एमवी इमान का अपहरण कर लिया था। भारतीय युद्धपोत सुमित्रा ने मछली पकड़ने वाले जहाज इमान को सुरक्षित बचाकर सोमालियाई लुटेरों को निहत्था करके सोमालिया की ओर खदेड़ दिया। इसी तरह कोच्चि से लगभग 850 नॉटिकल मील पश्चिम में दक्षिणी अरब सागर में पाकिस्तानी जहाज अल नईमी और उसके चालक दल के 19 पाकिस्तानी नागरिकों को बंधक बनाए जाने की सूचना मिली। युद्धपोत सुमित्रा ने 29 जनवरी को अपने हेलीकॉप्टर की मदद से अपहृत जहाज को घेरकर पाकिस्तानी चालक दल और जहाज की सुरक्षित रिहाई कराई और 11 समुद्री लुटेरों को भागने के लिए मजबूर कर दिया। भारत के नौसेना कमांडो ने पाकिस्तानी जहाज अल नईमी को समुद्री डाकुओं के चंगुल से मुक्त कराया है। इन दोनों ऑपरेशन में व्यापारिक जहाज़ों को छुड़ाने के साथ ही चालक दल के 36 सदस्यों को सुरक्षित बचाया है, जिसमें 17 ईरानी और 19 पाकिस्तानी नागरिक हैं। भारतीय नौसेना ने 29 जनवरी को ही श्रीलंकाई मछली पकड़ने वाले जहाज 'लोरेंज़ो पुथा 04' को मोगादिशु से लगभग 955 नॉटिकल मील पूर्व में सोमालियाई समुद्री लुटेरों से बचाया। श्रीलंकाई मछली पकड़ने वाले जहाज के अपहरण पर भारतीय नौसेना ने सेशेल्स रक्षा बलों और श्रीलंकाई नौसेना के सहयोग से अपहृत जहाज को सफलतापूर्वक रोका और बचाया। नौसेना ने तत्काल अपहृत जहाज की निगरानी करने के लिए आईएनएस शारदा युद्धपोत के साथ अपने हेलीकॉप्टर एमक्यू-9 बी सी गार्डियन यूएवी को तैनात किया। इसके बाद 3 सशस्त्र समुद्री डाकू गिरफ्तार किए गए और जहाज के 6 सदस्यीय चालक दल को बचा लिया। चालक दल के सभी छह सदस्य सुरक्षित हैं और जहाज को माहे (सेशेल्स) ले जाया गया है।

**लाल सागर में सोमालियाई समुद्री डाकुओं की सक्रियता से शिपिंग लेन में उथल-पुथल बढ़ी**

**समुद्री डकैती रोकने के लिए भारत के दस से ज्यादा जहाज 'एंटी पायरेसी मिशन' पर तैनात**

इसके अलावा पिछले साल दिसंबर में माल्टीज़-ध्वजांकित एमवी रीयून को हाइजैक किया गया, जिसके बाद लाल सागर सुरक्षा स्क्वाड्रन में भाग लेने वाले एक भारतीय जहाज के नेतृत्व में समुद्री लुटेरों का पीछा किया। इस दौरान फायरिंग में एक समुद्री डाकू घायल हो गया और बाद में 17 अन्य समुद्री डाकुओं को खदेड़ दिया गया। ईरान समर्थित हूती उग्रवादियों ने 23 दिसंबर को लाल सागर में दो जहाजों पर ड्रोन हमला किया था, जिसमें गैबॉन के स्वामित्व वाला कच्चा तेल टैंकर एमवी साईबाबा और लाइबेरिया के झंडे वाला एमवी चेम्प प्लूटो जहाज थे।

## राजस्थान के अजमेर दरगाह क्षेत्र से दो बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार

अजमेर। राजस्थान पुलिस ने अजमेर दरगाह क्षेत्र में फर्जी परिचय पत्र के आधार पर किराए पर रह रहे दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पहले भी फर्जी तरीके से भारत में आ चुके हैं। दोनों पिछले दो महीने से अजमेर में व्यवसाय कर रहे थे। अजमेर दरगाह थाने के पुलिस निरीक्षक नरेन्द्र सिंह ने बताया कि फर्जी आईडी में दोनों ने अपने नाम नाहिद शेख और नादिया शेख लिखवा रखे हैं। युवती का असली नाम महमूद अख्तर (30) और युवक का असली नाम नाहिद हुसैन (21) है। दोनों भाई-बहन हैं। दोनों के फर्जी आधार कार्ड में पश्चिम बंगाल के 24 परगना का जिक्र है। दोनों करीब दो महीने से अजमेर में रहकर कपड़ों का कारोबार कर रहे थे। सीआईडी ने शक के आधार पर जांच की तो दोनों के घुसपैठिए होने का खुलासा हुआ। इन्हें मंगलवार शाम को गिरफ्तार किया गया। दोनों के असली आईडी कार्ड भी बरामद कर लिए गए हैं। दोनों घुसपैठिए बांग्लादेश के जिला मुंशीगंज के रहने वाले हैं। युवती पहले भी दो-तीन बार अजमेर आ चुकी है। बांग्लादेशी युवती ने कहा कि वह नौकरी करने के लिए भारत आई थी। बांग्लादेश-भारत बॉर्डर पर एजेंट को 15 हजार रुपये देकर भारत में एंट्री की थी। भारत-बांग्लादेश सीमा के बीच कई एजेंट रहते हैं। पहले भी पैसे देकर भारत में एंट्री ली थी। एजेंट के साथ सौदा होने के बाद वह बॉर्डर पर लगे तारों के नीचे से एंट्री कराते हैं। बांग्लादेश में काम नहीं मिलने के कारण यहां नौकरी करने आते हैं।

## ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की जनता के साथ किया विश्वासघात: भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल में नियंत्रक व महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट पर ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की जनता के साथ विश्वासघात किया है। सुकांत मजूमदार ने कहा कि ममता बनर्जी ने जनता का पैसा खर्च किया लेकिन उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा नहीं किया। इसके साथ पश्चिम बंगाल सरकार ने आपातकालीन निधि से आवंटित 3400 करोड़ रुपये खर्च किए लेकिन नियमों से उलट उसका उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं दिया है। यह लोगों की मेहनत की कमाई का पैसा है, जिसका हिसाब ममता को देना होगा। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि कैग की रिपोर्ट ममता सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करती है। कैग रिपोर्ट में साफ है कि ममता बनर्जी ने जनता का पैसा लूटने की कोशिश की है। ममता बनर्जी ने जनता के विश्वास को तोड़ कर उनके गाल पर करारा तमाचा जड़ा है। हालांकि जब कानून का डंडा जब पड़ता है तो अच्छे - अच्छे भ्रष्टाचारी ठीक हो जाते हैं। उन्होंने कहा ममता के सहयोगी ईडी के साथ सहयोग करने की बजाय सब फरार है। कांग्रेस तो भ्रष्टाचार की जननी है। गौरव भाटिया ने कहा कि कैग की रिपोर्ट में कैग ने स्पष्ट कहा है कि पश्चिम बंगाल में सरकारी खर्चे में पारदर्शिता की कमी है। ममता बनर्जी अपनी जबावदेही से भाग रही हैं। उन्होंने कहा कि कैग की रिपोर्ट के मुताबिक राज्य ने 3.94 लाख करोड़ रुपये में से 2.30 लाख करोड़ खर्च का ब्योरा नहीं दिया। 60 प्रतिशत पैसे के खर्च का हिसाब नहीं दिया गया, जो चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पैसों का सर्वाधिक इस्तेमाल रोहिंग्या को देने, दंगे कराने के लिए और लोगों को डराने में इस्तेमाल किया गया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था ध्वस्त है लेकिन ममता बनर्जी मस्त है।

## आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली। भारतीय जनसंचार संस्थान को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल गया है। आईआईएमसी को शिक्षा मंत्रालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी) की सलाह पर डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किया है। यह आदेश आईआईएमसी नई दिल्ली और जम्मू (जम्मू और कश्मीर), अमरावती (महाराष्ट्र), आइजोल (मिजोरम), कोट्टायम (केरल), और ढेंकनाल (ओडिशा) में स्थित इसके पांच क्षेत्रीय परिसरों पर लागू होगा।

# भोजपुरी में नया धमाका करने को तैयार कुकी इंटरनेशनल फिल्म्स और कॉलटेक्स इंटरनेशनल फिल्म्स

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**एसआरके म्यूजिक कंपनी के एमडी रोशन सिंह ने कंपनी के मुंबई ऑफिस का किया उद्घाटन**

**कंपनी के एमडी नवीन पाठक और गोविंद कुमार गिरी ने एक साथ पांच फिल्मों का किया ऐलान**

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा के बदलते परिवेश में एक नए तेवर के साथ कुछ बेहतर करने के उद्देश्य से कुकी इंटरनेशनल फिल्म्स और कॉलटेक्स इंटरनेशनल फिल्म्स ने भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के साथ ही इतिहास रच दिया है। कुकी इंटरनेशनल फिल्म्स और कॉलटेक्स इंटरनेशनल फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस की ओपनिंग पर नवीन पाठक, गोविंद कुमार गिरी ने एक साथ पांच फ़िल्म बनाने की घोषणा की है। एसआरके म्यूजिक कंपनी के एमडी रोशन सिंह के द्वारा कंपनी के मुंबई ऑफिस का उद्घाटन किया गया।

इस प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म जगत में धमाकेदार एंट्री कर तहलका मचा दिया है। इसक साथ ही एक साल में बैक टू बैक पांच फिल्मों के निर्माण का ऐलान कर दिया है। इन सभी फिल्मों के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू कर दिया गया है। आपको बता दें कि गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर



भोजपुरी फिल्मी सितारों की मौजूदगी में विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ के साथ सत्यनारायण भगवान की पूजा की गई। इसके बाद शुभ मुहूर्त में कुकी इंटरनेशनल फिल्म्स और कैलटेक्स इंटरनेशनल फिल्म्स की मुंबई में ऑफिस ओपनिंग सेरेमनी एसआरके म्यूजिक कंपनी के एमडी रोशन सिंह के करकमलों द्वारा की गई। इस मौके पर प्रमुख अतिथि अशोक गिरी, दिलीप गोस्वामी, आशीष दुबे, लक्ष्मी शंकर मिश्र, फिल्म डायरेक्टर आनंद सिंह, प्रवीण गुडुरी, शिवजीत के सिंह, जीतू जी, संगीतकार ओम झा, संतोष पुरी, डीओपी अयूब खान, साहिल जे अंसारी, अभिनेत्री रीना रानी, निशा झा, पूनम राय, खुशबू यादव, अभिनेता समर्थ चतुर्वेदी, प्रकाश जैस, वैभव राय, बालेश्वर सिंह, जय सिंह, राहुल सिंह, अयाज खान, जेपी सिंह, साहेब लाल धारी सहित इंडस्ट्री के तमाम दिग्गजों ने इस प्रोडक्शन हाउस की तरफ से बेहतर भोजपुरी फिल्मों के निर्माण के पहल की सराहना की और अपनी शुभकामनाएं दी।

# पेज एक का शेष

### ज्ञानवापी ...

नहीं किया। हिंदू पक्ष ने अपनी दलील में कहा था कि तहखाने में मौजूद मूर्तियों की पूजा नियमित रूप से की जानी आवश्यक है।

अभी क्या फैसला आया है?

बुधवार को जिला जज की कोर्ट ने अपने एक आदेश में व्यासजी के तहखाने में पूजा की अनुमति दे दी। ज्ञानवापी स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा किए संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई थी। अदालत ने इस प्रकरण में बुधवार को अपना आदेश सुनाया। तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई है। हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी कहते ने कहा व्यासजी के तहखाने में पूजा करने का अधिकार दिया गया है और कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन करने का आदेश जिला अधिकारी को दिया है।

अब आगे क्या?

वादी अधिवक्ताओं ने कहा है कि व्यासजी के तहखाने को डीएम की सुपुर्दगी में दिया गया है। अधिवक्ताओं के अनुरोध पर कोर्ट ने नंदी के सामने की बैरिकेडिंग को खोलने की अनुमति दी है। ऐसे में अब तहखाने में 1993 के पहले के जैसे पूजा के लिए अदालत के आदेश से आने- जाने दिया जाएगा।

### ज्ञानवापी ...

हटाकर वहां ज्ञानवापी मंदिर लिखा जाय या फिर जब तक न्यायालय का आदेश नहीं आ जाता, तब तक मंदिर अथवा मस्जिद हटाकर केवल ज्ञानवापी लिखा जाय। दल के प्रदेश अध्यक्ष बबलू अग्रहरी ने कहा कि कोर्ट का निर्णय आने तक इसे ज्ञानवापी मस्जिद कहना ग़लत है।

### ज्ञानवापी...

रोहित रंजन अग्रवाल ने वाराणसी की अदालत में श्रृंगार गौरी का मुकदमा दाखिल करने वाली राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को दिया।

ज्ञानवापी में वुजूखाना को छोड़कर पूरे परिसर का तीन महीने तक कोर्ट के आदेश पर एएसआई ने सर्वे किया था। वुजूखाने को कोर्ट के ही आदेश पर सील किया गया था। इसके कारण सर्वे नहीं किया जा सका है। अब वहां पर भी सर्व हिन्दू पक्ष चाहता है। कोर्ट ने वादी पक्ष से पूछा था कि जिला जज के आदेश में क्या कमी है। राखी सिंह की ओर से कहा गया कि सर्वे से विवादित परिसर को कोई नुकसान नहीं होगा क्योंकि एएसआई वैज्ञानिक तरीके से सर्वे कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि श्रृंगार गौरी केस के निस्तारण के लिए वुजूखाना का भी सर्वे कराया जाना बेहद जरूरी है।

कहा गया है कि एएसआई ने जिस तरह विवादित परिसर के अन्य हिस्सों का सर्वे किया है, उसी तरह उसे वुजूखाना का भी सर्वे करने का निर्देश दिया जाए। दलील दी गई कि वुजूखाना के सर्वे से 15 अगस्त 1947 को जो स्थिति थी, उसका सही सही पता चलेगा। वुजूखाना में शिवलिंग आकृति मिलने के दावे के बाद वाराणसी के सिविल जज के आदेश पर वुजुखाना को मई 2022 में सील कर दिया गया था।

जिला जज ने गत वर्ष दिए गए अपने आदेश में वुजूखाना का सर्वे कराने का आदेश देने से इनकार कर दिया था। जिला जज ने याची की अर्जी खारिज करते हुए अपने आदेश में यह भी कहा था कि सुप्रीम कोर्ट ने 17 मई 2022 को उस क्षेत्र की विधिवत सुरक्षा करने का आदेश दिया था जहां 'शिवलिंग' आकृति पाई गई है और इसलिए एएसआई को उस क्षेत्र का सर्वे करने का निर्देश देना उचित नहीं है क्योंकि यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन होगा। पुनरीक्षण याचिका में कहा गया है कि शिवलिंग आकृति को छोड़कर वुजूखाना का सर्वे विवादित संपत्ति के धार्मिक चरित्र का पता लगाने के लिए आवश्यक है इसलिए वहां के सर्वे के लिए एएसआई को निर्देशित किया जाए।

### बजट....

वंदन कानून' को पारित कर बहुत ही गरिमामय निर्णय लिया। 26 जनवरी को भी हमने कर्तव्य पथ पर नारी शक्ति के शौर्य, पराक्रम और संकल्प का अनुभव किया। उल्लेखनीय है कि 17वीं लोकसभा का अंतिम बजट सत्र आज से प्रारंभ होने जा रहा है। नई सरकार के गठन से पूर्व इस बजट सत्र में कल निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी।

### वित्त मंत्री...

अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा से इनकार किया था। सीतारमण ने कहा था कि चुनाव से पहले सिर्फ लेखानुदान पेश होगा। संसद में पारित होने के बाद लेखानुदान से सरकार को अप्रैल-जुलाई अवधि के व्यय को पूरा करने के लिए देश की संचित निधि से आनुपातिक आधार पर राशि निकालने की अनुमति होगी। चुनाव के बाद नई सरकार जुलाई में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट लेकर आएगी। वित्त मंत्री सीतारमण एक फरवरी, 2024 को छठी बार अपना बजट भाषण पढ़ेंगी। गुरुवार को सुबह 8:15 बजे बजट टीम के साथ फोटो सेशन होगा। सुबह 8.45 बजे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाक़ात के बाद वित्त मंत्री 9.15 बजे संसद भवन पहुंचेंगी। सुबह 10 बजे कैबिनेट की बैठक होगी, जिसके बाद वित्त मंत्री सुबह 11 बजे सदन में बजट पेश करेंगी। वित्त मंत्री के बजट भाषण का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज, ऑल इंडिया रेडियो, वित्त मंत्रालय के यू-ट्यूब चैनल, संसद टीवी और हिन्दुस्थान समाचार की वेबसाइट पर लाइव देख सकते हैं।

### सभापति ...

के दौरान उपस्थित रह सकें। सभापति ने श्रीमती जेबी मथेर हिशम डॉ. एल हनुमंथैया नीरज डांगी राजमणि पटेल कुमार केतकरए जी सी चंद्रशेखर विनय विश्वम संदोष कुमार पीएम मोहम्मद अब्दुल्ला जॉन ब्रिटास और ए ए रहीम का निलंबन रद्द किया है। समिति ने अपनी सिफारिश में कहा है कि इन सदस्यों को पहले ही पर्याप्त अवधि की सजा मिल चुकी है। इन सभी सदस्यों को शीतकालीन सत्र के दौरान सदन और आसन की अवमानना के आरोप में निलंबित कर इनका मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था।

### उत्तर...

डिग्री उत्तर अक्षांश के साथ एक गर्त के रूप में देखा जा रहा है। बिहार और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। असम और आसपास के इलाकों पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। 31 जनवरी से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ों पर आ सकता है। इनकी वजह से अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के कारण 1 व 2 फरवरी को हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर खीरी में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। इसके साथ ही सुबह और रात के समय सर्दी पड़ेगी। कोहरा छाये रहने तथा दोपहर में बादलों की आवाजाही के बीच हल्की धूप निकलने के आसार हैं। वहीं तापमान में उतार चढ़ाव जारी रह सकता है। इस बीच सर्दी बनी रहेगी।

उन्होंने बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 25.2 और न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 97 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 47 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रही जिनकी औसत गति 1.0 किमी प्रति घंटा रही।

### छत्तीसगढ़ ...

रियल एस्टेट कारोबारी अजय चौहान के इंपीरियल रिसोर्ट में सुबह 5 बजे दबिश दी। यहां पांच अफसर पूछताछ कर रहे हैं। अजय चौहान के कर्मचारियों के मोबाइल फोन अफसरों ने अपने पास रख लिए हैं। अजय चौहान रियल एस्टेट के क्षेत्र में बड़े कारोबारी माने जाते हैं।

### लोकसभा...

पदों को सार्थक करने के लिए याद किया जाएगा। उधर, लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने भद्रेश्वर तांती (सदस्य, 8वीं लोकसभा) और सोनावणे प्रताप नारायणराव (सदस्य, 15वीं लोकसभा) के निधन पर शोक संदेश दिया।

### आईपीएस...

कुमार कई अहम पदक से भी सम्मानित हुए हैं। कावड़ियों पर पुष्पवर्षा करने के लिए वो काफी सुर्खियों में रहे हैं।

### उप्र में चौथी ...

जगह पूर्णतया अवैधानिक ढंग से नियमों का गंभीर विचलन करते हुए पहले डीएस चौहान, फिर आरके विश्वकर्मा और विजय कुमार को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया। बुधवार को एक बार फिर आईपीएस प्रशांत कुमार को कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि आईपीएस मुकुल गोयल को अचानक पद से हटाये जाने का कोई कारण स्वीकार्य कारण नहीं होना। जाहिर है कि पुलिस तंत्र का दुरुपयोग करने के लिए आतुर सरकार नियमित की जगह कार्यवाहक डीजीपी को अधिक पसंद कर रही है।अमिताभ ने यह आरोप लगाया है कि राज्य सरकार जानबूझकर अनुचित कारणों से नियमों का उल्लंघन कर लगातार कार्यवाहक डीजीपी बनाकर सीधे-सीधे सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवेहलना कर रही है। उन्होंने मांग की है कि राज्य सरकार से पत्राचार करके 15 दिनों के भीतर नियमित डीजीपी नियुक्त किये जाने आदेश दिया जाये। अगर 15 दिनों के अंदर कोई कार्रवाई नहीं होती है तो आजाद अधिकार सेना इस प्रकरण को न्यायालय लेकर जाएगी।

### नरेन्द्र...

किसान मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर योगी ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनते ही मोदी ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। इसके लिए उन्होंने स्वायल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि सिंचाई, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना प्रारंभ हुआ।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वरा है। साथ ही यहां प्रचुर मात्रा में जल की उपलब्धता है। देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। प्रदेश में हमारे 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान प्रदेश में मौजूद हैं। सीमैप निरंतर इन संस्थानों की विजिट करे। इससे संस्थानों में नवाचार और शोध को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने मेले में प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। साथ ही मेले में लगे स्टालों का अवलोकन किया और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 राज्यों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक ब्रिज का काम करेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सीएसआई-आर सीमैप के महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी समेत बड़ी संख्या में देश के विभिन्न राज्यों एवं प्रदेश के विभिन्न जिलों के किसान मौजूद थे।

### पीसीएस...

करने के लिए परिश्रमी और तेजी से फैसले लेने में भी सक्षम होना चाहिए। साथ ही, मामलों का निस्तारण पारदर्शी तथा समयबद्ध ढंग से किया जाना चाहिए। अधिकारियों को व्यवस्था के प्रति जवाबदेह होने के साथ ही, गरीब, कमजोर तथा वंचित वर्ग के हितों के प्रति सचेत व संवेदनशील होना चाहिए।

योगी ने कहा कि आप सभी अधिकारी उस महत्वपूर्ण कड़ी का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जहां आम जनमानस की समस्याओं को बहुत नजदीक से सुनने का अवसर मिलेगा। एक कामन मैन की पीड़ा को सुनने का अवसर प्राप्त होगा। व्यक्ति तभी फ़ेल होता है, जब वह छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज करता है। आपके लिए छोटी सी चीज दूसरे के लिए बड़ी भी हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेत की पैमाइश आपके लिए छोटी हो सकती है लेकिन जिसका परिवार उस खेत पर आश्रित है, यदि कोई दबंग व्यक्ति उस गरीब व्यक्ति के खेत पर जबरदस्ती कब्जा करना चाहता है, वह उस पीड़ित व्यक्ति के लिए बहुत बड़ी घटना होती है। उस स्थिति में खेत की पैमाइश की उसकी मांग उसे तत्काल राहत और न्याय दिला सकती है। राजस्व से जुड़े मामलों को लंबित न रखा जाए। इससे आम आदमी प्रभावित होता है। ऐसे मामलों के लंबित रहने की दशा में तमाम दावेदार आ जाते हैं, जिससे अंततः विवाद की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संवाद लोकतंत्र की ताकत है। हमें इस ताकत का इस्तेमाल करना होगा। आपकी सबसे बड़ी ताकत ह्यूमन इंटेलीजेंस है। आपका व्यावहारिक पक्ष अच्छा है तो जनता की समस्याएं नहीं अटकेंगी और जनप्रतिनिधियों के साथ भी आपका बेहतर संवाद होगा। समस्याओं से जुड़े स्थलों जैसे- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, थाना इत्यादि से संवाद स्थापित कर मेरिट के आधार पर शिकायतों व समस्याओं का निस्तारण करें। समस्याओं के निस्तारण के प्रति आप सभी को आग्रही बनना होगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आईजीआरएस पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन, तहसील दिवस तथा थाना दिवस की व्यवस्था को और प्रभावी बनाया गया है। शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही समस्या के निस्तारण का अंतिम मापदंड है। जनता से प्राप्त शिकायतों में 90 प्रतिशत शिकायतें थाना और तहसील से सम्बन्धित होती हैं। अपने कार्य क्षेत्र में प्रत्येक कार्य दिवस में जनसुनवाई करें।

### राममंदिर...

किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है। राष्ट्रपति ने इस दौरान भारत की चंद्रमा पर लैंडिंग और एशियाई खेलों में प्रदर्शन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, छ्लबीता वर्ष भारत के लिए ऐतिहासिक उपलंब्धियों से भरा रहा है। इस दौरान भारत सबसे तेजी से विकसित होती बड़ी अर्थव्यवस्था बना। भारत, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर झंडा फहराने वाला पहला देश बना। ऐतिहासिक जी-20 सम्मेलन की सफलता ने पूरे विश्व में भारत की भूमिका को सशक्त किया। भारत ने एशियाई खेलों में पहली बार 100 से अधिक मेडल जीते। भारत, दुनिया में सबसे तेजी से 5जी रोलआउट करने वाला देश बना। राष्ट्रपति ने कहा, छ्लपिछले 10 वर्षों में भारत ने राष्ट्र-हित में ऐसे अनेक कार्यों को पूरा होते देखा है जिनका इंतजार देश के लोगों को दशकों से था। राममंदिर के निर्माण की आकांक्षा सदियों से थी। आज यह सच हो चुका है।ङ्क उन्होंने आगे कहा, सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। भारत के इतिहास में भी ऐसे अनेक पड़ाव आए हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना है। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। यह करोड़ों देशवासियों की इच्छा और आस्था का प्रश्न था, जिसका उत्तर देश ने पूरे सद्भाव के साथ खोजा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर से आर्टिकल-370 हटाने को लेकर शंकाएं थीं। आज वे इतिहास हो चुकी हैं। उन्होंने तीन दशक बाद नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण विधेयक) पारित होने के लिए संसद सदस्यों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि इससे लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित हुई है। यह वीमेन लेड डवलपमेंट के सरकार के संकल्प को मजबूत करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि उनकी सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत चार मजबूत स्तंभों - युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसान और गरीब- पर खड़ी होगी।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम सभी बचपन से गरीबी हटाओ के नारे सुनते आ रहे थे। अब हम जीवन में पहली बार बड़े पैमाने पर गरीबी को दूर होते देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। यह प्रत्येक गरीब में नया विश्वास जगाने वाली बात है। जब 25 करोड़ लोगों की गरीबी दूर हो सकती है तो उसकी भी गरीबी दूर हो सकती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि संक्रमण काल में एक मजबूत सरकार होने का क्या मतलब होता है, ये हमने देखा है। बीते 3 वर्षों से पूरी दुनिया में उथल-पुथल मची हुई है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में दरारें पड़ गई हैं। इस कठिन दौर में, मेरी सरकार ने भारत को विश्व-मित्र के रूप में स्थापित किया है। विश्व-मित्र की भूमिका के कारण ही आज हम ग्लोबल साउथ की आवाज बन पाए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार, भारत की युवाशक्ति की शिक्षा और कौशल विकास के लिए निरंतर नए कदम उठा रही है। इसके लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति बनाई गई और उसे तेजी से लागू किया जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा पर बल दिया गया है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून जैसे विषयों की पढ़ाई भारतीय भाषाओं में प्रारंभ कर दी गई है।

# मुख्यमंत्री ने यूसीसी लागू करने से पहले सर्वोच्च पद पर महिला अफसर की ताजपोशी से दिया बड़ा संदेश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री धामी ने यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने से पहले राज्य में नौकरशाही के सर्वोच्च पद पर राज्य में पहली महिला मुख्य सचिव की जिम्मेदारी आईएएस राधा रतूड़ी को सौंपते हुए देवभूमि से मातृशक्ति सम्मान का बड़ा संदेश दिया है। मुख्यमंत्री धामी का यह निर्णय महिला सम्मान, सुरक्षा और महिला प्रधान वाले राज्य की परिकल्पना को साकार कर रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रधानमंत्री मोदी के सशक्त नारी, सशक्त भारत की परिकल्पना पर खरा उतर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में राज्य के 7 से ज्यादा जनपदों में महिला सशक्तिकरण और सम्मान को लेकर मातृ शक्ति वंदन महोत्सव में प्रतिभाग कर महिलाओं की राज्य के विकास में अहम भागीदारी का संदेश जन जन तक पहुंचाया है।

- उत्तराखंड के विकास को लेकर मुख्यमंत्री की कसौटी पर अनुकूल दिखती नई मुख्य सचिव राधा रतूड़ी
- राज्य के 13 जिलों में 7 महिला अधिकारी



यह कार्यक्रम अभी जारी हैं। इसके अलावा राज्य की महिलाओं को नौकरी-पेशे में 30 फीसद आरक्षण देकर मुख्यमंत्री धामी ने पहले ही नारी शक्ति सम्मान पर बड़ा निर्णय ले लिया था। जबकि महिला सुरक्षा, सम्मान और अधिकार को लेकर देश के सबसे बड़े कानून समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की तिथि का भी ऐलान एक दिन पहले मुख्यमंत्री कर चुके हैं। इन बड़े निर्णयों के बाद मुख्यमंत्री धामी ने आज नौकरशाही के सबसे बड़े पद पर राज्य गठन के 23 साल बाद पहली बार मुख्य सचिव की जिम्मेदारी वरिष्ठ महिला अधिकारी आईएएस राधा रतूड़ी को सौंपी है। सरकार का यह निर्णय भी महिलाओं को सशक्त और सम्मान से जोड़कर देखा जा रहा है। इसके पीछे सरकार ने दो फरवरी को यूसीसी के ड्राफ्ट आने और उस पर होने वाले फैसले को लेकर भी अपनी मंशा साफ कर दी है। गौरतलब है कि धामी सरकार ने यूसीसी कानून में महिला सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल किए गया है। अब यूसीसी राज्य में लागू होने जा रहा है तो इसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी बड़ी है। ऐसे में राज्य सरकार ने यूसीसी कानून लागू करने से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विचारधारा पर अनुकूल बैठने, राज्य की रीति-नीति से वाकिफ महिला अफसर को नौकरशाही के सर्वोच्च पद पर स्थापित कर देवभूमि से पूरे देश में बड़ा संदेश दिया है। राज्य के 13 जिलों में 7 महिला अधिकारी- उत्तराखंड इतिहास में पहली बार देखने को मिल रहा कि जिलों में डीएम, एसपी और एसएसपी के पदों पर 7 से ज्यादा महिला अफसर हैं। मुख्यमंत्री धामी ने पहले दिन से ही मातृशक्ति प्रदान उत्तराखंड में महिला अफसरों को जिम्मेदारी दी हैं।

## मुख्यमंत्री से एसएस सन्धू ने की भेंट



देहरादून। मुख्य सचिव के रूप में अपना कार्यकाल पूर्ण होने के अवसर पर डॉ. एसएस सन्धू ने बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सन्धू को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार के कामकाज में उनके ओर से मिले सहयोग के लिए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। मुख्यमंत्री ने सन्धू को कुशल प्रशासक बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में उत्तराखंड ने विकास की नई ऊंचाइयों को हासिल किया है।

## ज्ञानवापी केस : हिन्दू पक्ष को पूजा का अधिकार मिलने पर संतों ने जताई खुशी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

हरिद्वार। ज्ञानवापी केस में वाराणसी जिला कोर्ट का व्यासजी के तहखाने में पूजा का अधिकार हिन्दू पक्ष को मिलने का आदेश आने पर संत समाज ने खुशी जाहिर करते हुए फैसले का स्वागत किया है। मां, गौ गंगा सेवा धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत निर्मल दास महाराज ने कहा कि ब्रिटिश काल से ज्ञानवापी के तहखाने में हिन्दू समाज पूजा करता आया है। कोर्ट के निर्णय के बाद सच्चाई उजागर हुई है। संत समाज कोर्ट के निर्णय का स्वागत करता है। उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी स्थल पर मंदिर था और हमेशा रहेगा। ज्ञानवापी परिसर के अंदर और बाहर देवी-देवताओं की मूर्तियों का मिलना, हिन्दू अभिलेखों का अंकित होना, दीवारों पर त्रिशूलों के निशान और संस्कृत भाषा का लेखन दर्शाता है कि ज्ञानवापी स्थल पर अनादि काल से मंदिर रहा है। पूजा का अधिकार मिलने के बाद हिन्दू समाज को खोई हुई सांस्कृतिक विरासत प्राप्त हो रही है। युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष महंत शिवम महाराज एवं महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री महाराज ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद हिंदू समाज की बड़ी जीत हुई है। संत समाज सहित समस्त सनातन प्रेमियों के लिए हर्ष का विषय है। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से आज न्याय हुआ है। जल्द ही राम मंदिर की तरह ही ज्ञानवापी परिसर में भव्य दिव्य मंदिर का निर्माण होगा। तीस वर्ष से अधिक समय के बाद हिन्दू समाज द्वारा पूजा अर्चना की जाएगी जो देशवासियों के लिए गौरव का दिन होगा। कोर्ट के निर्णय से हिन्दुओं की आस्था का सम्मान हुआ है।

स्वामी ऋषिश्वरानंद, बाबा हठयोगी, स्वामी हरिहरानंद, महंत सुतीक्ष्ण मुनि,महंत सूरज दास, महंत दिनेश दास,महंत गुरमीत सिंह, महंत अरुण दास, महंत अनंतानंद, महंत लोकेश दास, महामनीषी निरंजन स्वामी, स्वामी नित्यानंद, महंत श्रवण मुनि, महंत कृष्ण मुनी सहित अनेक संतों ने कोर्ट के निर्णय पर खुशी जाहिर करते हुए इसे ऐतिहासिक फैसला बताया है।

## सरकार पंजाब को अटल-भू जल योजना में शामिल करे : जौड़ामाजरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। पंजाब के जल संसाधन और भूमि एवं जल संरक्षण मंत्री चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने केंद्र सरकार से फिर अपील की है कि वह भूजल के निरंतर घटने के कारण चिंताजनक स्थिति की ओर बढ़ रहे पंजाब राज्य को अटल-भू जल योजना में शामिल करे। राज्य में भूजल के कम हो रहे स्तर को रोकने और पानी को प्रदूषित होने से बचाने सम्बन्धी राज्य सभा सदस्य संत बलबीर सिंह सीचेवाल के साथ विचार-विमर्श के दौरान चेतन सिंह जौड़ामाजरा ने बताया कि जल संसाधन विभाग द्वारा इस मामले सम्बन्धी कई बार लिखा जा चुका है लेकिन केंद्र सरकार द्वारा कोई सुनवाई नहीं की जा रही। उन्होंने संत सीचेवाल से अपील की कि वह अपने स्तर पर भी केंद्र सरकार के पास राज्य की माँग ज़ोरदार ढंग से उठाएँ। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अटल-भू-जल योजना के अंतर्गत उन राज्यों की मदद की जाती है, जहाँ भूजल की स्थिति गंभीर है परन्तु देश का पेट भरने वाले पंजाब के साथ सौतेली माँ का सुलूक करते हुए केंद्र सरकार ने पंजाब को इस योजना में शामिल ही नहीं किया, जबकि राज्य में भूजल का स्तर निरंतर घटता जा रहा है। इसी दौरान सीचेवाल ने बताया कि जल संसाधनों संबंधी बनी संसदीय समिति में वह मेंबर होने के नाते इस योजना के अंतर्गत पंजाब को बाहर रखे जाने पर पहले भी सख़्त ऐतराज़ जता चुके हैं और पंजाब को इस योजना में शामिल करने के लिये लिख भी चुके हैं। संत सीचेवाल द्वारा सतलुज नदी के धुस्सी बाँध पर पक्की सडक़ बनाने की माँग संबंधी कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को आदेश दिये कि वह तुरंत पंजाब मंडी बोर्ड से सम्पर्क कायम करें ताकि सडक़ बनाने सम्बन्धी आगे की कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने कहा कि दरिया किनारे सड़क बनने से धुस्सी बाँध को मज़बूती मिलेगी और बाढ़ के दौरान दरार पडऩे की घटनाओं को काफ़ी हद तक रोका जा सकेगा।

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मजदूरों को बांटे कंबल





**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने बुधवार को सहस्त्रधारा रोड स्थित आईटी पार्क के समीप उत्तराखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों को कम्बल वितरण किये। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्रमिकों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और हौसला भी बढ़ाया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्रमिकों की सहायता के लिए जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं, यह सुनिश्चित किया जाये कि प्रत्येक पात्र को सुविधाओं का लाभ समय पर मिले। विभिन्न योजनाओं के प्रति उनको जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हमें समाज के हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊपर लाने के लिए निरन्तर प्रयास करने हैं। इस अवसर पर सचिव श्रम आर. मीनाक्षी सुंदरम, महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी, श्रमायुक्त दीप्ति सिंह एवं श्रमिक उपस्थित थे।

## आदमपुर से दिल्ली, गोवा, कोलकाता, जयपुर के लिये शुरू होंगी उड़ानें :शेरगिल

जालंधर। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री जे.एम. सिंधिया ने कहा है कि राज्य के आदमपुर से विभिन्न क्षेत्रों के लिये उड़ानें जल्द ही शुरू होंगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता जयवीर शेरगिल ने कहा कि श्री सिंधिया ने उन्हें 26 जनवरी, 2024 को एक पत्र के माध्यम से जवाब दिया है कि 'उड़ान 5.0' के तहत आदमपुर को दिल्ली - एनसीआर, नांदेड़, बेंगलुरु, कोलकाता और गोवा से जोड़ने वाले मार्गों को चयनित एयरलाइन को प्रदान किया गया है। इसे लेकर संबंधित एयरलाइंस निकट भविष्य में परिचालन शुरू कर सकते हैं। श्री शेरगिल ने यहां एक बयान में कहा कि श्री सिंधिया से मुलाकात के दौरान उन्होंने सभी समुदायों की आस्था और भावनाओं को ध्यान में रखते हुये गुरु रविदास जी की जन्मस्थली और काशी विश्वनाथ मंदिर के पवित्र स्थान के लिये आदमपुर से बनारस तक सीधी उड़ान शुरू करने का अनुरोध पत्र मंत्री को सौंपा था।

## कोहरा के कारण पांच वाहन आपस में टकराए, दो घायल

हरिद्वार। घने कोहरे के कारण हरिद्वार बाइपास पर बड़ा हादसा हो गया। यहां एक के बाद एक पांच वाहन आपस में टकरा गए। हादसा होते ही मौके पर चीख पुकार मच गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। हादसे के कारण हाइवे पर लंबा जाम लग गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने बामुश्किल जाम खुलवाया। हादसा हरिद्वार बाईपास पर ढंडेरी ख्वागजीपुर के सामने हुआ। देर रात हरिद्वार बाईपास पर ढंडेरी ख्वागजीपुर के सामने गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली खराब हो गई। इस दौरान ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर ट्राली को साइड में खड़ी कर सही कर रहा था। घना कोहरा होने के कारण एक कार सहित चार बड़े वाहन ट्रैक्टर से टकरा गए, जिसमें कार और ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइपास पर जाम लग गया। घटना की जानकारी के बाद सिविल लाइंस कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची।

## एसएमजेएन कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



हरिद्वार। एसएमजेएन पीजी कॉलेज में आज आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा कैरियर काउंसलिंग सेल के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान विषय में स्नातक उपरान्त मिलने वाले रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गयी। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विज्ञान संकाय की शिक्षिका डॉ. पूर्णिमा सुन्दरियाल ने विद्यार्थियों को सुझाव दिया कि स्नातक के पश्चात स्नातकोत्तर के अतिरिक्त भी प्रयोगशाला सहायक, ड्रग्स इंस्पेक्टर, कैमिकल अनालिस्ट, फार्मासिस्ट जैसी अनेक प्रकार के रोजगारों को प्राप्त करने के लिए कार्बनिक और अकार्बनिक रसायन विज्ञान में प्रशिक्षण की नितान्त आवश्यकता है। जन्तु विज्ञान के क्षेत्र में रोजगारपरक प्रशिक्षण की जानकारी देते हुए डॉ. यादवेन्द्र ने बताया कि पारम्परिक जीव विज्ञान के अतिरिक्त अनेक प्रकार की विधायें जैसे जैव प्रौद्योगिकी, सूक्ष्म जीव विज्ञान आदि भी स्नातक के पश्चात रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करने में सहायक साबित हो रही है। वनस्पति विज्ञान की शिक्षिका आंकाक्षा पाण्डेय ने भी वनस्पति विज्ञान से जुड़े अनेक रोजगार के अवसरों के बारे में विद्यार्थियों को बताते हुए शिक्षण क्षेत्र में भी रोजगार प्राप्त करने के विषय के बारे में जानकारी दी। पर्यावरण विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. विजय शर्मा ने शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण को रोजगार के अवसर प्राप्त करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बताया। डॉ. शर्मा ने वन्य जीव संस्थान, नीरी, वन अनुसंधान केन्द्र जैसे प्रशिक्षण एवं शोध संस्थानों में मिलने वाली रोजगारी सम्बन्धी अवसरों की जानकारी दी। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी एवं कालेज के प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने आन्तरिक गुणवत्ता आश्वसन प्रकोष्ठ तथा कैरियर काउंसिलिंग सैल को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम हमें पूरी समझबूझ के साथ अपना जीवन लक्ष्य निर्धारित करने और लक्ष्य प्राप्ति की दिशा में निरन्तर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। विनय थपलियाल प्रभारी, करियर कॉर्नर एण्ड प्लेसमेंट सेल ने बताया कि महाविद्यालय में रोजगार से सम्बन्धित ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को सृजनात्मक प्रतिभा एवं क्षमता को विशेष प्रोत्साहन एवं प्रेरणा भी प्रदान करेंगे जिससे इनका मनोबल और मजबूत होगा। भविष्य में छात्र-छात्रा देश के आर्थिक व सामाजिक विकास में विशिष्ट योगदान दे सकेंगे।

## टटेश्वर महादेव मन्दिर और धनसारी गांव में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोपेश्वर। चमोली जिले के डिम्मर सिमली गांव स्थित टटेश्वर महादेव मंदिर और धनसारी गांव में हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जिसमें मंदिर में की गई चोरी का शतप्रतिशत माल भी बरामद कर लिया गया है जबकि धनसारी गांव की चोरी का पूरा सामान बरामद नहीं हुआ है। चोरी का खुलासा करने वाली टीम को पुलिस अधीक्षक ने ढाई हजार रुपये ईनाम की घोषणा की है। वर्चुअल पुलिस के अनुसार 24 जनवरी की रात्रि को टटेश्वर महादेव मंदिर में चोरी की सूचना ग्राम प्रधान राखी डिमरी की ओर से लिखित रूप में थाना कर्णप्रयाग में दर्ज की गई थी। एसपी चमोली की ओर से मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग के देखरेख में मामले की खुलासा करने के लिए टीम बनायी। टीम ने खुलासा करने के लिए विभिन्न माध्यमों का इस्तेमाल करते हुए आरोपित जगदीश सिंह रावत को डिम्मर मार्ग पर एक प्रतिक्षालय के समीप चोरी के माल समेत गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने इस चोरी के साथ ही मई माह में धनसारी पंचायत भवन से की गई चोरी की बात को भी कबूल किया है। आरोपित ने बताया कि वह नशे का आदी है और उसने अपने अन्य साथी के साथ धनसारी पंचायत भवन से सामान चुराया था जिसे आपस में बांट लिया।

## एबीवीपी ने प्रदर्शन जारी रखते हुए कुलपति को ज्ञापन दिया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



देहरादून। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद एसजीआरआर इकाई के कार्यकर्ताओं व एसजीआरआर महाविद्यालय के छात्रसंघ पदाधिकारियों श्री गुरु रामराय विश्वविद्यालय व श्री गुरु रामराय महाविद्यालय से संबंधित समस्याओं को लेकर लगातार दूसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के विभिन्न मुद्दों एवं समस्याओं को लेकर कुलपति से मांग की गई गयी। इन मांगों का छात्रसंघ कुलपति को ज्ञापन सौंपा और उन्हें अवगत कराया कि जब तक समस्त समस्याओं का निवारण नहीं किया गया, तब तक अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। प्रदर्शन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश मंत्री ऋषभ रावत भी पहुंचे। ऋषभ रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया से लेकर प्लेसमेंट तक सभी समस्याओं का तत्काल निस्तारण विश्वविद्यालय को करना होगा। छात्रसंघ अध्यक्ष चन्दन सिंह नेगी ने कहा कि जब तक सभी मांगें नहीं मान ली जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा छात्रसंघ की मांगों में परीक्षा कॉपियों की पुनः जांच हेतु शुल्क 2500 से कम करके 500 रुपये किया जाना, छात्रों को पुनः जांच के लिए केवल दो कॉपियों के बजाए सभी कॉपियों की जांच करायी जा सके ऐसी अनुमति हो। एसजीआरआर एजुकेशन मिशन के अन्तर्गत आने वाले सभी कैंपस में होने वाली सभी प्रकार की भर्तियों में आउटसोर्स अवलोक्य प्राइवेट लिमिटेड को हटाया जाये। अन्य मांगों में फ़ेस्ट के नाम पर लिए गई टिकटों की धनराशि वापस करना, एमबीबीएस के छात्रों से बैंक नाम पर जबरन वसूली बंद की जाए। इस तरह की 12 मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में विद्यार्थी परिषद के छात्रसंघ महासचिव नीरज रतूड़ी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पार्थ जुयाल,पूर्व छात्रसंघ महासचिव नितिन चौहान, राहुल जुयाल, प्रिंस भट्ट, मुकुल नेगी विवि प्रतिनिधि आकाशी मल्ल,अंशुल बहुगुणा,आबिदा रहीम,प्रियांशु रावत, बलवीर कुंवर ,आकाश कुमार,रितिक रावत ,रोहित रावत,साहिल पंवार, आयुषी पैन्यूली, आजाद डोभाल एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने आईटीडीए का औचक निरीक्षण कर 1905 का लिया जायजा

- कंट्रोल रूम से शिकायतकर्ता अल्मोड़ा निवासी लाल सिंह से बात कर समस्या का शीघ्र समाधान करने का मुख्यमंत्री ने दिया आश्वासन
- इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का भी मुख्यमंत्री ने किया अवलोकन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री ने बुधवार को आई.टी.डी.ए का औचक निरीक्षण करते हुए सीएम हेल्पलाइन 1905 और इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का अवलोकन लिया। मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन के कंट्रोल रूम से अल्मोड़ा जनपद के पच्योना गांव के निवासी लाल सिंह की समस्या सुनी। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये कि शिकायत का शीघ्र संज्ञान लेते हुए समाधान किया जाए। लाल सिंह ने सीएम हेल्पलाइन 1905 पर शिकायत की थी कि खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के उनका राशन कार्ड रद्द कर दिया गया है। इसके कारण क्षेत्रीय राशन डीलर उन्हें राशन नहीं दे रहा है। मुख्यमंत्री ने लाल सिंह से बात करते हुए कहा कि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने जिलाधिकारी अल्मोड़ा को निर्देश दिये हैं कि जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा के स्तर पर लंबित इनकी समस्या का समाधान जल्द कराया जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने आई.टी.डी.ए के इन्टीग्रेटेड कमांड और कंट्रोल सेंटर से यातायात व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने यातायात व्यवस्थाओं में लगे सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि यातायात की सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखी जाए। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही भी की जाए। सीएम हेल्पलाइन 1905 के कंट्रोल रूम के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कंट्रोल रूम में कार्य कर रहे कार्मिकों से कहा कि लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित जो भी फोन कॉल आ रहे हैं। लोगों से शालीनता से बात कर उनकी समस्याएं सुने और जिस विभाग से संबंधित शिकायत है, यथा शीघ्र संबंधित विभागों को भेंजे। मुख्यमंत्री हर माह स्वयं सीएम हेल्पलाइन 1905 की विस्तृत समीक्षा करते हैं। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान आई.टी.डी.ए की विभिन्न गतिविधियों का जायजा भी लिया। इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम व उपाध्यक्ष एम.डी.डी.ए बंशीधर तिवारी भी मौजूद थे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय  कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063